सूर्योदय 5:41 सूर्यास्त 7:13

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17 न्यू | 23.5 अधि |
| धर्मशाला | 22.5 न्यू | 31 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,018.72 |
| निफ्टी | 24,722.75 |
| सोना 1,00,167 | चांदी 1,11,900 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




पृष्ठ 3 पर


आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | मंगलवार, 5 अगस्त 2025 | 21 श्रावण, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 218, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702


## न्यूज शॉर्ट्स

### धीरेंद्र शास्त्री को महिला तस्कर कहने वाले पर केस

**एजेंसी, लखनऊ।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्णा शास्त्री को महिला तस्कर कहने वाले लखनऊ यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर के खिलाफ मध्य प्रदेश में एफआईआर दर्ज की गई है। प्रो. रविकांत के खिलाफ मध्य प्रदेश के छतरपुर के बमीठा थाने में बागेश्वर धाम जन समिति के धीरेंद्र कुमार गौर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। हिंदी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर रविकांत ने 31 जुलाई को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट की थी। उन्होंने इसमें लिखा था, 'नॉन बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित छोटा भाई धीरेंद्र शास्त्री धर्म की आड़ में महिला तस्करी कर रहा है।' (अनंत ज्ञान)

### भूपेश बघेल और बेटे को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उनके बेटे चैतन्य बघेल को धनशोधन मामले में जांच और गिरफ्तारी से राहत के लिए छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट का रुख करने को कहा है। बता दें कि यह मामला छत्तीसगढ़ में हुए शराब घोटाले से जुड़ा है, जिसमें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की तरफ से मनी लॉन्ड्रिंग की जांच की जा रही है। सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की पीठ, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची ने हाईकोर्ट से अनुरोध किया कि वह इस मामले की शीघ्र सुनवाई करे और दोनों याचिकाकर्ताओं की मांगों पर जल्द निर्णय दे। (अनंत ज्ञान)

### मनाली में महाराष्ट्र के युवक की मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** महाराष्ट्र के युवक की मनाली में मौत हो गई है। युवक अपने दोस्तों संग चंद्रताल गया था। मृतक की पहचान आकाश नानासाहेब धाबड़े (24) पुत्र नानासाहेब कालू राम धाड़वे, जिला पुणे, महाराष्ट के रूप में हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, आकाश अपने दोस्तों के साथ चंडीगढ़ से मनाली होते हुए चंद्रताल गया था। वापसी में उसे सांस लेने में दिक्कत हुई। ट्रेवल कंपनी ने ऑक्सीजन की भी व्यवस्था की। छतड़ु के पास भूस्खलन से सड़क बंद होने के कारण आकाश को बीआरओ के वाहन में कोसकर पहुंचाया। आकाश के दोस्त प्रभजीत ने उसे कोकसर आर्मी कैंप में प्राथमिक उपचार दिलवाया। अक्षांश आकाश को कोकसर से एंबुलेंस में मनाली लाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने मामले की पुष्टि की है।

## जीत का जश्न



भारत ने ओवल टेस्ट के आखिरी दिन 4 विकेट लेकर 6 रन से मैच जीतकर 5 मैचों की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2-2 से बराबर करा ली। टीम इंडिया की इस रोमांचक जीत में मोहम्मद सिराज का अहम योगदान रहा। सिराज ने दूसरी पारी में 5 विकेट लेकर मैच का रुख पलट दिया। सीरीज के आखिरी मुकाबले के आखिरी दिन सोमवार को इंग्लैंड को जीत के लिए मात्र 35 रन बनाने थे और उसके अभी 4 विकेट बाकी थे, लेकिन मोहम्मद सिराज ने आखिरी दिन 3 विकेट चटकाकर जीत भारत की झोली में डाल दी। (अनंत ज्ञान)

# विमल नेगी मामले की गहराई से जांच करने को सीबीआई ने बनाई 3 सदस्यीय नई टीम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के मुख्य अभियंता विमल नेगी की संदिग्ध मौत के मामले की जांच अब केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने तेज कर दी है। इस मामले की गहराई से पड़ताल के लिए सीबीआई ने एक तीन सदस्यीय नई टीम का गठन किया है।

यह कदम हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद उठाया गया है, ताकि जांच में पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित हो सके। जानकारी के अनुसार, सीबीआई द्वारा गठित इस नई टीम में एक पुलिस उपाधीक्षक, एक निरीक्षक और एक उपनिरीक्षक शामिल हैं। इस दल का मुख्य उद्देश्य मामले से जुड़े महत्वपूर्ण सबूतों को इकट्ठा करना और उनका गहन विश्लेषण करना है।

दल ने नेगी के कार्यकाल से जुड़े कई लोगों से पूछताछ की है और उनके बयान पहले ही दर्ज कर लिए हैं। इसके साथ ही नेगी के संचार से जुड़े दस्तावेज, सरकारी फाइलें और डिजिटल डेटा की भी समीक्षा की जा रही है। न्याय-विज्ञान (फॉरेंसिक) विशेषज्ञ भी डिजिटल उपकरणों की जांच कर रहे हैं, ताकि कोई संभावित सुराग मिल सके।

### अनसुलझे सवालों का जवाब मिलने की उम्मीद



**हिमाचल** प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के मुख्य अभियंता नेगी का शव 18 मार्च को बिलासपुर में गोबिंदसागर झील से बरामद हुआ था, जिसके बाद से ही इस मामले में पारदर्शी जांच की मांग हो रही थी। इस घटना से कई सवाल खड़े हुए थे। अब सीबीआई की नई टीम से यह उम्मीद की जा रही है कि वह इन सभी सवालों का जवाब ढूंढ पाएगी।

### सीबीआई ने 26 मई को दर्ज की थी एफआईआर

**न्यायालय** ने मामले को सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया और यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि हिमाचल कैडर के किसी भी अधिकारी को इस जांच में शामिल न किया जाए। इसके बाद सीबीआई ने 26 मई को अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने और अपराध में कई व्यक्तियों की संलिप्तता के तहत प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज की थी।

# अपने विभागों में हस्तक्षेप से प्रदेश के कई मंत्री नाराज

## दिल्ली में हुई पार्टी की बैठक में राहुल-खड़गे से की शिकायत

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल सरकार और कांग्रेस संगठन को लेकर दिल्ली में सियासी हलचल तेज हो गई है। सोमवार को नई दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं के साथ एक अहम बैठक की। इस दौरान कुछ मंत्रियों ने अपने विभागों के कामकाज में दखलंदाजी और स्वतंत्रता की कमी को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की।

बैठक में कई मंत्रियों ने यह मुद्दा उठाया कि उनके विभागों के कामकाज में बाहरी हस्तक्षेप हो रहा है। उन्होंने विशेष रूप से बोर्ड और निगमों के चेयरमैन व वाइस चेयरमैन द्वारा मंत्रियों के काम में दखल देने की बात कही। इसके अलावा, धरातल पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं को संगठन में उचित स्थान न मिलने का मुद्दा भी जोर-शोर से उठाया गया। इन शिकायतों के बाद कांग्रेस हाईकमान ने प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल को निर्देश दिया है कि वह सभी नाराज नेताओं से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उनकी शिकायतों को सुनें और अपनी रिपोर्ट शीर्ष नेतृत्व को सौंपे।

### प्रदेश अध्यक्ष की दौड़ में आशीष का भी नाम



**कांग्रेस** संगठन में भी बदलाव की सुगबुगाहट है। बैठक में नए प्रदेश अध्यक्ष के लिए कुछ नामों पर चर्चा हुई है। अब तक चर्चा में न रहे आशीष बुटेल का नाम भी अध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल हो गया है। इसके अलावा कुलदीप राठौर, विनय कुमार और विनोद सुल्तानपुरी के नामों पर भी विचार किया जा रहा है।

### हाईकमान की चाह एससी से हो अध्यक्ष

**कांग्रेस** हाईकमान अनुसूचित जाति कोटे से अध्यक्ष बनाने पर जोर दे रहा है, जिससे तीन बार के विधायक रहे विनय कुमार की दावेदारी मजबूत हो गई है। इस बैठक में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, और प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह सहित कई वरिष्ठ नेता और मंत्री मौजूद रहे।

### सत्येंद्र जैन के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला बंद



**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को आम आदमी पार्टी के नेता सत्येंद्र जैन के खिलाफ भ्रष्टाचार का केस बंद कर दिया। स्पेशल जज दिग विनय सिंह ने सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट स्वीकार की। फैसला सुनाते हुए कहा कि 4 साल की जांच के बाद सत्येंद्र जैन के खिलाफ भ्रष्टाचार का कोई सबूत नहीं मिला। दरअसल, सत्येंद्र जैन पर आरोप था कि उन्होंने लोक निर्माण मंत्री रहते हुए नियमों के विरुद्ध विभाग में भर्तियां कराई थीं। इसको लेकर दिल्ली सरकार की विजिलेंस डिपार्टमेंट ने 29 जुलाई 2019 में एफआईआर दर्ज की थी, फिर सीबीआई ने इस मामले में जांच शुरू की थी। (अनंत ज्ञान)

# सराज में 300 मीटर खाई में गिरी कार; 3 लोगों की मौत, दो घायल

**अनंत ज्ञान, गोहर**





मंडी जिले के सराज उपमंडल में जंजैहली-छतरी सड़क मार्ग पर रविवार देर रात एक कार हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा देर रात जंजैहली-छतरी सड़क पर मगरूगला के नजदीक झालरू नाला नामक जगह में पेश आया। कार में सवार पांच युवक जंजैहली से छतरी की तरफ जा रहे थे। जैसे ही कार झालरु नाले के समीप पहुंची, तो वहां पर सड़क धंसने के कारण लगभग 300 मीटर नीचे खाई में जा गिरी। दुर्घटना ग्रस्त कार में देवदत पुत्र संगत राम, यशवंत पुत्र गंगा राम धावन व मंगल चंद पुत्र शाहडी देवी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गुमान सिंह पुत्र प्रेम सिंह, लुदर सिंह पुत्र इंद्र सिंह को घायल अवस्था में लोगों ने नागरिक स्वास्थ्य केंद्र जंजैहली पहुंचाया। उनकी गंभीर अवस्था को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज नेरचौक रेफर कर दिया है। एसडीएम जंजैहली रमेश कुमार ने बताया कि मृतकों के परिजनों को फौरी तौर पर 25-25 हजार व घायलों को 5-5 हजार फौरी राहत प्रदान कर दी गई है। मामले में पुलिस थाना जंजैहली में मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। मृतकों के शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिए गए हैं।

**दोनों घायल लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज नेरचौक रेफर**

### मुख्यमंत्री ने व्यक्त किया शोक

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने इस घटना के दो घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना भी की है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और शोक संतप्त परिजनों को इस अपूर्णीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- भाजपा कार्यकारिणी में महिलाओं और पिछड़ों को मिला प्रतिनिधित्व -पेज 2
- कोटखाई की महिलाएं रच रही हैं आत्मनिर्भरता की नई कहानी -पेज 3
- फाइबर से जुड़ेंगी कांगड़ा और चंबा जिले की 1123 पंचायतें -पेज 5
- बालीचौकी के युवाओं ने बिना प्रचार की प्रभावितों की मदद -पेज 9
- कुशवा पंचायत के नोनू गांव में भूस्खलन से तबाही -पेज 11


# झारखंड के पूर्व सीएम शिबू सोरेन का निधन

## लंबे समय से थे बीमार, गंगाराम अस्पताल में ली आखिरी सांस

**एजेंसी, नई दिल्ली**

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन का निधन हो गया है। वह 81 साल के थे। दिशोम गुरुजी के नाम से प्रसिद्ध सोरेन ने सोमवार को सुबह दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में अंतिम सांस ली। सोरेन पिछले डेढ़ महीने से अस्पताल में भर्ती थे। उन्हें ब्रेन स्ट्रोक हुआ था। इससे उनके शरीर के बाईं ओर पैरालिसिस हो गया था।

वह पिछले एक महीने से लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर थे। न्यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी और नेफ्रोलॉजी के डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही थी। वह किडनी की बीमारी से भी जूझ रहे थे और एक साल से डायलिसिस पर थे। उन्हें डायबिटीज थी और हार्ट की बायपास सर्जरी भी हो चुकी थी।

बीते कुछ दिनों से उनकी हालत गंभीर बनी हुई थी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी व कई अन्य नेताओं ने गंगाराम अस्पताल पहुंचकर शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि दी। शिबू सोरेन के पार्थिव शरीर का रांची में मंगलवार को अंतिम संस्कार किया जाएगा। अंतिम संस्कार में राहुल गांधी और खड़गे शामिल होंगे। (अनंत ज्ञान)

### झारखंड में तीन दिन का राजकीय शोक



**शिबू** सोरेन के निधन पर झारखंड सरकार ने 3 दिन के राजकीय शोक का ऐलान किया है। शिबू सोरेन झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक संरक्षक थे। शिबू सोरेन तीन बार सीएम बने, लेकिन 10 महीने 10 दिन ही सीएम रहे। वह पहली बार सिर्फ 10 दिनों के लिए मुख्यमंत्री बने थे। इसके बाद दूसरी बार 28 अगस्त 2008 को झारखंड के मुख्यमंत्री बने। इस बार उन्हें पांच महीने तक मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठने का मौका मिला। उन्होंने 18 जनवरी 2009 को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया।

### करसोग के दो लोगों की स्क्रब टायफस से मौत

**अनंत ज्ञान, करसोग।** स्क्रब टायफस से आईजीएमसी शिमला में दो मरीजों की मौत हो गई। दोनों मरीज करसोग की ग्राम पंचायत महोग के रहने वाले थे। एक की उम्र 11 और दूसरे की 61 साल थी।



दोनों को कुछ दिन पहले ही अस्पताल में दाखिल कराया गया था। एसडीएम करसोग गौरव महाजन ने बताया कि स्क्रब टायफस से आईजीएमसी शिमला ने करसोग के दो मरीजों की मौत की पुष्टि की है। एसडीएम ने स्वास्थ्य विभाग करसोग की टीम को मंगलवार को महोग क्षेत्र का दौरा करने को लेकर आदेश जारी किए हैं।

# सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी से पूछा सवाल आपको कैसे पता चीन ने हमारी भूमि हड़पी

## लगाई फटकार, कहा-सच्चे भारतीय होते तो ऐसा नहीं कहते

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को जमकर फटकार लगाई है। भारतीय सेना पर टिप्पणी करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी को फटकारा है। अदालत ने कहा कि अगर आप सच्चे भारतीय हैं तो आप ऐसी बातें नहीं कहेंगे।

कोर्ट ने राहुल गांधी से पूछा कि उन्हें कैसे पता चला कि 2000 वर्ग किलोमीटर भूमि पर चीन ने कब्जा कर लिया है? सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी को ऐसे बयान देने से बचने की नसीहत देते हुए कहा, 'आप विपक्ष के नेता हैं, संसद में अपनी बात कहें, सोशल मीडिया पर नहीं।' सेना पर टिप्पणी करने के इस मामले में समन के खिलाफ राहुल गांधी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इस पर न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार और शिकायतकर्ता को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। (अनंत ज्ञान)





### यह है पूरा मामला

**राहुल** गांधी चीन को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा था। राहुल गांधी ने कहा था कि सिर्फ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगता है कि चीन ने देश की जमीन नहीं हड़पी है। उन्होंने कहा था कि भारत के प्रधानमंत्री देश के एकमात्र ऐसे व्यक्ति हैं, जिन्हें लगता है कि चीनियों ने भारत से कोई जमीन नहीं ली है। आगे राहुल ने कहा था कि उनसे आसाम के लोग और लद्दाख के लोग मिले हैं, जिन्होंने इस पर उनसे चर्चा की। एक लद्दाखी प्रतिनिधिमंडल ने स्पष्ट रूप से कहा कि 2000 वर्ग किमी भारतीय क्षेत्र को चीन ने हड़प लिया है।

**खुलासा** वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने संसद के निचले सदन लोकसभा में दी जानकारी

# 5 वर्ष में 7.08 लाख करोड़ की जीएसटी चोरी पकड़ी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय जीएसटी के क्षेत्रीय अधिकारियों ने वित्त वर्ष 2024-25 तक पिछले पांच वर्षों में लगभग 7.08 लाख करोड़ रुपए की कर चोरी का पता लगाया है। इसमें लगभग 1.79 लाख करोड़ की इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) की धोखाधड़ी भी शामिल है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में इससे जुड़े आंकड़े साझा किए। सरकार की ओर से दिए गए आंकड़ों के अनुसार, अकेले वित्त वर्ष 2024-25 में ही सीजीएसटी फील्ड अधिकारियों की ओर से 2.23 लाख करोड़ रुपए से अधिक की वस्तु व सेवा कर (जीएसटी) चोरी का पता लगाया गया है।

पिछले पांच वर्षों (2020-21 से 2024-25) में सीजीएसटी के क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा 91,370 मामलों में लगभग 7.08 लाख करोड़ रुपए की कुल जीएसटी चोरी पकड़ी गई। इस अवधि के दौरान स्वैच्छिक जमा के माध्यम से वसूले गए कर 1.29 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहे। कर चोरी के आंकड़ों में वित्त वर्ष 2021 से वित्त वर्ष 2025 के बीच 44,938 मामलों में लगभग 1.79 लाख करोड़ रुपए की आईटीसी धोखाधड़ी शामिल है। चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार और जीएसटीएन कर चोरी को रोकने के लिए विभिन्न कदम उठा रहे हैं, जैसे ई-इनवॉयसिंग के माध्यम से डिजिटलीकरण, जीएसटी एनालिटिक्स, सिस्टम-फ्लैग्ड मिसमैच के आधार पर आउटलायर्स को उजागर करना, कार्रवाई योग्य खुफिया जानकारी प्रदान करना और जांच के लिए रिटर्न का चयन करना और विभिन्न जोखिम मापदंडों के आधार पर ऑडिट के लिए करदाताओं का चयन करना इत्यादि। चौधरी ने निचले सदन में एक लिखित उत्तर में कहा, 'ये उपाय राजस्व की सुरक्षा और कर चोरी करने वालों को पकड़ने में सहायक हैं।' संशोधित अनुमान (आरई) की तुलना में वास्तविक शुद्ध केंद्रीय जीएसटी संग्रह पर एक सवाल के जवाब में, चौधरी ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में शुद्ध सीजीएसटी संग्रह संशोधित अनुमान का 96.7 प्रतिशत था।

उन्होंने बताया है कि शुद्ध सीजीएसटी में सीजीएसटी, एकीकृत जीएसटी और क्षतिपूर्ति उपकर शामिल हैं। वित्त वर्ष 2025 में वास्तविक संग्रह 10.26 लाख करोड़ से अधिक रहा, जबकि संशोधित अनुमान लगभग 10.62 लाख करोड़ रुपए था। वित्त वर्ष 2024 में शुद्ध सीजीएसटी संग्रह 9.57 लाख करोड़ से अधिक था, जो संशोधित अनुमान 9.56 लाख करोड़ रुपए का 100.1 प्रतिशत था। (अनंत ज्ञान)




### किस साल-कितनी कर चोरी

**चौधरी** ने लोकसभा में बताया कि वित्त वर्ष 2025 में जीएसटी चोरी के 30,056 मामलों का पता चला। इनमें आधे से अधिक या 15,283 मामले आईटीसी धोखाधड़ी से संबंधित थे। इन मामलों में 58,772 करोड़ रुपए की कर चोरी की गई थी। वित्त वर्ष 2023-24 में सीजीएसटी फील्ड अधिकारियों की ओर से 2.30 लाख करोड़ रुपए की जीएसटी चोरी का पता लगाया गया। इसमें 36,374 करोड़ रुपए की आईटीसी धोखाधड़ी शामिल थी। वित्त वर्ष 2023 में लगभग 1.32 लाख करोड़ रुपए की जीएसटी चोरी का पता चला। यह 24,140 करोड़ रुपए के फर्जी आईटीसी दावे से जुड़े थे। वित्त वर्ष 2022 और वित्त वर्ष 2021 में जीएसटी चोरी क्रमशः 73,238 करोड़ रुपए और 49,384 करोड़ रुपए रही। इसमें क्रमशः 28,022 करोड़ रुपए और 31,233 करोड़ रुपए की आईटीसी धोखाधड़ी शामिल है।




## न्यूज ब्रीफ

### हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में घर से सोने व हीरे चोरी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सदर पुलिस थाना हमीरपुर में स्वतंत्र कुमार मौर्या पुत्र रामकरण निवासी हाउस नंबर 34 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी वार्ड नंबर 8 नया नगर हमीरपुर ने शिकायत दर्ज करवाई है कि उसके घर से किसी अज्ञात व्यक्ति ने अवैध प्रवेश करके सोने व हीरे के आभूषणों की चोरी करी गई है। थाना प्रभारी यादेश कुमार ने बताया कि चोरी का मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### सार्वजनिक स्थानों में धूम्रपान करने वालों से वसूला जुर्माना

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला पुलिस हमीरपुर के समस्त थाना व चौकी प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्राधिकार में धूम्रपान व तंबाकू उत्पादों के सेवन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए सभी शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों, बस अड्डों व शैक्षणिक संस्थानों के आसपास के क्षेत्रों व सार्वजनिक स्थलों में औचक निरीक्षण किए गए तथा निरीक्षण के दौरान सार्वजनिक स्थानों में धूम्रपान करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 14 लोगों के चालान करके कुल 1400 रुपए जुर्माना वसूला गया। जिला पुलिस द्वारा लोगों को जागरूक करने के लिए भी सभी थाना क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर नशाखोरी व तंबाकू के सेवन के दुष्प्रभावों को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया है। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान से परहेज करें एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं। उन्होंने कहा कि तंबाकू नियंत्रण अधिनियम का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध पुलिस की यह कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी।

### सुजानपुर कॉलेज में सभी छात्रों ने किया श्रमदान

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा में एकदिवसीय स्वच्छता कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में महाविद्यालय के दोनों परिसरों में सफाई की गई जिसमें महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने भी श्रमदान किया। इस कैंप में महाविद्यालय के चारों ओर से कूड़ा-कर्कट उठाया और अवांछनीय पौधों को काटकर साफ-सफाई की गई। कैंप में परिसर के बाहर और अंदर दोनों ओर सफाई की गई। इस मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर ने छात्रों को इस प्रकार के जनकल्याण के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर कॉलेज के उपप्राचार्य डॉ. जितेंद्र कुमार भनवाल सहित समस्त शैक्षणिक तथा अशैक्षणिक वर्ग, महाविद्यालय के दोनों परिसरों के छात्र उपस्थित रहे।

### प्रिंस डोगरा ने जीता बिग टैलैंट हंट ऑफ हिमाचल



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम जागृति मंच कांगड़ा द्वारा आयोजित बिग टैलेंट हंट ऑफ हिमाचल प्रदेश सीजन- 4 का आयोजन कांगड़ा में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय देहरा में किया गया। इसमें हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों से विभिन्न विभिन्न प्रतिभाओं के बच्चों ने भाग लिया और अपने टैलेंट को उपस्थित जनसमूह के सामने रखा तथा नामी निर्णायक मंडल द्वारा उनके टैलेंट को देखकर विजेता, उपविजेता घोषित किए। इसी कड़ी में योग कैटेगरी में प्रिंस डोगरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और साथ में दिशा डोगरा द्वितीय स्थान पर रही। बता दें प्रिंस डोगरा गांव खियूंद, डाकघर चैरी तहसील सुजानपुर का रहने वाला है और उन्हें रबर बॉय के नाम से भी जाना जाता है। प्रिंस डोगरा पांचवीं कक्षा का छात्र है, जो कि अपनी शिक्षा सुपर मैग्नेट सीनियर सेकेंडरी स्कूल हमीरपुर से प्राप्त कर रहा है। प्रिंस डोगरा अपने योगासनों का प्रशिक्षण कर्म योग शाला हमीरपुर से ले रहा है। प्रिंस डोगरा गांव व शो जीतने पर उसके घर, गांव व आसपास खुशी का माहौल है। इस अवसर पर प्रिंस डोगरा के पिता व प्रशिक्षक शशि कुमार डीपीई ने प्रिंस डोगरा को बधाई देने के साथ-साथ और अधिक कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया व हिम जागृति मंच द्वारा बच्चों को अपना हुनर दिखाने के लिए मंच प्रदान करने के लिए सभा में अतिथिगण और निर्णायक मंडल का धन्यवाद किया।

### वैज्ञानिक मधुमक्खी पालन पर दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय में वैज्ञानिक मधुमक्खी पालन पर सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। इस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन लक्ष्मी जन कल्याण सेवा संस्थान, मुरादनगर गाजियाबाद द्वारा किया गया। इस सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में लगभग 30 प्रशिक्षु वैज्ञानिक पद्धति से मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इस प्रशिक्षण में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में विशेषज्ञों ने बेहतर तरीके से प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम का समापन करते हुए समुदाय सेवा निदेशालय के निदेशक डॉ. गुलशन कुमार शर्मा ने प्रशिक्षुओं को सर्टिफिकेट दिए तथा स्वरोजगार के रूप में मधुमक्खी पालन को कमर्शियल स्तर पर अपनाने व अपनी आर्थिकी सुदृढ़ करने पर जोर दिया तथा सभी को तकनीकी सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। इसके अतिरिक्त, प्रशिक्षणार्थियों को व्यावहारिक अनुभव देने के उद्देश्य से एक बी फार्म का भ्रमण भी करवाया जाएगा, ताकि वे प्रत्यक्ष रूप से मधुमक्खी पालन की कला को सीख सकें और भविष्य में इसका व्यावसायिक रूप से सफल प्रयोग कर सकें। यह प्रशिक्षण शिविर न केवल रोजगार की संभावनाओं को बढ़ावा देगा, बल्कि ग्रामीण विकास और कृषि आधारित उद्योगों को भी मजबूती प्रदान करेगा।

### नाहलवीं स्कूल के 2 छात्रों का नवोदय में चयन

**अनंत ज्ञान, भोटा।** राजकीय प्राइमरी स्कूल नाहलवीं के दो विद्यार्थियों का जवाहर नवोदय स्कूल के लिए चयन हुआ है। जिन दो विद्यार्थियों का चयन हुआ है, उनके नाम हर्षित पुत्री सुरेंद्र कुमार व निखिल कुमार पुत्र सुरेश कुमार हैं। इन दोनों विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्राइमरी स्कूल नाहलवीं के सीएचटी अनिल कुमार, स्कूल के टीचिंग स्टाफ व बच्चों के अभिभावकों ने बधाई दी है।

### महिला योग समिति ने औषधीय पौधों का बताया महत्व

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** श्रद्धेय आचार्य बालकृष्ण जी के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर महिला पतंजलि योग समिति हमीरपुर द्वारा 'जड़ी-बूटी दिवस' समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर समिति ने आयुर्वेद एवं भारतीय संस्कृति को समर्पित भावना के साथ समाज में पर्यावरण जागरूकता और औषधीय पौधों के महत्व को प्रचारित करने का प्रशंसनीय प्रयास किया। कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष रूप से औषधीय पौधों का वितरण किया गया। इन पौधों का वितरण गांव सम्मू, तहसील भोरंज में किया गया, जिसका नेतृत्व पूर्व विधायिका कमलेश कुमारी ने किया। उन्होंने महिला पतंजलि योग समिति के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह समिति न केवल योग को जन-जन तक पहुंचा रही है, बल्कि समाज में भारतीय संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य जागरूकता का एक नया संदेश भी फैला रही है। कार्यक्रम में शामिल प्रमुख सदस्य इस प्रकार रहे जिसमें हेमा शर्मा जिला प्रभारी, अल्का ठाकुर महामंत्री, शशि शर्मा संगठन मंत्री, कुसुम ठाकुर यज्ञ प्रभारी, आशु ठाकुर तहसील प्रभारी, शकर्री देवी महामंत्री मौजूद रहे। कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण श्रद्धा और आध्यात्मिकता से परिपूर्ण हवन यज्ञ रहा, जो आचार्य बालकृष्ण के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। यज्ञ में भाग लेकर लोगों ने पर्यावरण शुद्धि और वैश्विक कल्याण की कामना की।

### संघर्ष समिति के नेताओं के खिलाफ कार्रवाई अलोकतांत्रिक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बिजली बोर्ड पेंशनर्स फोरम जिला हमीरपुर की कार्यकारिणी की बैठक अणू में बिजली बोर्ड पेंशनर्स फोरम के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष व जिला अध्यक्ष कुलदीप सिंह खरवाड़ा की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश शर्मा, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष ई. देश राज शर्मा, महासचिव विजय शर्मा, उपाध्यक्ष कैलाश चंद शर्मा, राजकुमार चौधरी, ई. डीआर धीमान, ई. उत्तम चौहान, ई. देश राज धीमान, मुख्य सलाहकार ई. जेपी चौहान, कोषाध्यक्ष प्रवीण शर्मा, सहसचिव विधि चंद सनोरिया, राकेश शर्मा, रणवीर ठाकुर, चीफ ऑडिटर सुभाष ठाकुर, संगठन सचिव ओपी शास्त्री, ई. आरसी ठाकुर, कार्यकारिणी सदस्य राजकुमार शर्मा उपस्थित रहे। समस्त जिला कार्यकारिणी ने प्रस्ताव पास कर बिजली बोर्ड इंप्लाइज, इंजीनियर, पेंशनर्स के संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक ई. लोकेश ठाकुर, सह संयोजक हीरा लाल वर्मा पर असंवैधानिक व अलोकतांत्रिक तरीके से प्रताड़ित करने के इरादे से जारी की गई चार्जशीट को तत्काल प्रभाव से वापस लेने व संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा शांति पूर्ण तरीके से किए जाने वाले धरना-प्रदर्शनों पर लगाई गई रोक को ट्रेड यूनियन के अधिकारों का हनन बताते हुए अतिशीघ्र हटाने की मांग की गई। संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा 7 अगस्त को किए जा रहे धरना-प्रदर्शन के मद्देनजर पुलिस महानिदेशक को लिखे गए पत्र को कर्मचारियों की आवाज को दबाने का षड्यंत्र करार दिया। इस मौके पर उपस्थित प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह खरवाड़ा ने कहा कि बोर्ड प्रबंधन कर्मचारियों व पेंशनर्स की समस्याओं को लोकतांत्रिक तरीके से वार्ता की मेज पर आपसी संवाद के माध्यम से हल करने की बजाए टकराव का रास्ता अपना रहा है, जोकि अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। बिजली बोर्ड के इतिहास में तमाम मसलों का समाधान वार्ता की मेज पर बोर्ड प्रबंधन द्वारा आपसी संवाद से किया जाता रहा है।

---

### सुजानपुर ब्लॉक में मिलाने की प्रपोजल पर पांच पंचायतों के बाशिंदे विरोध पर उतरे

# हमें हमीरपुर में ही रहने दो...

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



मिनी सचिवालय परिसर में इकट्ठे होकर नारेबाजी करते हुए पांच पंचायतों के लोग और अन्य पंचायत प्रतिनिधि।

**हमीरपुर।** हमीरपुर जिले की पांच पंचायतों के एक सयुंक्त प्रतिनिधिमंडल ने विकास खंड बदलने के विरोध में मुख्यमंत्री को अतिरिक्त जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। उन्होंने यहां मिनी सचिवालय परिसर के बाहर इकट्ठे होकर नारेबाजी भी की और कसम खाई कि यदि सरकार ने उनकी नहीं सुनी, तो वे सरकार के एकतरफा फैसले पर सड़कों पर उतर जाएंगे। उल्लेखनीय है कि हमीरपुर विकास खंड की पांच पंचायतों में से चार पंचायतों जिसमें कुठेड़ा, टिब्बी, देई दा नौण, मझोग सुलतानी को सुजानपुर को सुजानपुर व ख्याह लोहाखरियां को टौणी देवी विकास खंड में शामिल करने की अधिसूचना जारी की गई है, जिसका इन पंचायतों के लोग विरोध कर रहे हैं।

- **दिया ज्ञापन, सुजानपुर में नहीं मिलने की खाई कसम**
- **बोले-हल नहीं हुई समस्या तो सड़कों पर उतरेंगे**

लोगों का कहना है कि हमीरपुर इस क्षेत्र से महज चार पांच किलोमीटर दूर है, जबकि सुजानपुर और टौणीदेवी बीस से पच्चीस किलोमीटर दूर है। इस क्षेत्र की तहसील व थाना भी हमीरपुर है। नजदीक होने की बजह से लोगों को काफी सुविधा मिलती रही है, परंतु सरकार के इस कदम से लोगों को अपने छोटे छोटे कामों जैसे बीपीएल प्रमाण पत्र और अन्य कामों के लिए अब नजदीक की बजाए दूर जाना होगा, जिससे किराये व समय दोनों खर्च होंगे, जिसका क्षेत्र के लोग विरोध कर रहे हैं। लोगों की इस बात को लेकर आम सहमति बन चुकी है कि अगर इस समस्त क्षेत्र को दोबारा हमीरपुर में शामिल नहीं किया गया, तो एक बड़ा और निर्णायक आंदोलन लड़ा जाएगा। इस अधिसूचना को रद्द करवाया जाएगा, ताकि लोगों को भविष्य में कोई परेशानी न हो।

सोमवार के प्रतिनिधिमंडल में अमन जसवाल, गायत्री देवी पूर्व प्रधान कुठेड़ा, रंजन शर्मा पूर्व प्रधान देई दा नौन, बुद्धी सिंह पूर्व उप प्रधान मझोग सुलतानी, सीमा धीमान पूर्व प्रधान ख्याह लोहाखरियां जोगिंद्र कुमार पूर्व जिला परिषद सदस्य सहित सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। उपस्थित जनसमूह ने एक कमेटी का भी गठन किया, जिसका संयोजक अमन जसवाल व सह संयोजक रंजन शर्मा व बुद्धी सिंह को बनाया गया, साथ ही पच्चास सदस्यों की कमेटी भी गठित की गई जो इस अभियान और आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेगी।

जिला परिषद के पूर्व सदस्य जोगिंदर कुमार ने बताया कि लोग बेहद नाराज हैं और वे किसी भी सूरत में इस नई अधिसूचना को लेकर लामबंद हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि बहुत जल्दी फिर से यह सभी लोग इकट्ठे बैठेंगे, कुछ दिनों की मोहल्लत दी जाएगी, उसके बाद अगला फैसला लिया जाएगा।

---

## टीजीटी को मिल रही नाममात्र प्रमोशन

### पदोन्नति सूचियां शीघ्र हों जारी : संघ

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

प्रदेश में प्रारंभिक शिक्षा कैडर में 16318 टीजीटी पद स्वीकृत हैं। इनको प्रमोट होने के लिए प्रवक्ता कैडर में करीब 7500 और हेड मास्टर कैडर में करीब 920 पद उपलब्ध हैं। पिछले 3 साल में 6221 शिक्षक सेवानिवृत्त हुए हैं। प्रवक्ता कैडर में इस समय 3208 पद एवं हेड मास्टर कैडर में 250 से अधिक पद रिक्त हैं, मगर टीजीटी कैडर में फिर भी पदोन्नति प्रक्रिया धीमी है। इसका कारण है कि कोविड के कारण मार्च 2020 से अक्तूबर, 2021 तक पदोन्नति प्रक्रिया थम गई थी और मई, 2023 से जुलाई ,2025 तक टीजीटी की प्रमोशन सूचियां जारी नहीं हुई हैं।

ऐसे में शिक्षक सरकार से अपील कर रहे हैं कि लंबित पदोन्नति सूचियां शीघ्र जारी जाएं। यह मांग राजकीय टीजीटी कला संघ ने प्रदेश सरकार से की है। संघ के प्रदेश महासचिव विजय हीर ने बताया कि टीजीटी से हेडमास्टर प्रमोशन के तहत वर्ष 2018 से 2019 में 124, 2021 में 277, 2022 में 281 और 2023 में 306 मिलाकर कुल 988 टीजीटी या प्रमोटी प्रवक्ता हेडमास्टर बने हैं। इन आदेशों में सर्वाधिक पदोन्नति प्रमोटी प्रवक्ता को मिली हैं जिनको हाईकोर्ट ने विनोद कुमार बनाम हिमाचल सरकार के वर्ष 2012 के निर्णय के तहत बिना विकल्प लिए प्रवक्ता बनाने के बाद हेडमास्टर प्रमोशन हेतु अवसर देने का निर्णय सुनाया था। इस तरह सेवारत टीजीटी को इसमें भी कम अवसर मिला है।

इधर,टीजीटी से प्रवक्ता प्रमोशन में वर्ष 2019 में 356, 2021 में 707, 2022 में 845 और 223 में 401 प्रमोशन हुई है यानि कुल 2312 टीजीटी को ही प्रवक्ता पदोन्नति मिल रही है। 6 सालों में प्रति वर्ष औसतन 352 टीजीटी को प्रवक्ता और 165 टीजीटी को हेडमास्टर बनने का मौका मिल रहा है, जो कि कैडर संख्या के अनुसार टीजीटी से हेडमास्टर के लिए 0.1 प्रतिशत और टीजीटी से हेडमास्टर हेतु 0.2 प्रतिशत है।

संघ ने कहा कि प्रमोशन हेतु अब पदों की संख्या बढ़ाने की जरुरत है। टीजीटी से हेडमास्टर हेतु 400 और टीजीटी से प्रवक्ता हेतु 1600 पदों पर प्रमोशन करते हुए टीजीटी शिक्षकों के हितों की रक्षा करना प्रदेश सरकार के हाथ है। 25 साल से अधिक कार्यकाल के बाद भी टीजीटी को हेडमास्टर और 10 साल टीजीटी कार्यकाल पर प्रवक्ता पदोन्नति की प्रतीक्षा है।

---

## लगातार बारिश से सुजानपुर विस क्षेत्र में कई मकान हुए जमींदोज



जंदड़ू के सुखानी गांव की निवासी प्रीतां देवी का घर भारी बारिश से ढह गया।

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

क्षेत्र में हो रही लगातार बारिश से लोगों की परेशानियां बढ़ती जा रही हैं। सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में कई मकान इस बरसात में जमींदोज हुए हैं।

सोमवार को प्रीतां देवी का मकान पूरी तरह ढह गया। ग्राम पंचायत जंदड़ू के सुखानी गांव की निवासी प्रीतां देवी घटना के समय खेतों में व्यस्त थी, जबकि उनके परिवार के अन्य सदस्य भी घर के बाहर थे। इतने में जोर से आवाज आई और मकान के एक तरफ की दीवार पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर नीचे गिर गई।

पंचायत प्रधान सुरेश कुमार ने बताया कि मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है तथा घर में रखा सामान भी खराब हो गया।

---

## जिले में बरसात से प्राथमिक स्कूलों को 33.78 लाख का नुकसान

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** जिले में भारी बरसात के कारण सड़कों, पेयजल योजनाओं और बिजली की लाइनों को भी नुकसान पहुंचा है, वहीं स्कूलों को भी नुकसान हुआ है। अभी तक मिली रिपोर्ट के अनुसार जिले के प्रारंभिक स्कूलों को लगभग 33 लाख 78 हजार रुपए का नुकसान हो चुका है। जिसकी रिपोर्ट प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय शिमला को भेजी जा चुकी है।

बता दें कि भारी बारिश के कारण कई स्कूलों की छतों से पानी लीक हो रहा है तो कहीं पर डंगे क्षतिग्रस्त हुए हैं। इसके अलावा स्कूलों की छतें टूट गई हैं और पानी भी कमरों में चला गया था। इसके अलावा भारी बारिश से कई स्कूलों के शौचालय टूट गए हैं और बाउंडरी वाल भी क्षतिग्रस्त हो चुकी है। जिला हमीरपुर के 6 शिक्षा खंडों में सबसे अधिक शिक्षा खंड नादौन के स्कूलों में नुकसान हुआ है। शिक्षा खंड नादौन में 11 लाख 40 हजार, शिक्षा खंड भोरंज में 9 लाख 50 हजार रुपए का और उसके बाद बिझड़ी और सुजानपुर के स्कूलों में भारी बारिश ने क्षति पहुंचाई है।



तरकवाडी स्कूल के गिरे डंगे का निरीक्षण करते खंड शिक्षा अधिकारी भोरंज राजकुमार पटियाल।

अभी तक की मिली रिपोर्ट के अनुसार प्रारंभिक शिक्षा विभाग लगातार शिक्षा निदेशालय को इसकी जानकारी दे रहा है। गौर रहे कि सभी स्कूलों में छुट्टियां चली हुई हैं 13 अगस्त से दोबारा से स्कूल खुल जाएंगे। शिक्षा विभाग की माने तो छुट्टियों के बाद ही स्कूलों की मरम्मत का कार्य किया जाएगा।

शिक्षा विभाग से इसके बजट मुहैया करवाया जाएगा उसके बाद ही मरम्मत का कार्य शुरू हो पाएगा। प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक कमल किशोर ने बताया कि जिले के प्राथमिक स्कूलों में लगभग 33 लाख 78 हजार रुपए के नुकसान की रिपोर्ट आई है। उन्होंने बताया कि यह रिपोर्ट प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय शिमला को भेज दी है। छुट्टियों के बाद ही इन स्कूलों में मरम्मत करवाई जाएगी, जिसके लिए बजट का भी इंतजार रहेगा।

### इन स्कूलों में हुआ नुकसान

शिक्षा खंड सुजानपुर के प्राथमिक पाठशाला दादड़, चमियाणा, बीर बगेहड़ा और देहरी डोली, शिक्षा खंड नादौन में प्राथमिक पाठशाला बलडूक, जीहण, रैल, पुतड़ियाल, गौना, बड़ा, चमरैल, शिक्षा खंड बिझड़ी में प्राथमिक पाठशाला ब्याड़, धबड़ियाणा, जिंदवीं ब्रह्मणा, कोटला, बल्ह बिहाल, बनी, घंगोट में नुकसान हुआ है। शिक्षा खंड भोरंज के प्राथमिक पाठशाला तरक्काड़ी को 9 लाख 50 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। इसके अलावा शिक्षा खंड गलोड़ के बढेड़ा थाना स्कूल को नुकसान हुआ है।

---

## ... और बाबा की गुफा में प्रकट हो गए नाग देवता

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** उत्तरी भारत के विश्व प्रसिद्ध सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर में गुफा के पास विराजमान बाबा जी की पिंडी के पास अचानक नाग देवता प्रकट हुए। उस वक्त मंदिर में श्रद्धालु गुफा दर्शन कर रहे थे। पिंडी के पास एक बहुत बड़ा बट वृक्ष भी है, उसी के साथ अंदर को बहुत बड़ी गुफा है, जहां से नाग देवता बाहर निकले। लगभग 15 मिनट तक पिंडी के दर्शन करने के बाद फिर गुफा में चले गए। कहते हैं कि बाबा बालक नाथ ने भी इसी गुफा में शिव की भक्ति की थी, तभी से यहां पर बाबा बालक नाथ का भव्य मंदिर बनाया गया है।

हर साल लाखों श्रद्धालु यहां आकर गुफा के दर्शन करते हैं और बाबा जी का आशीर्वाद प्राप्त करके वापस चले जाते हैं। आजकल सावन का महीना चला हुआ है। इस महीने में ज्यादातर श्रद्धालु शिव भक्ति में भी लीन रहते हैं। बाबा पौणाहारी ने भी भगवान शिव की आराधना की थी। सोमवार को जब मंदिर गुफा में नाग देवता प्रकट हुए तो थोड़ी देर के लिए श्रद्धालुओं में डर का माहौल पैदा हुआ था, परंतु कुछ देर तक बाबा की पिंडी के दर्शन करने के बाद गुफा में वापस चले गए ।



गुफा में 15 मिनट पिंडी के पास रहे नाग देवता।

इसके बाद श्रद्धालुओं ने बिना हिचकिचाहट से फिर गुफा के दर्शन करना शुरू कर दिए। हालांकि श्रद्धालुओं ने नाग देवता की वीडियो भी बनाई। इस दौरान मंदिर प्रशासन वीडियो बनाने को मना भी कर रहा था। मंदिर अधिकारी संदीप कुमार ने कहा कि यहां दो नागों का जोड़ा रहता है। कभी ब्लैक रंग का तो कभी भूरे रंग का सांप वर्ष में एक बार जरूर गुफा से बाहर आता है। कभी भी इस नाग देवता ने न तो श्रद्धालुओं को और न ही पुजारियों को किसी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचा है।

---

## बुढान मंदिर में 9 से शुरू होगी शिव महापुराण कथा

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर उपमंडल के प्राचीन ठाकुरद्वारा राधा कृष्ण मंदिर बुधन में 9 अगस्त से लेकर 17 अगस्त तक महाशिवपुराण कथा का गुणगान किया जाएगा। 9 अगस्त को बिझडी कुआं चौक से बुढान पंचायत घर तक रथयात्रा निकाली जाएगी, जिसमें सैकड़ों श्रद्ालु शामिल होंगे।

इसके उपरांत पंचायत घर से लेकर प्राचीन राधा कृष्ण मंदिर तक कलश यात्रा निकाल जाएगी। कथा का गुणगान क्षेत्र के महाविद्वान पंडित चमन शर्मा करेंगे। यह जानकारी राधा कृष्ण मंदिर कमेटी के प्रधान अजय कुमार शर्मा ने दी।

---

## वेटरनरी फार्मासिस्ट ने फंदा लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**अनंत ज्ञान, बड़सर**

उपमंडल बड़सर की जजरी पंचायत के रोहित कुमार शर्मा आयु 35 वर्ष पुत्र रोशन लाल शर्मा ने रविवार शाम के वक्त फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। बता दें कि मृतक रोहित कुमार शर्मा वेटनरी फार्मासिस्ट के पद पर कार्यरत था, उसके पिता पिछले काफी समय से बीमार चल रहे हैं, जिनका इलाज एम्स बिलासपुर में चल रहा है।



पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रोहित कुमार वर्तमान में गारली नारा दरकोटी में कार्यरत थे और पत्नी अस्मिता शर्मा व दो बच्चों सहित रहते थे। गौरतलव रहे इनकी नियुक्ति लगभग 11 वर्ष पहले पंचायत द्वारा की गई है। अभी तक अस्थायी रूप में सेवाएं दे रहे थे, जिसके कारण भी कुछ परेशान रहते थे।

वहीं, पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच की जा रही है। डीएसपी लालमन शर्मा का कहना है कि आत्महत्या का मामला दर्ज कर पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। शव का पोस्टमार्टम करवा कर डेड बॉडी परिवार जनों को सौंप दी है।

---

## बीटेक की दूसरे चरण की काउंसिलिंग आज से

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में सोमवार को बी.फार्मेसी (डायरेक्ट एंट्री) की दूसरे चरण की काउंसिलिंग के दूसरे दिन हिमाचल प्रदेश कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (एचपीसीईटी) की मेरिट के आधार पर सामान्य श्रेणी, ऑल इंडिया कोटा, ईडब्ल्यूएस, बेटी है अनमोल आदि श्रेणी के अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग हुई।

काउंसिलिंग में उपरोक्त श्रेणी के 80 अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित की गई, जिन्हें छह अगस्त तक संबंधित कॉलेज में रिपोर्ट करनी होगी। बी.फार्मेसी के दूसरे चरण की काउंसिलिंग के अनुसार प्रदेश के सभी सरकारी कॉलेजों की 280 सीटें भरी गई, जबकि 19 निजी कॉलेजों में अभी कुछ सीटें आवंटित खाली है। पांच अगस्त को जेईई मेन के आधार पर बीटेक (डायरेक्ट एंट्री) की दूसरे चरण की काउंसिलिंग शुरू होगी। पहले दिन ओबीसी व एससी मुख्य श्रेणी व उपश्रेणी के अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग के लिए बुलाया है। छह अगस्त को एसटी मुख्य श्रेणी व उपश्रेणी के अलावा ईडब्ल्यूएस व सामान्य श्रेणी के उपश्रेणी के अभ्यर्थियों की काउंसलिंग प्रस्तावित है। वहीं, बी.आर्क की पहले चरण की काउंसलिंग भी पांच अगस्त को प्रस्तावित है। बी आर्क की काउंसलिंग राजीव गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज नगरोटा बगवां (कांगड़ा जिला) परिसर में होगी।

---

## स्वस्थ जीवनशैली ही बीमारियों से बचाएगी : डॉ. विजय

**अनंत ज्ञान, बड़सर**

आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय कुमार ने कहा कि एक स्वस्थ जीवनशैली आपको जीवन भर फलने-फूलने में मदद कर सकती है। हालांकि, स्वस्थ विकल्प चुनना हमेशा आसान नहीं होता, लेकिन यह भी सच है कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाने से बीमारियों से बचा जा सकता है।

स्वस्थ जीवनशैली में संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद, तनाव प्रबंधन और नशीली पदार्थों से परहेज जैसी चीजें शामिल हैं। इन आदतों को अपनाने से कई बीमारियों इवन कैंसर के खतरे को कम किया जा सकता है, फिर भी अगर दवा लेनी पड़े तो कोशिश करें जैनेरिक दवाइयों की तरफ जाना।

- **बिझड़ी में जनऔषधि केंद्र का उद्घाटन**

राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल के चिकित्सक डॉ. विजय कुमार सोमवार को बिझड़ी में प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र के उद्घाटन के मौके पर बतौर मुख्यातिथि पहुंचे थे।

सोसायटी के प्रधान सुरजीत सिंह राणा ने जनऔषधि केंद्र को क्षेत्रवासियों के लिए लाभकारी पहल बताया। उन्होंने उद्घाटन कार्यक्रम में आए लोगों से जनऔषधि केंद्र में मिलने वाली सस्ती दवाओं का लाभ लेने का आग्रह भी किया। वहीं, वशिष्ट अतिथि बिझड़ी पंचायत के प्रधान संजय शर्मा ने जनऔषधि केंद्र खोलने के लिए सोसायटी प्रबंधन को शुभकामनाएं दीं।

बागवानी विभाग बिझड़ी की विभाध्यक्ष मीनाक्षी ठाकुर ने अपने संबोधन में जनऔषधि केंद्र का पूर्ण लाभ उठाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया, साथ ही उन्हें घर में औषधीय पौधे लगाने के लिए भी प्रेरित किया। कार्यक्रम में सोसायटी सचिव प्रिंस ठाकुर, कमेटी सदस्य प्रेम दास, सूरम सिंह, रत्न चंद समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद रहे।

---

**गठन** हमीरपुर भाजपा की संगठनात्मक बैठक में जिला कार्यसमिति की औपचारिक घोषणा, पूर्व मंत्री विपिन परमार रहे मौजूद

# भाजपा जिला कार्यकारिणी में महिलाओं और पिछड़े वर्गों को मिला प्रतिनिधित्व

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

लंबे इंतजार के बाद आखिर सोमवार को भाजपा की जिला कार्यकारिणी का ऐलान को ही गया। यहां एक निजी रिजॉर्ट में जिला भाजपा की संगठनात्मक बैठक इसके अध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में हुई, जिसमें जिला कार्यसमिति की औपचारिक घोषणा की गई। बैठक में विशेष रूप से आमंत्रित भाजपा जिला पर्यवेक्षक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विपिन सिंह परमार तथा सह-पर्यवेक्षक एवं पूर्व प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित ठाकुर की उपस्थिति भी रही।

इस कार्यक्रम में हमीरपुर विधायक आशीष शर्मा, पूर्व विधायक राजिंदर सिंह राणा, विजय अग्निहोत्री, कमलेश कुमारी और उर्मिल ठाकुर सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।



प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए विपिन परमार, राकेश ठाकुर, वीरेंद्र कंवर व अन्य।

पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद स्वरूप, प्यारे लाल शर्मा, देसराज शर्मा, अनिल ठाकुर और रघुवीर सिंह को पार्टी में उनके बहुमूल्य योगदान के लिए सम्मानित किया गया, जिसके बाद जिला अध्यक्ष ने मंच से नवनियुक्त कार्यसमिति सदस्यों के नामों की औपचारिक घोषणा की। इसके बाद प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए विपिन सिंह परमार ने भाजपा हमीरपुर की भावी कार्ययोजना और संगठनात्मक रणनीतियों पर चर्चा की। उन्होंने इस बात पर देते हुए कहा कि नई समिति का गठन भाजपा के समावेशिता, प्रतिनिधित्व और संतुलन के मूल सिद्धांतों को दर्शाता है। जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने बताया कि लैंगिक प्रतिनिधित्व को प्राथमिकता देते हुए 66 नियुक्त सदस्यों में से 23 महिलाएं हैं, जिन्हें जिला इकाई में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इसके अलावा, सामाजिक समता भी सुनिश्चित की गई है, जिसमें अनुसूचित जाति (SC) के सदस्यों को 12 पद और अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) के 4 सदस्य आवंटित किए गए हैं।

### जिला कार्यसमिति में ये पदाधिकारी हैं शामिल

**उपाध्यक्ष**-राजकुमारी ठाकुर, संजीव शर्मा, सुमन चौहान, जगन कटोच, चमन ठाकुर और विपिन अग्निहोत्री। **जिला महासचिव (महामंत्री)**-अजय रिंटू और राजेश सहगल। **कोषाध्यक्ष**-धर्मेंद्र शर्मा। **सचिव**- सुरेंद्र मिन्हास, प्रोमिला कुमारी, रीमा धीमान, मंजीत सिंह ठाकुर, राजेंद्र सिंह और सीमा कुमारी। **कार्यालय सचिव**-होशियार सिंह। **मीडिया प्रभारी**-विक्रमजीत सिंह बन्याल। **जिला प्रवक्ता**-विनोद ठाकुर। **प्रमुख आईटी संयोजक**-अभिषेक दत्त। **आईटी सह-संयोजक**-अश्विनी कुमार। **प्रमुख सोशल मीडिया संयोजक**-रजित भारतीय। **सोशल मीडिया सह-संयोजक**- रजत कुमार। राकेश ठाकुर ने बताया कि उपरोक्त के अलावा, जिला कार्यसमिति में 44 सदस्यों को शामिल किया गया है, जो वरिष्ठ नेतृत्व, जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं, युवा भागीदारी और सामुदायिक विविधता का एक स्वस्थ मिश्रण प्रस्तुत करते हैं।

### धूमल- अनुराग से ली सहमति : विपिन

विपिन परमार ने कहा कि सुक्खू सरकार के काम लोगों के हित वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि लॉटरी को फिर से चालू करके प्रदेश की जनता को बर्बाद करने का एक और कदम इस सरकार ने उठा लिया है, जिसका भाजपा विरोध करेगी। हालांकि उन्होंने प्रदेश में आई आपदा पर प्रदेश सरकार को कोसने के अलावा और कुछ भी कहने से इनकार किया। जब उनसे यह पूछा गया कि निर्माधीन फोरलेन भी इसकी वजह नहीं है, तो उन्होंने कहा कि इस पर केंद्र सरकार अलग से जांच करेगी। जिला कार्यकारिणी के लिए पूर्व मुख्यमंत्री धूमल और सांसद अनुराग की भी सहमति ली गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### सुक्खू सरकार लगातार कर रही स्कूलों को बंद : बिंदल



**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल निर्माता डॉ. यशवंत सिंह परमार की जयंती के अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि आज हिमाचल प्रदेश पहाड़ी राज्यों में विकास के मामले में अग्रणी है और इसका श्रेय डॉ. परमार की दूरदर्शिता को जाता है। डॉ. बिंदल ने परमार के शिक्षा के प्रति समर्पण को भी याद किया और कहा कि उनके प्रयासों से ही हिमाचल की साक्षरता दर पूरे देश में सबसे बेहतर है। डॉ. बिंदल ने मौजूदा सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि यह सरकार लगातार स्कूलों को बंद कर रही है, जो कि डॉ. परमार की शिक्षा नीति के खिलाफ है।

### एसएफआई का 'जॉब ट्रेनी योजना' के खिलाफ प्रदर्शन




**अनंत ज्ञान, शिमला।** स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की हिमाचल प्रदेश राज्य कमेटी ने प्रदेश सरकार की नई 'जॉब ट्रेनी योजना' के विरोध में डीसी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। एसएफआई के राज्य अध्यक्ष अनिल ठाकुर ने इस योजना को युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार, जो प्रतिवर्ष दो लाख नौकरियां देने का वादा करके सत्ता में आई थी, अब उन वादों को पूरा करने में पूरी तरह विफल रही है और इसके बजाय स्थाई नौकरियों को खत्म करने की साजिश रच रही है। एसएफआई ने सरकार से मांग की है कि इस 'जॉब ट्रेनी योजना' को तुरंत रद्द किया जाए, क्योंकि यह स्थाई रोजगार के अवसरों को खत्म करने की एक सोची-समझी रणनीति है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने इस योजना को वापस नहीं लिया तो पूरे प्रदेश में छात्र और युवाओं को संगठित कर एक बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार की होगी।

### कर्मचारियों के लिए नीति बनाने की संसद में उठी मांग

**अनंत ज्ञान, शिमला।** राज्यसभा सांसद और प्रदेश भाजपा महामंत्री, डॉ. सिकंदर कुमार ने संसद में हिमाचल प्रदेश के आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए स्थायी नीति बनाने का मुद्दा उठाया है। उन्होंने सदन में कहा कि प्रदेश के विभिन्न विभागों, बोर्डों और निगमों में करीब 30 हजार कर्मचारी आउटसोर्सिंग के तहत काम कर रहे हैं। ये कर्मचारी नियमित कर्मचारियों की तरह ही काम करते हैं, लेकिन उनके भविष्य पर हमेशा अनिश्चितता की तलवार लटकी रहती है। उन्होंने यह भी बताया कि कई आउटसोर्स कर्मचारी 15-20 सालों से अपनी सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन अभी तक उनके लिए कोई ठोस नीति नहीं बनाई गई है। उन्होंने सदन से मांग की कि इन कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए एक ठोस और स्थायी नीति बनाई जाए। डॉ. सिकंदर ने कहा कि सभी आउटसोर्स कर्मचारी आज भी एक ऐसी नीति का इंतजार कर रहे हैं, जो उनके भविष्य को सुरक्षित कर सके। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार इस मामले पर गंभीरता से विचार करेगी और कर्मचारियों को निराशा से बाहर निकालेगी।

**सांसद सिकंदर कुमार ने उठाया मुद्दा, हजारों कर्मचारियों के भविष्य पर चिंता**

# कोटखाई की महिलाएं रच रही आत्मनिर्भरता की नई कहानी

अनंत ज्ञान स्पैशल

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** कोटखाई क्षेत्र की रतनाड़ी पंचायत में महिला सशक्तिकरण अब सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि एक जमीनी हकीकत बन चुका है। राज्य ग्रामीण विकास विभाग ने महिलाओं को न केवल आर्थिक रूप से मजबूत किया है, बल्कि उन्हें पुरानी लोक संस्कृति और पारंपरिक खान-पान को पुनर्जीवित करने का मंच भी प्रदान किया है।



नारी संगठन रतनाड़ी के साथ पंचायत प्रतिनिधियों का सामूहिक चित्र।

### अन्य महिलाएं भी प्रेरणास्रोत

**वहीं** मीना शर्मा, शारदा शर्मा, कमलेश चौहान, कृष्णा शर्मा, शीला चौहान, रुचि शर्मा, दीक्षा शर्मा, सीमा चौहान, जीना और रजनी चौहान आदि नाम आज कोटखाई में आगे बढ़ रहे हैं। ये महिलाएं मिलकर यह सुनिश्चित कर रही हैं कि यह समूह सिर्फ एक संगठन न रहे, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का एक सशक्त वाहक भी बने।

### नेतृत्व की प्रेरणा अनीता



**नारी** शक्ति संगठन की प्रधान अनीता चौहान इस बदलाव की सूत्रधार हैं। वह कहती हैं, हमारा उद्देश्य है कि जो महिलाएं घर की चौखट तक सीमित थीं, वे हुनर को पहचानें, बाहर निकलें और आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनें। समूह की जंगली बुरांश का जूस, त्योहारों पर हस्तनिर्मित राखियां तैयार करती हैं। हमने शिमला तक स्टॉल लगाए हैं। इससे हमारी आमदनी और आत्मविश्वास भी बढ़ा है।

### जैविक खेती की पहचान पुष्पा शर्मा



**संगठन** में वरिष्ठ सदस्य पुष्पा शर्मा को जैविक खेती की जानकार माना जाता है। वह बिना किसी रसायन के पारंपरिक तरीकों से खेती करती हैं। उन्होंने बताया कि अगर पौधों में कोई रोग लग जाए, तो हम लस्सी का छिड़काव करते हैं।

### परंपरा और स्वाद की संवाहक सुभद्रा चौहान



**सुभद्रा** चौहान समूह की वह वरिष्ठ सदस्य हैं जो पारंपरिक व्यंजनों और फूलों को लेकर आगे रहती हैं। वह कहती हैं, 'हम उन लोक-स्वादों को फिर से जीवित कर रहे हैं, जिन्हें लोग भूल चुके थे। अब यही हमारी पहचान बन रही है, ताकि आने वाली पीढ़ी भी इसे न भूले।

### संगठन की एकजुटता की प्रतीक अनीता सामटा



वरिष्ठ सदस्य अनीता सामटा संगठन की एकजुटता का प्रतीक हैं। वह हर मोर्चे पर सक्रिय रहती हैं। चाहे वह सामूहिक काम हो या नई महिलाओं को प्रेरित करना। उन्होंने बताया कि हम सब मिलकर काम कर रहे हैं और हमारी एकजुटता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है।

### महिला संगठन ने पेश की सशक्त मिसाल : हरिदत्त



**रतनाड़ी**-बाघी पंचायत के बीडीसी सदस्य हरी दत्त ने कहा यह संगठन महिला सशक्तिकरण की मजबूत नींव तैयार कर रहा है। यह संगठन न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रहा है, बल्कि सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। नारी शक्ति संगठन द्वारा चलाए जा रहे नशा विरोधी अभियान प्रभावशाली हैं और युवाओं को सही दिशा में प्रेरित कर रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी यह संगठन अग्रणी भूमिका निभा रहा है। बहरहाल, राज्य ग्रामीण विकास विभाग कोटखाई में आर्थिक सशक्तिकरण, सांस्कृतिक पुनर्जीवन और नारी चेतना का एक जीवंत संगम बन चुका है। यह महिलाओं की शक्ति और संगठन की महत्ता को दर्शाता है।

### प्रदेश में किसानों की आर्थिकी में आई मजबूती, प्राकृतिक खेती को प्राथमिकता

# हिमाचल में गेहूं की 2123 क्विंटल खरीद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

प्रदेश सरकार ने किसानों और ग्रामीणों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं शुरू की हैं। इसी कड़ी में, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के प्रयासों के परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में किसानों ने इस पद्धति को अपनाया है।

वर्तमान वित्त वर्ष में, सरकार ने 838 किसानों से 60 रुपए प्रति किलोग्राम के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 2,123 क्विंटल गेहूं की खरीद की है। इसके लिए किसानों के खातों में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से कुल 1.31 करोड़ रुपए की राशि दी गई है, जिसमें परिवहन अनुदान के रूप में 4.15 लाख रुपए भी शामिल हैं।

जानकारी के अनुसार इसके अलावा, सरकार ने 90 रुपए प्रति किलोग्राम के समर्थन मूल्य पर 127 मीट्रिक टन कच्ची हल्दी और 40 रुपए प्रति किलोग्राम पर 399 मीट्रिक टन मक्की भी खरीदी है, जिसके लिए किसानों को कुल 2.54 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है।



**किसानों को 1.31 करोड़ रुपए किए हस्तांतरित**

**प्राकृतिक खेती के लिए 3 लाख ने लिया प्रशिक्षण**

### 2.22 लाख किसान विभिन्न फसलें प्राकृतिक तरीके से उगा रहे

**अब** तक 3.06 लाख से अधिक किसानों ने इस तरह का प्रशिक्षण हासिल किया है, जिसके परिणामस्वरूप 38,437 हेक्टेयर भूमि को प्राकृतिक खेती के दायरे में लाया गया है। प्रदेश में 2.22 लाख से अधिक किसान अब विभिन्न फसलें प्राकृतिक तरीके से उगा रहे हैं और अच्छी आमदनी कर रहे हैं।

**प्राकृतिक खेती से एक लाख किसानों को जोड़ने का लक्ष्य**

**वर्तमान** वित्त वर्ष के दौरान, सरकार ने एक लाख से अधिक नए किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ने का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए अब तक 88 विकास खंडों में 59,068 किसानों और बागवानों ने पंजीकरण फॉर्म भरे हैं। इससे आने वाले समय प्राकृतिक खेती को लेकर किसानों का रूझान ज्यादा बढ़ेगा।

## जयराम ठाकुर ने लॉटरी लागू करने के फैसले का किया विरोध

अनंत ज्ञान, शिमला

प्रतिपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने विधानसभा स्थित कार्यालय में संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार के लॉटरी लागू करने के फैसले पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि यह फैसला लॉटरी माफिया के दबाव में लिया गया है और यह प्रदेश के लोगों के हित में नहीं है। ठाकुर ने सरकार से यह भी पूछा कि इस फैसले के पीछे क्या लेन-देन हुआ है और किन लोगों का दबाव था।

उन्होंने स्पष्ट किया कि भारतीय जनता पार्टी इस कदम का कड़ा विरोध करती है और इस फैसले को तुरंत वापस लेने की मांग करती है, क्योंकि यह किसी भी तरह से जनहित में नहीं है।

जयराम ठाकुर ने सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि जो सरकार युवाओं को 5 लाख नौकरियां और स्वरोजगार देने का वादा करके सत्ता में आई थी, वह अब अपनी गारंटियों को भूलकर लॉटरी को राजस्व कमाने का जरिया मान रही है।



डॉ. यशवंत सिंह परमार की जयंती पर श्रद्धांजलि देने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जयराम ठाकुर।

**सरकार पर लगाया लॉटरी माफिया के दबाव में काम करने का आरोप**

पूर्व मुख्यमंत्री ने डॉ. यशवंत सिंह परमार की 119वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि भी दी। उन्होंने हिमाचल निर्माता के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनके आदर्शों और रास्तों पर चलकर ही हिमाचल ने विकास की राह तय की है और अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बनाए रखा है।

## पेंशन बहाली का राज्य पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने उठाया मुद्दा

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पुरानी पेंशन योजना की बहाली को लेकर पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने सरकार पर दबाव बढ़ाया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश ठाकुर और महासचिव भूप राम वर्मा ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि पेंशन एक विधिक लाभ नहीं, बल्कि कर्मचारियों को बुढ़ापे में दी जाने वाली सामाजिक सुरक्षा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने 'अनुबंध काल' की गणना न करके लाखों कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना के लाभ से वंचित कर दिया है। एसोसिएशन ने हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा 2024 (एक) में लाए गए अधिनियम की भी कड़ी निंदा की, जिसका विरोध उच्च और उच्चतम न्यायालयों में भी किया जा रहा है।

इसके अलावा अनुबंध सेवा से संबंधित अधिनियम में तत्काल संशोधन कर अनुबंध सेवाकाल को पुरानी पेंशन योजना में शामिल किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने इस बारे में कोई सूचना नहीं दी, तो पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन अपना आंदोलन तेज करेगा।

### क्रमिक अनशन जारी रहेगा : नायक राम शर्मा

**पेंशनर्स** वेलफेयर एसोसिएशन के प्रेस सचिव नायक राम शर्मा ने बताया कि सरकार से मांग पूरी न होने की स्थिति में 1 अगस्त से सभी जिला मुख्यालयों पर क्रमिक अनशन शुरू किया गया है, जो 10 अगस्त तक जारी रहेगा। यदि फिर भी सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे।

## पालमपुर कृषि विश्वविद्यालय को 2 .3 करोड़ का अनुदान मिला : कुलपति

अजय पाल, अनंत ज्ञान




**पालमपुर।** चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर को अनुसंधान नैशनल रिसर्च फाउंडेशन त्वरित नवाचार और अनुसंधान के लिए साझेदारी योजना श्रेणी बी के अंतर्गत 2.3 करोड़ का अनुसंधान अनुदान प्रदान किया गया है।

कुलपति प्रो. नवीन कुमार ने घोषणा की कि अनुसंधान नैशनल रिसर्च फाउंडेशन द्वारा स्वीकृत यह परियोजना, दिल्ली विश्वविद्यालय के साथ-साथ तीन अन्य संस्थानों के सहयोग से एक हब संस्थान के रूप में शुरू की जाएगी। यह पहल राष्ट्रीय अनुसंधान एजेंडे का हिस्सा है जिसका उद्देश्य कृषि चुनौतियों का समाधान करने के लिए अंतः विषय नवाचारों को बढ़ावा देना है।

माइक्रोबायोलॉजी विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. अभिषेक वालिया, प्रधान अन्वेषक के रूप में परियोजना का नेतृत्व करेंगे, जिन्हें आठ सह-प्रधान अन्वेषकों की एक टीम का समर्थन प्राप्त होगा, डॉ. एनके सांख्यान, डॉ. राज पॉल, डॉ. राधिका शर्मा, डॉ. तनुजा राणा, डॉ. आशीष कुमार, डॉ. जोगिंद्र पाल, डॉ. जागृति और डॉ. शर्मिष्ठा ठाकुर।

यह परियोजना पर्यावरणीय स्थिरता पर केंद्रित होगी, जिसका लक्ष्य स्थायी मृदा उत्पादकता, पर्यावरण के अनुकूल कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना और शैक्षणिक क्षमता निर्माण होगा।

## रिज मैदान के संरक्षण के लिए सरकार और नगर निगम को नोटिस जारी

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान को बचाने के लिए राज्य सरकार और नगर निगम से जवाब मांगा है।



पूर्व उप-महापौर टिकेंद्र सिंह पंवार की याचिका में कहा गया है कि रिज के नीचे बना 140 साल पुराना पानी का जलाशय भारी वाहनों और बढ़ती व्यावसायिक गतिविधियों के कारण खतरे में है। 30 जुलाई को जारी इस नोटिस में कोर्ट ने अधिकारियों को चार सप्ताह के भीतर जवाब देने का निर्देश दिया है।

मामले की अगली सुनवाई 3 सितंबर को होगी। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब स्थानीय व्यापारी और दुकानदार भी रिज पर होने वाली प्रदर्शनियों और व्यापार मेलों का विरोध कर रहे हैं। उनका मानना है कि ऐसी गतिविधियां क्षेत्र के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व को नुकसान पहुंचाती हैं।

## आपदा पीड़ितों को जमीन दिलाने की हर संभव कोशिश कर रहे सीएम : नरेश चौहान

अनंत ज्ञान, शिमला

हिमाचल प्रदेश में पिछली आपदा के बाद, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आपदा प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए केंद्र सरकार से बड़ी मदद मांगी है। मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार नरेश चौहान ने बताया कि सुक्खू ने नई दिल्ली में केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव से मुलाकात कर उन परिवारों को कम से कम एक बीघा जमीन आवंटित करने की अनुमति देने का आग्रह किया है, जिन्होंने अपने घर और जमीन खो दिए हैं।



चौहान ने बताया कि प्रदेश का 68 प्रतिशत हिस्सा वन क्षेत्र होने के कारण, प्रभावितों को सुरक्षित स्थानों पर बसाना सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती है। मुख्यमंत्री ने छोटे किसानों और बागवानों के लिए भी विशेष अनुमति मांगी है, ताकि उन्हें कम से कम पांच बीघा जमीन मिल सके और वे सम्मानजनक जीवन जी सकें। नरेश चौहान ने सेब उत्पादकों की मदद के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई और विपक्ष के आरोपों पर भी तीखा हमला बोला। सरकार एचपीएमसी के माध्यम से 12 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से सेब खरीद रही है। उन्होंने जयराम ठाकुर को लॉटरी डील से जुड़े सबूत पेश करने की चुनौती दी और कहा कि भाजपा शासित राज्यों में भी लॉटरी चल रही है, जहां से भाजपा को सबसे ज्यादा चंदा मिलता है।

## ओवल में भारत की जीत वर्षों तक की जाएगी याद : अनुराग

**अनंत ज्ञान, शिमला।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व बीसीसीआई अध्यक्ष, भाजपा सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने इंग्लैंड में भारत व इंग्लैंड की क्रिकेट टीम के बीच चल रहे आखिरी टेस्ट मैच में भारत की जीत को ऐतिहासिक बताया और कहा कि ओवल के मैदान पर भारत की यह जीत वर्षों तक याद की जाएगी।



अनुराग ने कहा 'इंग्लैंड में ओवल के मैदान पर ऐतिहासिक जीत दर्ज करने पर भारतीय टीम को बहुत सारी बधाई व शुभकामनाएं। भारत की यह जीत हमारे खिलाड़ियों की इच्छा शक्ति का प्रमाण है।

**बदलाव** 'हाफ' और 'फुल' जैसे अस्पष्ट शब्दों पर लगेगी रोक

# होटलों में मेन्यू कार्ड पर मिलेगी खाने की सटीक मात्रा

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में होटल और रेस्तरां में खाना खाने वालों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण और राहत भरी खबर है। प्रदेश सरकार ने ग्राहकों के हितों को ध्यान में रखते हुए एक नई व्यवस्था शुरू की है, जिसके तहत अब सभी होटल और रेस्तरां को अपने मेन्यू कार्ड पर कीमत के साथ-साथ परोसे जाने वाले भोजन की मात्रा ग्राम में भी स्पष्ट रूप से लिखनी होगी। यह कदम उपभोक्ता संरक्षण को बढ़ावा देने और ग्राहकों को होने वाले भ्रम को दूर करने के लिए उठाया गया है।

जानकारी के अनुसार अब तक, अक्सर देखा जाता था कि होटलों और रेस्तरां में भोजन की मात्रा को बताने के लिए 'हाफ' या 'फुल' जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया जाता था, जिनकी कोई मानक परिभाषा नहीं होती थी। इसका नतीजा यह होता था कि एक ही डिश अलग-अलग जगहों पर अलग-अलग मात्रा और कीमत में मिलती थी, जिससे ग्राहक अक्सर ठगा हुआ महसूस करते थे। विधिक माप विज्ञान विभाग ने इस समस्या को गंभीरता से लिया और यह सुनिश्चित करने का फैसला किया है कि अब हर डिश की सटीक मात्रा मेन्यू कार्ड पर दर्ज हो। गौरतलब है कि यह आदेश पूरे प्रदेश में लागू हो चुका है। उनका कहना है कि इस नियम का मुख्य उद्देश्य ग्राहकों को यह जानने का अधिकार देना है कि वे जिस कीमत का भुगतान कर रहे हैं, उसके बदले में उन्हें कितना खाना मिल रहा है।

**पारदर्शिता के लिए लागू हुआ नया नियम**




**नियम तोड़ने वालों पर लगेगा भारी जुर्माना, अब ग्राहकों को मेन्यू में मिलेगी पूरी जानकारी**

### होटल मालिकों को जागरूक करने की मुहिम शुरू

**प्रथम** चरण में विभाग ने प्रदेश भर के होटल और रेस्तरां मालिकों को इस नए नियम के बारे में जागरूक करना शुरू कर दिया है और उनसे मेन्यू कार्ड में आवश्यक बदलाव करने का आग्रह किया है।

### औचक निरीक्षण से जांचा जाएगा मेन्यू कार्ड

**दूसरे** चरण में, विभाग औचक निरीक्षण करेगा। यदि किसी होटल या रेस्तरां में मेन्यू कार्ड पर खाने की मात्रा वजन के अनुसार अंकित नहीं पाई जाती है, तो मौके पर ही चालान किया जाएगा। नियम का उल्लंघन करने पर 2,000 रुपये से लेकर 25,000 रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है, जो इस नियम की गंभीरता को दर्शाता है।

## साइबर अपराध रोकने को देश में अब तक 9.42 लाख सिम कार्ड ब्लॉक


**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** देश में साइबर अपराधों को रोकने के लिए अब तक 9.42 लाख सिम कार्ड और 2,63,348 आईएमइआई को ब्लॉक किया गया है। साइबर अपराधियों के ठिकानों के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए प्रतिबिम्ब मैप शुरू किया गया है जिसके माध्यम से अब तक 10,599 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है ।

**केंद्रीय गृह राज्य मंत्री संजय कुमार ने दी जानकारी**

यह जानकारी केंद्रीय गृह राज्य मंत्री संजय कुमार ने राज्य सभा सांसद इंदु गोस्वामी को सदन में दी। उन्होंने बताया कि देश में आर्थिक साइबर अपराधों को रोकने के लिए वर्ष 2021 में सिटीजन फाइनेंसियल साइबर फ्रॉड रिपोर्टिंग एंड मैनेजमेंट सिस्टम गठित किया गया है। इस सिस्टम के माध्यम से अब तक आर्थिक साइबर अपराधों के शिकार हुए 17.82 लाख नागरिकों के 5,489 करोड़ वापस लौटाए गए हैं। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन साइबर फ्रॉड की तत्काल शिकायत के 1930 हेल्पलाइन नंबर शुरू किया गया है।

उन्होंने सांसद इंदु गोस्वामी को सदन में बताया कि केंद्र सरकार साइबर अपराधों से लड़ने के लिए राज्य सरकारों को कैपेसिटी बिल्डिंग के लिए आर्थिक और तकनीकी सहायता प्रदान कर रही है। उन्होंने बताया कि इसके अन्तर्गत 33 राज्यों और केंद्र शाषित राज्यों में साइबर फॉरेंसिक और ट्रेनिंग लैबोरेट्रीज स्थापित कर दी गयी हैं और इन साइबर फॉरेंसिक और ट्रेनिंग लैबोरेट्रीज में अब तक 24600 पुलिस और सम्बन्धित एजेंसियों के अधिकारीयों / कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है ।

Lakshmi Hardware Store




Authorised stockits JK Wall Putty and Paints
Authorised Dealer of Asian Paint ,Ambuja Cement ,Kay2 TMT, Shree Cement Vectus Tanks Evolve Hardware ,Unik Pipe Fitting All Building Material.
Address | Chamba -Tissa road at Gholti ,Post Office Sarol opposite to Mahindra Vehicle Showroom Chamba
Phone Number : 8091717628, 8894524773

निहत्य धार्तराष्ट्रान्नः का प्रीतिः स्याज्जनार्दन।
पापमेवाश्रयेदस्मान्हत्वैतानाततायिनः

हे जनार्दन! धृतराष्ट्र के पुत्रों को मारकर हमें क्या प्रसन्नता होगी? इन आततायियों को मारकर तो हमें पाप ही लगेगा।।



# पहाड़ों की रानी में संकटमोचन धाम जहां हर संकट का होता समाधान

**पहाड़ों** की रानी शिमला अपनी नैसर्गिक सुंदरता और शांत वातावरण के लिए विख्यात है। इस दिव्य भूमि में प्रकृति और आध्यात्मिकता का एक अनूठा संगम देखने को मिलता है। इसी संगम का एक प्रमुख प्रतीक है संकट मोचन हनुमान मंदिर। यह मंदिर न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि यह हिमालय की गोद में स्थित एक ऐसा पावन धाम है, जहां हर आने वाले को मन की शांति और दैवीय ऊर्जा का अनुभव होता है। यह स्थल शिमला-कालका राजमार्ग पर स्थित है, जहां से चारों ओर के हरे-भरे पहाड़ और बर्फीली चोटियों का मनोरम दृश्य मन को मोह लेता है। यहां की हवा में एक अलौकिक सुगंध और शांति का अनुभव होता है, जो हर यात्री को एक अलग ही दुनिया में ले जाता है।

### मन को भाए, शांति लाए शिमला की वादियों में समाए



## आस्था की अद्भुत कहानी, बाबा नीम करोली की कृपा निशानी

**इस** मंदिर का इतिहास भी इसकी भव्यता के समान ही रोचक है। इसका निर्माण प्रसिद्ध संत बाबा नीम करोली जी महाराज की प्रेरणा से हुआ था। कहते हैं कि बाबा ने यहां लगभग दस दिनों तक गहन तपस्या की थी, जिसके बाद उन्होंने इस पावन भूमि पर मंदिर की स्थापना का आदेश दिया। वर्ष 1962 में इसका निर्माण कार्य शुरू हुआ और 21 जून 1966 को इसका भव्य उद्घाटन हुआ। इस मंदिर का नाम 'संकट मोचन' इसलिए रखा गया है, क्योंकि यहां आने वाले भक्तों का विश्वास है कि भगवान हनुमान उनके सभी कष्टों और संकटों को दूर करते हैं।



## लंगर और मिलन का धाम, सेवा में भी है इसका नाम

**मंदिर** की एक और विशेषता इसका सामाजिक स्वरूप है। यहां एक तीन मंजिला इमारत है, जिसका एक हिस्सा लंगर और प्रसाद हॉल के लिए उपयोग होता है। लंगर में सभी भक्तों को प्रेमपूर्वक भोजन कराया जाता है, जो सेवाभाव का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। इमारत की अन्य मंजिलों का उपयोग सामाजिक कार्यों जैसे विवाह समारोहों के लिए भी किया जाता है, जो इसे केवल एक पूजा स्थल से कहीं अधिक बनाता है।

## हनुमान संग सब देव विराजे भक्तों के संकट सब भाजे

**यह** मंदिर केवल भगवान हनुमान को ही समर्पित नहीं है, बल्कि यहां भगवान श्रीराम, सीता, लक्ष्मण, विघ्नेश्वर गणेश, भगवान शिव और स्वयं बाबा नीम करोली महाराज की भी मूर्तियां स्थापित हैं। परिसर अत्यंत विशाल और सुंदर है, जहां एक साथ अनेक देवी-देवताओं के दर्शन का सुख प्राप्त होता है। यहां हर दिन भक्तों की भीड़ लगी रहती है, विशेषकर हनुमान जयंती और अन्य धार्मिक पर्वों के दौरान।

## सफर हो सुगम, हर बाधा हो खत्म

**यदि** आप शिमला के इस दिव्य मंदिर के दर्शन करना चाहते हैं, तो मार्च से जून के बीच का समय सबसे उत्तम माना जाता है, जब मौसम सुहावना होता है और आप प्राकृतिक सौंदर्य का भरपूर आनंद ले सकते हैं। मंदिर तक पहुंचने के लिए वायु, रेल और सड़क तीनों मार्गों का उपयोग किया जा सकता है। निकटतम हवाई अड्डा शिमला का जुब्बरहट्टी हवाई अड्डा है, जबकि शिमला रेलवे स्टेशन मंदिर से लगभग 6 किलोमीटर दूर है। यदि आप सड़क मार्ग से यात्रा कर रहे हैं, तो दिल्ली, चंडीगढ़ और धर्मशाला जैसे प्रमुख शहरों से बसें और टैक्सी सेवाएं आसानी से उपलब्ध हैं।

## मंदिर की महिमा अपरंपार भक्तों का होता उद्धार

**अंत** में यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी कि संकट मोचन हनुमान मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि एक ऐसा अनुभव है, जो मन को शांत करता है और आत्मा को पुनर्जीवित करता है। यहां की शांति, प्राकृतिक सुंदरता, और आध्यात्मिक ऊर्जा का संगम हर किसी को एक अविस्मरणीय स्मृति प्रदान करता है। यह मंदिर शिमला की पहचान और गौरव का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो हर यात्री को अपने आकर्षण से बाँध लेता है।

प्रस्तुति : सत्यदेव भारद्वाज, शिमला

### पवित्रा एकादशी व्रत

# कथा सुनने से मिलता है वाजपेई यज्ञ का फल

**पवित्रा** एकादशी श्रावण मास में मनाई जाती है। पवित्रा एकादशी व्रत की कथा सुनने से वाजपेई यज्ञ के समान शुभ फल प्राप्त होता है। भगवान श्रीकृष्ण ने युधिष्ठिर को इस व्रत का महत्व समझाया था। भगवान कृष्ण कहते हैं कि यदि कोई व्यक्ति श्रद्धापूर्वक इस व्रत को रखता है, तो उसे संतान की प्राप्ति होती है।



**प्राचीनकाल** में सुकेतुमान नाम का एक राजा था। राजा की कोई संतान नहीं थी और वह हमेशा इसी चिंता में रहता था। एक दिन वह शांति की तलाश में जंगल में गया। अचानक उसे प्यास लगी और वह पानी पीने के लिए नदी ढूंढने लगा। उसे नदी तो नहीं मिली, लेकिन उसे एक आश्रम जरूर मिल गया, जो साधुओं का था। राजा ने ऋषियों का आदर-सत्कार किया। ऋषियों ने राजा को आशीर्वाद दिया। सुकेतुमान ने ऋषियों से उनके एकत्र होने का कारण पूछा। ऋषियों ने बताया कि वे पास की एक नदी में स्नान करने के लिए एकत्रित हुए हैं। ऋषियों ने बताया कि आज पुत्रदा एकादशी है और माघ मास का स्नान पांच दिन बाद शुरू होगा। इस व्रत को करने से संतान की प्राप्ति होती है। राजा ने ऋषियों से आशीर्वाद मांगा। ऋषियों ने सुकेतुमान से कहा कि यदि वह संतान की कामना रखते हैं तो यह व्रत रखें। सुकेतुमान ने ऋषियों की बात मानकर पूरी श्रद्धा और भक्ति से व्रत रखा। यदि संतान प्राप्ति में बाधा आ रही हो और संतान सुख न मिल रहा हो, तो इस व्रत को रखने से सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। इस व्रत को रखने वाले व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति होती है।

# हरिग्रीव जयंतीः भगवान विष्णु का अद्भुत अवतार

हरिग्रीव जयंती सावन मास की पूर्णिमा तिथि को मनाई जाती है। भगवान विष्णु के दस अवतारों में से एक, हरग्रीव अवतार ने वेदों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भगवान के इस रूप का वर्णन आधा मनुष्य और आधा घोड़े के सिर वाला है। दोनों का यह संयोजन पुरुष और प्रकृति, दोनों की रचना और इस संयोजन से निकलने वाली ऊर्जा को दर्शाता है। विष्णु ने यह अवतार मधु और कैटुभ नामक दो राक्षसों से ब्रह्मांड की रक्षा के लिए लिया था, जिन्होंने वेदों को चुरा लिया था।



**एक** समय की बात है, जब पृथ्वी चारों ओर से जल में डूबी हुई थी। उस समय भगवान विष्णु ने सृष्टि की रचना करने का निर्णय लिया। सृष्टि की रचना करते समय उन्हें नींद आ गई। कुछ समय पश्चात भगवान के कानों से दो राक्षस प्रकट हुए। एक का नाम मधु और दूसरे का नाम कैटभ था। दोनों राक्षस ब्रह्मा जी को वहां उपस्थित देख लेते हैं और ब्रह्मा जी से वेदों को चुराकर अदृश्य हो जाते हैं। वेदों के लुप्त होने से ज्ञान का अंत हो जाता है और संपूर्ण ब्रह्मांड अंधकार में डूब जाता है। चारों ओर अज्ञान का आवरण छाने लगता है। ब्रह्मांड का यह रूप देखकर ब्रह्मा जी चिंतित हो जाते हैं। वेद ब्रह्मा जी के नेत्र हैं। इनके अभाव में ब्रह्मा जी को ब्रह्मांड का निरीक्षण करने में कठिनाई होती है।

वेदों को पुनः प्राप्त करने के लिए ब्रह्माजी भगवान विष्णु का आह्वान करते हैं। परिणामस्वरूप, भगवान विष्णु जागृत होते हैं। फिर वे दैत्यों से वेदों को पुनः प्राप्त करने के लिए हरिग्रीव अवतार लेते हैं। इस प्रकार भगवान विष्णु वेदों की रक्षा करते हैं। एक अन्य कथा के अनुसार भगवान विष्णु का सिर उनके धड़ से अलग हो जाता है और उस पर घोड़े का सिर लग जाता है, इसलिए उन्हें हयग्रीव कहा जाता है। कथा इस प्रकार है- शौनक आदि ऋषि सूत जी से श्री विष्णु के सिर के अलग होने की कथा पूछते हैं। वे कहते हैं, हे सूत जी! मेरे मन में जो भी संशय है, उसे दूर कीजिए कि श्री विष्णु का सिर उनके धड़ से कैसे अलग हुआ और उनका नाम हयग्रीव कैसे पड़ा। ऐसा चमत्कार कैसे हो सकता है? भगवान विष्णु जिनकी स्तुति वेदों द्वारा की जाती है, जिन पर देवता निर्भर हैं, जो सभी कारणों के मूल कारण हैं। उनका भी सिर कटना कैसे संभव है? हमें यह जानना है, इसलिए हमें यह कथा विस्तार से बताइए। इस पर सूतजी उत्तर देते हैं। यह घटना स्वयं भगवान विष्णु की रचना थी। एक बार वर्षों तक दैत्यों से युद्ध करने के बाद भगवान विष्णु को निद्रा आ गई। वे पद्मनासन में, धनुष पर सिर रखकर, सो गए। उस समय इंद्र और अन्य देवता एक यज्ञ आरंभ करते हैं। भगवान ब्रह्मा और भगवान शिव को भी यज्ञ में आमंत्रित किया जाता है। जब देवता भगवान विष्णु को आमंत्रित करने वैकुंठ जाते हैं, तो उन्हें यह देखकर आश्चर्य होता है कि भगवान विष्णु वैकुंठ में मौजूद नहीं हैं। तब देवता भगवान विष्णु का पता लगाने के लिए तप करते हैं। भगवान विष्णु को योगनिद्रा में सोते देख, देवतागण, ब्रह्मा और शिव चिंतित हो गए। वे दुविधा में पड़ गए कि भगवान विष्णु को जगाने से वे क्रोधित हो जाएंगे। इस समस्या के समाधान के लिए, ब्रह्माजी ने वामरी कित्त नामक एक कीट उत्पन्न किया, जिससे धनुष का अग्र भाग कट जाए। इससे धनुष ऊपर उठ जाता और भगवान विष्णु जाग जाते।

ब्रह्मा जी ने कीड़े को धनुष काटने का आदेश दिया। आदेशानुसार, वामरी ने धनुष का वह भाग काट दिया जो जमीन पर टिका हुआ था। धनुष ऊपर उठा और भयंकर ध्वनि हुई। भगवान विष्णु का सिर मुकुट सहित लुप्त हो गया। भगवान विष्णु का सिर-विहीन शरीर देखकर देवता अत्यंत चिंतित हो गए। ब्रह्मा जी ने वेदों को आदेश दिया कि वे महामाया देवी का आह्वान करें और उन्हें प्रसन्न करें। वेदों ने ब्रह्मा जी के निर्देशों का पालन किया। इससे महामाया देवी प्रसन्न होती हैं और कहती हैं कि हर चीज का कोई न कोई कारण होता है। भगवान हरि का सिर इसलिए काटा गया, क्योंकि एक बार उन्होंने अपनी सुंदर पत्नी लक्ष्मी के चेहरे पर हंसा था। इससे लक्ष्मी का क्रोध और बढ़ गया और उन्होंने भगवान विष्णु को श्राप दे दिया। श्राप के अनुसार, भगवान विष्णु का सिर धड़ से अलग हो जाएगा। यही कारण है कि भगवान विष्णु को कष्ट सहना पड़ा।

# रक्षाबंधन : शुभ संयोगों और प्रेम के बंधन में बंधा पावन पर्व

**रक्षाबंधन,** हिंदू धर्म का एक प्रमुख और भावनात्मक पर्व है, जो हर साल सावन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। यह त्योहार भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक होता है, जिसमें बहन अपने भाई की कलाई पर राखी बांधकर उसकी लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और सफलता की कामना करती है। बदले में भाई जीवनभर अपनी बहन की रक्षा करने का संकल्प लेता है। यह पर्व न केवल प्रेम और विश्वास का प्रतीक है, बल्कि जिम्मेदारी और कर्तव्य का संदेश भी देता है। रक्षाबंधन के दिन बहन राखी में तीन गांठ लगाती है, जिन्हें त्रिदेव-ब्रह्मा, विष्णु और महादेव-से जोड़ा जाता है। ये गांठें भाई के जीवन में ज्ञान, पालन और शक्ति के प्रतीक मानी जाती हैं। वर्ष 2025 में रक्षाबंधन का पर्व 9 अगस्त को मनाया जाएगा। श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि 8 अगस्त को दोपहर 2 बजकर 12 मिनट से शुरू होकर 9 अगस्त को दोपहर 1 बजकर 21 मिनट पर समाप्त हो रही है। उदया तिथि के अनुसार, 9 अगस्त को रक्षाबंधन मनाया जाएगा। इस बार राखी के पर्व पर भद्रा का साया नहीं रहेगा। भद्रा काल 8 अगस्त को दोपहर 2 बजकर 12 मिनट से शुरू होकर 9 अगस्त की सुबह 1 बजकर 52 मिनट पर समाप्त हो जाएगा। चूंकि 9 अगस्त को सूर्योदय सुबह 5 बजकर 47 मिनट पर है, इसलिए पूरा दिन राखी बांधने के लिए शुभ रहेगा।



-अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर

## शुभ योगों का बन रहा संयोग

इस वर्ष रक्षाबंधन पर कई शुभ योगों का संयोग बन रहा है, जो पर्व की महत्ता को और बढ़ा देता है। सर्वार्थ सिद्धि योग सुबह 5 बजकर 47 मिनट से दोपहर 2 बजकर 23 मिनट तक रहेगा, जिसमें किए गए कार्य सफल माने जाते हैं। इसके अलावा सौभाग्य योग और शोभन योग भी पूरे दिन प्रभावी रहेंगे, जो विशेषकर स्त्रियों और मांगलिक कार्यों के लिए बेहद शुभ माने जाते हैं। सौभाग्य योग 10 अगस्त की तड़के 2 बजकर 15 मिनट तक रहेगा और शोभन योग भी उसी समय तक रहेगा। ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4 बजकर 22 मिनट से 5 बजकर 04 मिनट तक रहेगा, जबकि अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12 बजकर 17 मिनट से 12 बजकर 53 मिनट तक रहेगा।

### रक्षाबंधन का पर्व सिर्फ भारत तक सीमित नहीं

रक्षाबंधन का पर्व सिर्फ भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि नेपाल, फिजी, मॉरीशस, अमेरिका और कनाडा जैसे देशों में भी यह बड़ी श्रद्धा और परंपरा के साथ मनाया जाता है। प्रवासी भारतीय इस पर्व को मनाकर अपनी संस्कृति और भावनात्मक जुड़ाव को बनाए रखते हैं। इस प्रकार रक्षाबंधन 2025 न केवल प्रेम और वचन का पर्व होगा, बल्कि यह शुभ योगों की उपस्थिति के कारण और भी पवित्र और फलदायी बन जाएगा। यह दिन भाई-बहन के रिश्ते को और गहरा करने का एक सुनहरा अवसर है, जिसमें भावनाओं का आदान-प्रदान रक्षा सूत्र के माध्यम से किया जाता है।

# हस्त नक्षत्रः चंद्र-बुध के प्रभावों का अद्भुत संगम



ज्योतिषाचार्य, विभा शर्मा

**हस्त** नक्षत्र वैदिक ज्योतिष के 27 नक्षत्रों में से 13वां नक्षत्र है। इस नक्षत्र का स्वामी चंद्रमा होता है, जो मन का कारक माना गया है। हस्त नक्षत्र की पहचान 'पू, ष, ण, ढ' अक्षरों से होती है और यह कन्या राशि में आता है, जिसका स्वामी बुध होता है। यहां चंद्रमा और बुध दोनों के प्रभाव व्यक्ति के जीवन पर गहराई से पड़ते हैं। चंद्र और बुध में स्वाभाविक रूप से शत्रुता मानी गई है, लेकिन यदि दोनों ग्रह अच्छे स्थान और शुभ अवस्था में हों, तो जातक के जीवन में विशेष सफलताएं देखने को मिलती हैं। इस नक्षत्र में जन्मे जातकों के लिए ग्रहों की युति और दृष्टि विशेष महत्व रखती है। यदि चंद्रमा गुरु के साथ हो तो उत्तम 'गजकेसरी योग' बनता है, जो राजयोगों में एक प्रमुख योग है। इसी तरह यदि चंद्रमा और मंगल में दृष्टि संबंध हो, तो जातक धनवान, प्रभावशाली और साहसी होता है। हस्त नक्षत्र के लिए यह आवश्यक होता है कि न केवल नक्षत्र स्वामी चंद्रमा शुभ स्थिति में हो, बल्कि राशि स्वामी बुध भी अपनी अनुकूल स्थिति में हो।

यदि ऐसा हो तो जातक को जीवन में उत्तम सफलता प्राप्त होती है। हालांकि, चंद्रमा हमेशा कन्या राशि में ही होगा, लेकिन बुध अन्य राशियों में होने से उसके प्रभाव में अंतर आता है। मेष लग्न के जातकों के लिए यदि बुध कर्क, मिथुन, सिंह, मकर या कुंभ राशि में हो तो यह बहुत शुभ फल देता है। वहीं, वृषभ लग्न के जातकों के लिए यदि बुध द्वितीय, चतुर्थ, पंचम, नवम या दशम भाव में हो तो यह सफलता और समृद्धि लाता है। कर्क



लग्न वालों के लिए बुध सिंह राशि में या लग्न और पंचम भाव में हो तो विशेष शुभ फलदायी सिद्ध होता है। इस प्रकार हस्त नक्षत्र चंद्रमा और बुध के मिश्रित प्रभावों से जीवन के अनेक पहलुओं को प्रभावित करता है। यदि इन ग्रहों की स्थिति अनुकूल हो, तो जातक को मानसिक संतुलन, ज्ञान, धन और यश सभी का अनुभव होता है।

## न्यूज ब्रीफ

### पौंग झील में एक और अज्ञात शव मिला

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** कांगड़ा जिले की महाराणा प्रताप सागर झील (पौंग झील) में एक और अज्ञात शव मिला है। इससे पहले हाल ही में झील से दो बरामद हुए थे, जिनकी पहचान नहीं हो पाई है। सोमवार सुबह पनालथ पंचायत क्षेत्र के लोगों ने घाड़ इलाके में झील में तैरता हुआ शव देखा। सूचना पंचायत प्रधान रमेश सिंह को दी गई, जिन्होंने तुरंत जवाली पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसपी नूरपुर अशोक रत्न ने पुष्टि की कि शव की शिनाख्त अब तक नहीं हो पाई है और जांच प्रक्रिया जारी है।

### कलोहा में जांचा 35 मरीजों का स्वास्थ्य

**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** ग्रामीण क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा के अंतर्गत सोमवार को कलोहा पंचायत में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय जरियाल की अगुवाई में आयोजित इस शिविर में 35 मरीजों की जांच की गई और मौके पर ही उनके टेस्ट किए गए। इस अवसर पर ग्राम पंचायत प्रधान सुमन लता, संयोजक रमन शर्मा, नरिंदर पाल, मस्तान सिंह, कोमल कांत, दिनेश कुमार सहित पंचायत के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को ग्रामीणों ने सराहा और ऐसी सेवाएं नियमित रूप से जारी रखने की मांग की।

### सराह को दिया जाए शौर्य ग्राम का दर्जा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** स्वतंत्रता की 78वीं वर्षगांठ पर धर्मशाला से सटे ऐतिहासिक सराह गांव को 'शौर्य ग्राम सराह' का दर्जा देने की मांग जोर पकड़ रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन को प्रार्थना पत्र सौंपकर गांव के वीर सपूतों की गौरवगाथा का उल्लेख किया। उन्होंने धर्मशाला व गगल से सराह को जोड़ने वाली सड़कों पर संकेतक लगाने की भी मांग की। गांव के वीरों ने प्रथम-द्वितीय विश्व युद्ध, आजाद हिंद फौज, भारत छोड़ो आंदोलन, पाक युद्ध, कारगिल युद्ध सहित हर मोर्चे पर योगदान दिया है। कई वीरों को सेना शौर्य पदक भी मिला है। 1947 के दंगों के दौरान मुस्लिम परिवारों की रक्षा कर गांव ने मानवता की मिसाल पेश की थी। ग्रामीणों का कहना है कि अब इस शौर्य और बलिदान को औपचारिक मान्यता दी जानी चाहिए।

### कलशयात्रा के साथ श्री शिव महापुराण कथा शुरू

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** विकास खंड सुलह की ग्राम पंचायत सांबा के दधोना स्थान पर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में 4 से 12 अगस्त तक 9 दिवसीय श्री शिव पुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ, जिसमें भोले भक्तों ने जयकारों के साथ भाग लिया। कथावाचक शास्त्री अश्विनी शर्मा (हमीरपुर) मधुर वचनों से भक्तों को आध्यात्मिक ज्ञान की वर्षा करवा रहे हैं। भारी बारिश के कारण कथा का समय दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। मंदिर समिति द्वारा शास्त्री जी का भव्य स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं में आयोजन को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है।

### लोअर खैरा में दरकी जमीन, मकान बचा



**अनंत ज्ञान, डरोह।** लोअर खैरा में भारी बरसात के कारण शंभू राम पुत्र दासु राम लोअर खैरा के घर के साथ जमीन दरकने से उसका मकान बाल-बाल बच गया। उन्होंने कहा कि घर के नीचे वाला डंगा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। वहीं, पंचायत प्रधान वाहे दा पट्ट विनोद कुमार व सहायिका मौका देख गए हैं। उन्होंने कहा कि पीड़ित की सहायता मुहैया करवाई जाएगी और शीघ्र यहां डंगा लगा दिया जाएगा।

### पनापर में बुजुर्ग पर सांड ने किया हमला

**अनंत ज्ञान, डरोह।** पनापर गांव में एक सांड ने एक बुजुर्ग व्यक्ति पर हमला कर दिया। रविवार को विशेषर सिंह (88) जब सुबह उठकर शौचालय की ओर जा ही रहे थे तो आंगन में खड़े सांड ने हमला कर घायल कर दिया, जिससे उनके सिर व नाक पर गहरी चोटें आई हैं। पोते ने बाहर निकलकर दादा को सांड के चंगुल से छुड़ाया। हादसे के पश्चात विशेषर सिंह को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां अब उनकी हालत स्थिर है।

### पालमपुर भाजपा ने मनाया कारगिल विजय दिवस

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** 26 जुलाई 1999 को कारगिल युद्ध की विजय के उपलक्ष्य में भाजपा जिला अध्यक्ष रागिनी रकवाल की अध्यक्षता में सोमवार को पालमपुर भाजपा कार्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विनोद ठाकुर ने वीर सपूतों को याद करते हुए कहा कि पालमपुर की धरती परमवीर चक्र विजेता सोमनाथ शर्मा, शहीद कैप्टन विक्रम बतरा और सौरभ कालिया जैसे महान योद्धाओं की जन्मभूमि है। उन्होंने बताया कि भारत ने अटल बिहारी वाजपेयी के समय कारगिल और मोदी के समय सिंधु युद्ध में पाकिस्तान को हराया है। कार्यक्रम में शहीदों के परिजन, पूर्व सैनिक और भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जिला महामंत्री राजेश राणु और कई कैप्टनों ने भी शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

### भाजपा संगठनात्मक जिला कांगड़ा की कार्यकारिणी का विस्तार



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भाजपा संगठनात्मक जिला कांगड़ा के जिला अध्यक्ष सचिन शर्मा ने कार्यकारिणी का विस्तार किया है। मोनिका पठानिया, रजनीश मोना, डॉ. संदीप शर्मा, बलराम पुरी, सतीश कुमार व मंजीत कुमार को जिला उपाध्यक्ष, देवेंद्र कोहली व सुनेजा चौधरी को महामंत्री, दिनेश कुमार को कोषाध्यक्ष, नदीश ठाकुर, रेखा चौधरी, राकेश चौधरी, ओम प्रकाश हीर, कल्पना कुमारी व रीना चौधरी को सचिव, सुरजीत चौधरी को कार्यालय सचिव, मनीष लुथरा को मीडिया प्रभारी, अंकुश वर्मा व मनीष सूद को सह मीडिया प्रभारी, अक्षय शर्मा को प्रवक्ता, विशाल आनंद को आईटी संयोजक, संदीप शर्मा को आईटी सह संयोजक, पारस शर्मा को सोशल मीडिया संयोजक, ललिता वशिष्ठ को सोशल मीडिया सह संयोजक बनाया गया है। इसके अलावा चार दर्जन कार्यकर्ताओं को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।

### रिडकमार कॉलेज की छात्राओं ने चमकाया नाम

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय महाविद्यालय रिडकमार की छात्राओं ने प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला द्वारा घोषित बीए प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणामों में शानदार प्रदर्शन कर कॉलेज को गौरवान्वित किया है। छात्रा कल्पना ने 34वां और रेखा ने 39वां स्थान प्राप्त कर टॉप-50 मेरिट सूची में स्थान पाया। इसके अतिरिक्त टॉप-100 में कोमल शर्मा, ईशा शर्मा, अवंतिका, अंजली देवी, अविनाश और प्रीति ने भी जगह बनाई। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. युवराज सिंह ने इस उपलब्धि को छात्राओं की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम बताया। उन्होंने सभी छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# फाइबर से जुड़ेंगी कांगड़ा और चंबा की 1123 पंचायतें

## तीन ब्लॉक मुख्यालयों में सर्वे कार्य पूरा, 148 पंचायतों ने फाइबर से जुड़ने को भेजा प्रपोजल

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** भारत सरकार के डिजिटल मिशन के तहत 1123 पंचायतों को फाइबर से जोड़ा जाना है, जिसके सर्वे का कार्य जुलाई माह से शुरू हो गया है। कांगड़ा और चंबा जिले के 25 ब्लॉक मुख्यालयों जिला कांगड़ा के 18 और चंबा के 7 ब्लॉक मुख्यालयों को फाइबर से जोड़ा जाएगा।

इसमें से 3 ब्लॉकों में सर्वे पूरा हो चुका है, 6 ब्लॉक में सर्वे चल रहा है, जबकि 3 ब्लॉक की 148 पंचायतों का फाइबर से जुड़ने के लिए बीएसएनएल के पास प्रपोजल आ चुका है। इसमें बीएसएनएल के पार्टनर इंडियन टेलीफोन इंडस्ट्री जो कि भारत सरकार का उपक्रम है, वह इसमें मुख्य भूमिका निभा रहा है, जिसे पूरे हिमाचल का टेंडर मिला है।

### भारत फाइबर के तहत एफटीटीएच कनेक्शन

**भारत** फाइबर के तहत एफटीटीएच कनेक्शन हैं। यह सुविधा भी बीएसएनएल उपभोक्ताओं को दे रहा है। कांगड़ा और चंबा जिले में साढ़े बीस हजार के लगभग कनेक्शन बीएसएनएल लगा चुका है। इसमें निगम के 60 के लगभग पार्टनर उपकरण लगाकर सेवाएं उपलब्ध करवाते हैं। भारत नेट के तहत जिन पंचायतों को जोड़ा जाएगा, उनमें एफटीटीएच के तहत यह सुविधाएं घर-घर तक पहुंचाई जाएंगी।



कांगड़ा और चंबा जिले की 1123 पंचायतों को फाइबर से जोड़ने का कार्य पिछले माह शुरू हो गया है। दोनों जिलों के 25 ब्लॉक मुख्यालयों को फाइबर से जोड़ा जाएगा। भारत फाइबर के तहत बीएसएनएल उपभोक्ताओं को एफटीटीएच कनेक्शन सुविधा उपलब्ध करवा रहा है।

**-विपिन कुमार मौर्या, वरिष्ठ महाप्रबंधक, बीएसएनएल धर्मशाला।**

# आर्ट एंड डिजाइन दुकानदार ग्राहक को देगा 4500 रुपए

## जिला उपभोक्ता आयोग की अदालत ने सुनाया फैसला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**जिला** उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष हेमांशु मिश्रा, सदस्य आरती सूद व नारायण ठाकुर की अदालत ने आयोग के समक्ष आए मामले में अहम फैसला सुनाते हुए आर्ट एंड डिजाइन के दुकानदार द्वारा उपभोक्ता को 4,500 रुपए की राशि वापस करने के आदेश सुनाए हैं। दुकानदार द्वारा उपभोक्ता को मानसिक पीड़ा व असुविधा के तौर पर 4000 रुपए मुआवजा व बाद व्यय के तौर पर 3,000 रुपए का भुगतान करने के भी निर्देश जारी किए हैं। जानकारी के अनुसार आयोग के समक्ष आए मामले के तहत शिकायतकर्ता उपभोक्ता द्वारा बताया था कि 14 अगस्त 2024 को करवाचौथ के अवसर पर उन्होंने एक आर्ट एंड डिजाइन की दुकान से 1800 रुपए का हरे रंगा का सूट खरीदा था। इसकी सिलवाई के तौर पर 1500 रुपए खर्च किया, लेकिन दर्जी ने बताया कि कपड़े की गुणवत्ता बहुत खराब थी और सिलाई के दौरान फट रहा था। उपभोक्ता ने इसकी शिकायत संबंधित दुकानदार से शिकायत की, तो उन्हें सूट बदलवाने का आश्वासन दिया गया।

नवंबर 2024 में दोबारा दुकान पर जाने पर दुकानदार ने न तो सूट बदला और न ही पैसे लौटाए। उपभोक्ता को 3000 का नया सूट खरीदने को मजबूर किया गया। इसमें 1200 रुपए अतिरिक्त भुगतान करना पड़ा। उपभोक्ता का कहना था कि इसके बाद सिलाई पर फिर 1500 खर्च किए गए, लेकिन नया सूट भी पहनने के बाद तुरंत फट गया। जब कई बार संपर्क करने के बावजूद जब दुकानदार ने कोई समाधान नहीं दिया, तो उपभोक्ता ने 30 अप्रैल 2025 को आयोग में शिकायत दर्ज कराई। मामले की सुनवाई के दौरान दूसरा पक्ष आयोग के समक्ष उपस्थित नहीं हुआ। इसके बाद आयोग द्वारा उपभोक्ता के पक्ष में फैसला सुनाते हुए उपरोक्त आदेश जारी किए गए।

## ग्रेस स्कूल ऑफ नर्सिंग और सिविल हॉस्पिटल कांगड़ा ने मनाया विश्व स्तनपान सप्ताह



कार्यक्रम में लोगों को स्तनपान के बारे में जागरूक किया गया।

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

**सिविल** हॉस्पिटल कांगड़ा ने ग्रेस स्कूल आफ नर्सिंग के सहयोग से विश्व स्तनपान सप्ताह पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम में लोगों को स्तनपान क्यों आवश्यक है, इसके बारे में जागरूक किया गया। इस मौके पर सीएमओ डॉ. अल्पना ने कहा मां का दूध पहले 6 महीने बच्चों के लिए सबसे जरूरी है। इस दूध के सेवन से बच्चा स्वस्थ होता है। उन्होंने बताया इस विशेष सप्ताह के इस वर्ष की थीम स्तनपान को सक्षम बनाना और एक स्वस्थ ग्रह बनाना है। इस थीम का अभिप्राय इस बात पर जोर देने से है कि स्तनपान शिशुओं माताओं और पर्यावरण के स्वास्थ्य में कैसे योगदान देता है।

## जॉब ट्रेनी पॉलिसी के विरोध में युवा मुखर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**प्रदेश** सरकार द्वारा हाल ही में निकाली गई जॉब ट्रेनी पॉलिसी को लेकर प्रदेश का युवा मुखर हो गया है। सोमवार को जिला मुख्यालय धर्मशाला में सैकड़ों युवाओं ने जिलाधीश कार्यालय के बाहर एकजुट होकर सरकार के खिलाफ जॉब ट्रेनी पॉलिसी के विरोध में प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन में धर्मशाला सहित जिला के विभिन्न क्षेत्रों सहित डाइट धर्मशाला के प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। जिला लाइब्रेरी धर्मशाला के छात्र हरीश कुमार ने कहा कि जॉब ट्रेनिंग पॉलिसी को हर लिहाज से खारिज किया जाए और इसे मौखिक की बजाए लिखित तरीके से वापस लिया जाए, अन्यथा सरकार को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। वहीं, दूसरी ओर सरकार एक ऐसी पॉलिसी लेकर आती है, जिसके तहत नौकरी पाने वाला शिक्षक 2 साल के बाद फिर से अपनी योग्यता का प्रमाण देगा, तब जाकर उसकी नौकरी स्थाई होगी अन्यथा उसे फिर से घर बैठना पड़ सकता है। डीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री को इस पॉलिसी को वापस लेने की मांग पत्र सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस नीति को वापस नहीं लिया तो प्रदेशभर के युवा शिमला जाएंगे और सचिवालय का घेराव करेंगे, जिसकी जिम्मेदार सरकार होगी।



धर्मशाला में जॉब ट्रेनी पॉलिसी के खिलाफ प्रदर्शन करते युवा।

### नई जोड़ी



जडोल (ढारू) की काजल और टिहरा के अजय को परिणय सूत्र में बंधने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

**बर्थडे** हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## जय भोले के जयकारों से गूंजा बैजनाथ मंदिर



**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** सावन माह के तीसरे सोमवार को बैजनाथ शिव मंदिर में भक्ति और आस्था का माहौल देखने को मिला। सुबह 3 बजे मंदिर के कपाट खुलते ही सैकड़ों शिवभक्तों की कतारें लग गईं।

श्रद्धालुओं ने खीर गंगा घाट पर स्नान कर पावन पिंडी के दर्शन किए और भंडारों में प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर में एनएसएस कैडेटों व मंदिर न्यास कर्मियों ने सेवाएं दीं। भजन-कीर्तन और नंदी बैल के कानों में मनोकामना मांगते भक्तों की भीड़ रही। पूर्व एसपी शालिनी अग्निहोत्री और भाजपा नेता त्रिलोक कपूर ने भी मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की।

## धर्मशाला की जनता से हो रहा धोखा सीएम सिर्फ देहरा तक सीमित: सुधीर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



**विधायक** एवं पूर्व मंत्री सुधीर शर्मा ने एक बार फिर प्रदेश सरकार पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सेंट्रल यूनिवर्सिटी धर्मशाला के नॉर्थ कैंपस के लिए आवश्यक 30 करोड़ रुपए अब तक जारी नहीं किए गए हैं, जबकि मुख्यमंत्री ने हाल ही में देहरा के लिए 19 करोड़ रुपए पानी योजनाओं के लिए स्वीकृत कर दिए। यह पैसा जारी न करके हिमाचल और धर्मशाला की जनता से धोखा किया जा रहा है। सुधीर शर्मा ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सुक्खू अब सिर्फ देहरा के मुख्यमंत्री बनकर रह गए हैं। नादौन को भुला दिया गया है और अब देहरा को जिला बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिस पर हजारों करोड़ रुपए खर्च होंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने धर्मशाला की उपेक्षा बंद नहीं की तो आने वाले समय में काले झंडों से सीएम का स्वागत किया जाएगा। सुधीर शर्मा ने यह भी कहा कि आपदा से जूझ रहे प्रदेश में सरकार मदद तक नहीं पहुंचा पा रही, जिससे जनता में भारी रोष है। सुधीर शर्मा ने कहा कि प्रदेश की वित्तीय हालत बेहद खराब है। इसका एकमात्र कारण मुख्यमंत्री की सोच है। वित्तीय हालत ठीक नहीं हुई तो हिमाचल भी यूनियन टेरेटरी बनकर रह जाएगा।

### कवाड़ी में घर में लगी आग, लाखों का नुकसान



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** नगरोटा बगवां की कवाड़ी पंचायत के वार्ड 5 में किशोरी लाल पुत्र गोरखु राम के घर में आग लगने से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। घटना के समय परिवार के सदस्य टांडा हॉस्पिटल में थे, जहां किशोरी लाल की पत्नी बीते चार वर्षों से उपचाराधीन हैं। आग लगने पर स्थानीय लोगों ने समय रहते पहुंचकर आग पर काबू पाया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। पीड़ित ने सरकार और प्रशासन से सहायता की मांग की है। एसडीएम मुनीश शर्मा ने बताया कि राजस्व विभाग द्वारा नुकसान का आकलन किया गया है और सरकारी मानकों के अनुसार पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

### भाषण प्रतियोगिता में नीलम देवी प्रथम

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** नगरोटा सूरियां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य पर्यवेक्षक सुमन कुमारी व सुनीता देवी की अध्यक्षता में शिविर आयोजित हुआ, जिसमें सुभाष चंद ने स्तनपान व पूरक आहार के महत्त्व पर जानकारी दी। आशा कार्यकर्ताओं की भाषण प्रतियोगिता में नीलम देवी प्रथम रहीं। कार्यक्रम में लगभग 80 महिलाएं व आशाएं शामिल हुईं। विश्व स्तनपान सप्ताह पहली से 7 अगस्त तक मनाया जा रहा है। डॉ. अमन दुआ के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य टीम ने सक्रिय भाग लिया।

### बस रूटों को सुचारु करने के लिए सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव व कंदराल पंचायत के उपप्रधान रविंदर राव ने युवाओं संग बैजनाथ के क्षेत्रीय प्रबंधक शशाक धीमान को बस रूटों (सुबह 9:00 व दोपहर 3:00 बजे) को सुचारु करने के लिए ज्ञापन सौंपा। राव ने बताया कि स्कूली व कॉलेज छात्रों को ओवरलोड बसों के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने यह मुद्दा विधायक किशोरी लाल के समक्ष भी उठाया, जिन्होंने समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर अजय गोड, अनिल कुमार, शिशु कपूर समेत कई युवा साथी उपस्थित रहे।

### स्वर्ग गमन स्थल विकास समिति ने की बैठक

**अनंत ज्ञान, डरोह।** परौर की जैंता राम मेमोरियल स्वर्ग गमन स्थल विकास समिति द्वारा त्रैमासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वप्रथम समिति के पंजीकरण की जानकारी साझा की गई तथा जिसके उपरांत पिछले काम का रिव्यू लिया गया। बैठक में निर्णय लिया कि जो भी कोई इस समिति में आना चाहता है, वह समिति के सदस्यों से संपर्क कर के आ सकता है। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी तथा सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### धर्मशाला कॉलेज में डीसी ने किया पौधरोपण



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के पूर्व छात्र संघ द्वारा कॉलेज परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डीसी हेमराज बैरवा ने जामुन का पौधा रोपित किया। अध्यक्ष संजीव गांधी और प्राचार्य राकेश पठानिया सहित एनएसएस, एनसीसी के छात्र-छात्राओं ने भी भाग लिया। 150 से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है, जिनमें जामुन, आंवला, शीशम, कचनार आदि शामिल हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और परिसर को हरा-भरा बनाना है।

## शाहपुर में भारी बारिश से ₹8.47 लाख का नुकसान

**कोहली, अनंत ज्ञान**

**शाहपुर।** शाहपुर उपमंडल में बीते 24 घंटे से जारी भारी बारिश ने भाई तबाही मचाई। क्षेत्र में आठ कच्चे स्लेटपोश घर, सात गोशालाएं और एक रसोईघर ढह गए हैं, जिससे लगभग 8.47 लाख रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ है।

भलेड की गुड्डी देवी का रसोईघर गिरने से 20,000 रुपए का नुकसान हुआ है। पटियाडा के कुलदीप सिंह, भटेच्छ की अमरो देवी, ठारू के सरन दास, उजाला देवी और हरि राम की गोशालाएं क्षतिग्रस्त हुई हैं। मनोह गांव सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ, जहां बंसी लाल के मकान को दो लाख का नुकसान पहुंचा है। पारस राम, किकर सिंह, राजिंदर सिंह और केवल कुमार के कच्चे घर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। बासा के उधम सिंह, दुर्गेला के राम किशन व रूमी लाल और थम्बा के हरि सिंह के मकान व गोशालाएं ढहने से 50,000 से 80,000 रुपए तक का नुकसान आंका गया है।

एसडीएम शाहपुर करतार चंद ने बताया कि प्रभावितों को फौरी राहत दी गई है। प्रशासन नुकसान के विस्तृत आकलन में जुटा है और लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की गई है।

## पिंगल नाला में स्माल लेक विकसित करने का तैयार होगा प्लान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

- चरान खड्ड तथा कोतवाली के समीप नाले का होगा चैनलाइजेशन
- डीसी ने शहर में पार्किंग के लिए स्थान चिह्नित करने के दिए निर्देश

**धर्मशाला** में स्मार्ट सिटी परियोजनाओं की समीक्षा, चैनलाइजेशन व पार्किंग पर जोर धर्मशाला में चरान खड्ड और काली माता मंदिर के निकट नालों के चैनलाइजेशन के लिए कारगर कदम उठाए जा रहे हैं।

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने एनआईसी सभागार में आयोजित स्मार्ट सिटी परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को औपचारिकताएं पूर्ण करने और स्वीकृत बजट के अनुसार कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। पिंगल नाला के पास पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए स्माल लेक का प्रस्ताव भी तैयार किया जा रहा है। शहर में पार्किंग व वेंडिंग जोन चिन्हित कर ट्रैफिक समस्या दूर करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, खतरा बने पेड़ों के कटान के लिए प्रस्ताव भी तैयार किया गया है।

**खतरा बने पेड़ों के कटान को प्रस्ताव तैयार:** नगर निगम के आयुक्त जफर इकबाल ने बताया कि शहर में संपत्ति तथा मकानों के लिए खतरा बने पेड़ों के कटान के लिए सरल प्रक्रिया अपनाने के लिए आवश्यक प्रस्ताव तैयार किया गया है ताकि किसी भी स्तर पर जान और माल का नुक्सान नहीं हो सके। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण को हटाने के लिए भी गंभीरता से प्रयास किए जा रहे हैं।

### पेंशनर्स के लिए मेडिकल विकल्प पत्र जारी करे सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश सरकार पेंशनर्स के लिए मेडिकल विकल्प पत्र जारी करे। यह मांग जिला कांगड़ा पेंशनर संघ ने उठाई है। संघ के जिला प्रधान कृष्ण सरुप शर्मा ने कहा कि यह पहला मौका है, जब छठे वेतनमान के समय ये पत्र जारी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि पिछले जितने भी वेतनमान जारी हुए हैं, साथ-साथ ही सरकार द्वारा पेंशनरों के लिए मेडिकल विकल्प का पत्र जारी कर दिया जाता था। उन्होंने कहा कि प्रदेश के बहुत से पेंशनर ऐसे हैं, जिनको फिक्स या ओपन मेडिकल का लाभ नहीं मिल रहा है, इसलिए वे मेडिकल लाभ से वंचित रह रहे हैं।

**बैठक** जिला अध्यक्ष रागिनी रकवाल ने किया भाजपा जिला पालमपुर टीम का विस्तार

## राजेश व अभिमन्यु की महामंत्री पद पर दोबारा ताजपोशी

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** भाजपा संगठनात्मक जिला पालमपुर की जिला अध्यक्ष रागिनी रकवाल ने प्रदेश नेतृत्व से चर्चा के बाद अपनी नई जिला टीम की घोषणा की। उन्होंने एक बार फिर राजेश राणु और अभिमन्यु भट्ट को जिला महामंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी।

यह घोषणा भाजपा जिला कार्यालय पालमपुर में आयोजित संगठन की बैठक के बाद की। रागिनी रकवाल ने विनोद शास्त्री, कैप्टन देशराज शर्मा, पवन कपूर, अरविंद मेहता और पवन चौधरी को उपाध्यक्ष बनाया। सचिन वर्मा को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया।



- विनोद शास्त्री, देशराज शर्मा, पवन कपूर, अरविंद मेहता और पवन चौधरी को सौंपी उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी

मनीष रनौत, सुदर्शन जम्वाल, अमिता राणा, संतोष कुमार, लीना भारद्वाज और पवना कुमारी सचिव बनाए गए। ललित कपूर को कार्यालय सचिव, फूलमाला सह सचिव, सतीश शर्मा मीडिया प्रभारी, अरुण राणा और अरुणेश शर्मा प्रवक्ता बनाए गए। इंद्र महाराज को आईटी संयोजक और साहिल गुलरिया सह संयोजक नियुक्त किया गया। राजीव राणा सोशल मीडिया संयोजक और रेनू नड्डा सह संयोजक बनीं। कार्य समिति में 50 से अधिक सदस्यों को शामिल किया गया है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर, प्रवक्ता राजेश ठाकुर, पूर्व विधायक मुल्खराज प्रेमी, रविंद्र धीमान सहित अन्य पदाधिकारी और मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे।

### पूर्व विधायक ने दी राजेश राणु को बधाई

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** जयसिंहपुर के पूर्व विधायक रविंद्र रवि धीमान ने राजेश कुमार राणु को एक बार पुनः भाजपा जिला महामंत्री बनाने पर बधाई दी है। वहीं, पंचरुखी श्रेष्ठा चौधरी लीना भारद्वाज व लंबागांव के विनोद मेहरा और सभी कार्यकारणी सदस्य व पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि ये सभी आने वाले चुनावों में पार्टी की ताकत बनेंगे।

### नाबालिगा से दुष्कर्म करने वाला आरोपी न्यायिक हिरासत में भेजा

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, इंदौरा।** थाना डमटाल के तहत नाबालिग युवती के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी सोमवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। नाबालिगा की मां ने थाना डमटाल में रिपोर्ट दर्ज करवाई की कि उसकी बेटी को एक लड़का जुलाई महीने में बहलाकर कहीं ले गया, जहां उसने दुष्कर्म किया तथा किसी न बताने, जान से मारने की धमकी दी। इस कारण पीड़िता सहमी हुई थी। जब मां ने बेटी से बार-बार पूछा तो सारी बात बताई। डमटाल पुलिस ने आरोपी को पकड़कर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपी का मेडिकल करवा कर अदालत इंदौरा में पेश किया गया, जहां से तीन दिन के पुलिस रिमांड मिलने पर सोमवार आरोपी को अदालत द्वारा न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। डीएसपी इंदौरा संजीव यादव ने पुष्टि की है।

### दृष्टि शर्मा का एमबीबीएस के लिए चयन



**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** नूरपुर क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार भूषण शर्मा की पुत्री दृष्टि शर्मा का चयन एमबीबीएस में हुआ है। यह चयन चंबा जिले में आयोजित चयन प्रक्रिया के अंतर्गत हुआ, जहां दृष्टि ने अपनी प्रतिभा, परिश्रम और समर्पण से अन्य प्रतिभागियों में विशेष स्थान बनाया। दृष्टि शर्मा की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक है। इस चयन के माध्यम से दृष्टि अब उस मंच तक पहुंचेगी, जहां वह अपनी क्षमताओं को और अधिक निखार सकेगी और राज्य व देश का नाम रोशन कर सकेगी। उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए समस्त शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### धर्मशाला डाक मंडल में एपीटी 2.0 का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** डिजिटल दक्षता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए धर्मशाला डाक मंडल में सोमवार को एपीटी 2.0 प्रणाली का विधिवत शुभारंभ किया गया। अधीक्षक डाकघर रविंदर कुमार ने बताया कि यह एक उन्नत सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली है, जिसे डाक विभाग ने अपनी आंतरिक प्रक्रियाओं को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और कुशल बनाने के लिए विकसित किया है। एपीटी 2.0 के माध्यम से लेखा, बजट, आंतरिक लेखा परीक्षा तथा प्रशासनिक कार्यों में बेहतर समन्वय और पारदर्शिता लाई जा सकेगी। इस अवसर पर परिमंडल कार्यालय शिमला से सहायक निदेशक डाक रतन चंद शर्मा, अधीक्षक रविंदर कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### डॉ. वाईएस परमार को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के निर्माता एवं पहले मुख्यमंत्री डॉ. यशवंत सिंह परमार की 119वीं जयंती शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस कार्यक्रम में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने हिमाचल वासियों की ओर से डॉ. परमार को श्रद्धांजलि दी। उनके साथ, नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर, विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार, महापौर सुरेंद्र चौहान, उपमहापौर उमा कौशल, पार्षदगण और कई प्रशासनिक अधिकारियों ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कलाकारों ने भजन और देशभक्ति गीत गाकर डॉ. परमार को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उपस्थित सभी लोगों ने डॉ. परमार के हिमाचल के निर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान को याद किया और उन्हें नमन किया।

### छात्रा बिरमा बनीं आईसीटी सेल की अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** राजा वीरभद्र सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीमा में आईसीटी (इन्फॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी) सेल का गठन प्राचार्य डॉ. ललिता रावत की अध्यक्षता में किया गया। सेल में अध्यक्ष पद के लिए बीसीए पांचवें सेमेस्टर की छात्रा बिरमा को चुना गया। उपाध्यक्ष पलक चौहान, सचिव हर्षित कैथ, कोषाध्यक्ष निकुंज व कामना को बनाया गया। अनिकेत ठाकुर, हितांश और अनिकेत को टेक्निकल इंचार्ज, कनिका व अंशल को अनुशासन प्रभारी तथा मृदुल व सुधांशु को फोटोग्राफी इंचार्ज नियुक्त किया गया। बीसीए प्रथम सेमेस्टर से आदित्य झा को क्लास रिप्रेजेंटेटिव (सीआर) चुना गया। प्राचार्य डॉ. रावत ने कहा कि यह सेल छात्रों को डिजिटल स्किल और तकनीकी क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर देगा। इस मौके पर बीसीए कोऑर्डिनेटर डॉ. मोहिंदर, प्रो. संजय, प्रो. रेनू चौहान और प्रो. संदीप भी उपस्थित रहे।

### शौचालय का रिनोवेशन कार्य किया पूर्ण

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** रामपुर बुशहर में नगर परिषद और सुलभ इंटरनेशनल के संयुक्त सहयोग से नगर परिषद के समीप स्थित सुलभ शौचालय का रिनोवेशन कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। यह शौचालय अब आम जनता के लिए खोल दिया गया है। रिनोवेशन के अंतर्गत नई टाइल्स, आधुनिक फिटिंग्स, स्वच्छ वॉशबेसिन, बेहतर रोशनी, वेंटिलेशन और रंगाई-पुताई जैसी सुविधाओं को जोड़ा गया है। इस कार्य का उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित और सम्मानजनक सार्वजनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। सुलभ इंटरनेशनल के जोनल इंचार्ज अजय सिंह और मोहर पाठक ने बताया कि यह कार्य स्वच्छ भारत मिशन की भावना के तहत किया गया है। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे एक सकारात्मक बदलाव बताया।

### बिजली बोर्ड कर्मचारी-पेंशनर एसोसिएशन का 7 अगस्त को प्रदर्शन का ऐलान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में बिजली बोर्ड के कर्मचारी और पेंशनर अपनी मांगों को लेकर एक बार फिर सड़क पर उतरने जा रहे हैं। बिजली बोर्ड पेंशनर एसोसिएशन के आह्वान पर 7 अगस्त को राजधानी शिमला स्थित कुमार हाउस बिजली बोर्ड मुख्यालय के बाहर विशाल धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन का मुख्य मुद्दा पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) की बहाली, लंबित भुगतानों का भुगतान और बोर्ड में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई है। बिजली बोर्ड पेंशनर एसोसिएशन के जॉइंट सेक्रेटरी देवेंद्र शर्मा ने सोमवार को कहा कि सरकार ने बोर्ड के लाभ का दावा किया है, लेकिन इसके बावजूद कर्मचारियों और पेंशनरों की जायज मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि बोर्ड में कुछ अधिकारी भ्रष्टाचार में लिप्त हैं और यही कारण है कि बोर्ड की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। देवेंद्र शर्मा ने कहा कि हाल ही में दावा किया गया कि बिजली बोर्ड ने 314 करोड़ रुपये का लाभ कमाया है, तो फिर कर्मचारियों और पेंशनरों का हक क्यों नहीं दिया जा रहा? उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ वरिष्ठ अधिकारी बोर्ड को निजी हाथों में सौंपने की तैयारी कर रहे हैं, जिसका हर हाल में विरोध किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एक समय बोर्ड में 43 हजार से ज्यादा कर्मचारी कार्यरत थे, जो अब घटकर सिर्फ 13 हजार रह गए हैं।

# हिमाचल में जल शक्ति विभाग ने 95 फीसदी जलापूर्ति योजनाएं की बहाल

## विभाग ने कुल 5,805 प्रभावित योजनाओं में से 5,440 को अस्थायी रूप से किया शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



बारिश से क्षतिग्रस्त हुई जलापूर्ति योजनाओं को बहाल करते हुए। फाइल फोटो

**हिमाचल** प्रदेश में हाल ही में भारी बारिश के कारण पैदा हुए मुश्किल हालात के बावजूद, जल शक्ति विभाग ने अपनी 95 फीसदी से ज्यादा जलापूर्ति योजनाओं को बहाल कर दिया है। विभाग ने कुल 5,805 प्रभावित योजनाओं में से 5,440 को अस्थायी रूप से फिर से शुरू किया है। इस तत्परता और समर्पण के लिए उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की प्रशंसा की।

उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में किया गया यह काम सराहनीय और प्रेरणादायक है। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि इन आपदाओं से विभाग को भारी नुकसान हुआ है। जलापूर्ति योजनाओं को लगभग 434.47 करोड़ रुपए और 1,293 सिंचाई योजनाओं को 101.67 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। इसके अलावा, बाढ़ सुरक्षा कार्यों, सीवरेज योजनाओं और हैंडपंपों को भी क्षति पहुंची है। कुल मिलाकर, 7,543 योजनाओं को लगभग 580.30 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

### सीवरेज योजनाओं को बहाल करने का प्रयास तेज: मुकेश

**उपमुख्यमंत्री** मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि जलापूर्ति और सीवरेज योजनाओं को स्थायी रूप से बहाल करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित विभाग को इस काम में कोई ढिलाई न बरतने का निर्देश दिया है।

# पंचायत में हो रहे विकासात्मक कार्य एक सकारात्मक पहल: शिव कुमार

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान**

- ढाकगांव में कचरा प्रबंधन सोलर लाइट, ओपन जिम व लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं
- गांवों में स्वच्छता, स्वास्थ्य व शिक्षा की दिशा में पंचायतों की सकारात्मक पहल



**रोहड़ू।** ग्राम पंचायतें अब केवल बुनियादी ढांचे तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि नवाचार और सामाजिक विकास की मिसाल बन रही हैं। ढाकगांव पंचायत के सचिव शिव कुमार ने बताया कि पंचायत में चल रहे विकासात्मक कार्य गांव को आत्मनिर्भर और सशक्त बना रहे हैं। तरल व ठोस कचरा प्रबंधन योजना के तहत गीले और सूखे कचरे का अलग निपटान किया जा रहा है, जिससे गांव स्वच्छ बन रहा है और बीमारियों का खतरा कम हो रहा है। वहीं, सोलर लाइटों की स्थापना से न केवल गांव रोशन हुआ है, बल्कि बिजली की बचत और पर्यावरण संरक्षण को भी बल मिला है।

ओपन जिम की स्थापना ने ग्रामीणों, खासकर युवाओं और बुजुर्गों को स्वास्थ्य की दिशा में जागरूक किया है। इसके अलावा प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट पर्यावरण के लिए वरदान साबित हो रहा है, जिससे प्लास्टिक पुनर्चक्रण के साथ रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं।

पंचायत में खुली नई लाइब्रेरी शिक्षा व ज्ञान का केंद्र बनकर छात्रों और युवाओं को पढ़ाई के लिए बेहतर माहौल दे रही है। शिव कुमार ने कहा कि ये सब कार्य ग्राम पंचायत की दूरदर्शिता और ग्रामीण सहभागिता का परिणाम हैं, जो गांव को स्वच्छ, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे।

## संगठनात्मक मजबूती के लिए महासू जिला भाजपा की नई टीम का ऐलान, बलवीर और चेतन बरागटा भी रहे मौजूद

# नई कार्यकारिणी आगामी चुनावों के लिए रखेगी जीत की नींव: पायल वैद्य

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** भारतीय जनता पार्टी महासू जिला कार्यकारिणी की घोषणा ठियोग में एक भव्य समारोह में की गई। इस अवसर पर भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य पायल वैद्य और भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राकेश शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष अरुण फाल्टा ने की, जिन्होंने सभी उपस्थित गणमान्यजनों एवं कार्यकर्ताओं का स्वागत किया।

इस मौके पर पायल वैद्य ने कहा कि भाजपा एक विचारधारा आधारित संगठन है जो कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण से चलता है। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह कार्यकारिणी संगठन को नई दिशा देगी और आगामी चुनावों में जीत की नींव रखेगी।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राकेश शर्मा ने कहा कि पार्टी की ताकत उसकी जमीनी कार्यकर्ता संरचना है और यह कार्यकारिणी जमीनी स्तर पर संगठन को और सशक्त बनाएगी।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व चौपाल के विधायक बलबीर वर्मा, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा, रामपुर भाजपा प्रत्याशी कौल नेगी, महासू जिले के सभी मंडल अध्यक्ष तथा सैकड़ों कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।




### कमलेश, राजेश, दलीप, विनोद, सोना नदाईक व वंदना को बनाया उपाध्यक्ष

**आनंद ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** पार्टी ने छह नेताओं को उपाध्यक्ष बनाया है, जिनमें कमलेश शर्मा, राजेश भाटा, दलीप सिंह, विनोद हेटा, सोना नदाईक और वंदना मलुनी शामिल हैं। इन सभी नेताओं को पार्टी के वरिष्ठ और अनुभवी नेता माना जाता है, जिन्होंने संगठन में लंबे समय तक कार्य किया है। संजय शर्मा और हरेंद्र डोगरा को महामंत्री का पद सौंपा गया है, जबकि विनोद बुशैहरी को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। रवि किम्लाटा, अशोक जनता, ममता शर्मा, शांझा चौहान, रूप दास भाटा और दिशा मेहता को सचिव नियुक्त किया गया है। सत्येंद्र सिंह कार्यालय सचिव की भूमिका निभाएंगे, वहीं राकेश मेहता मीडिया प्रभारी और अनिल चौहान प्रवक्ता के पद पर रहेंगे। आईटी और सोशल मीडिया टीम में प्रभात किस्टा (आईटी सह-संयोजक), यागेंद्र श्याम (सोशल मीडिया संयोजक) और शंकर जिंदल (सोशल मीडिया सह-संयोजक) शामिल हैं। जिला कार्यकारिणी में 43 सदस्यों को शामिल किया गया है, जिनमें विभिन्न क्षेत्रों और पृष्ठभूमि के नेता शामिल हैं। इस सूची में राजेशवरी शुक्ला, गोपाल जिस्दल, सुनील श्याम, नैना तनवय, संजीव चौहान, रविंद्र रावत, गोपी लाल, आशा करवां, राजा राम देष्टा, सुंदर सिंह, जयप्रकाश, त्रिलोचन देष्टा, देव राज मेहता, अनिल कुमार, अनिल भारद्वाज, तारा देवी, सुनीता रावल, पूनम कैथला, सिकंदर चौहान, हरदेव सिंह, जगदिश ठाकुर, निर्मला जिंटा, प्रदीप चौहान, प्रकाश चंद रपटा, मोहिंदर सिंह चौहान, सुनिता गुलेट, बहादुर सिंह भंडारी, किशोर कुमार परमार, उषा भागटा, अजय नयन, दलजीत जोक्टा, हरवंश सांख्यान, नील आंबल, केदार सिंह रावत, सुरेश टुटियाल, जगन्नाथ शर्मा, महेश खत्री, मीरा शर्मा, केदार शर्मा, शेर सिंह आल्टा, अजय कुमार आजाद, अक्षय वर्मा और किशन वर्मा जैसे नाम प्रमुख हैं।

### राजीव मेहता महासू जिला भाजपा के नए मीडिया प्रभारी नियुक्त



**भाजपा** ने राजीव मेहता को महासू जिले का नया मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। यह नियुक्ति पार्टी में उनके लंबे अनुभव, समर्पण और संगठनात्मक कौशल को देखते हुए की गई है। राजीव मेहता कोटखाई की ग्राम पंचायत हिमरी के पूर्व प्रधान रह चुके हैं। संगठन में उनकी सक्रियता उल्लेखनीय रही है। उन्होंने जिला शिमला युवा मोर्चा के सचिव, जुब्बल-कोटखाई मंडल के आईटी और सोशल मीडिया संयोजक, मंडल प्रवक्ता और जिला सह-मीडिया प्रभारी जैसे कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। वे स्वर्गीय नरेन्द्र बरागटा के बेहद निकट और विश्वस्त माने जाते थे। उनके मार्गदर्शन में, राजीव मेहता ने संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई और पार्टी से युवाओं को जोड़ने में अहम योगदान दिया। पार्टी को विश्वास है कि उनकी नियुक्ति से जिला स्तर पर मीडिया प्रबंधन मजबूत होगा।

# नाथपा बांध से छोड़ा जाएगा अतिरिक्त पानी

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** सतलुज जल विद्युत निगम के नाथपा झाकड़ी जलविद्युत परियोजना अंतर्गत नाथपा बांध में इन दिनों लगातार हो रही वर्षा के चलते जल-प्रवाह में तेज़ी से वृद्धि हो रही है। इसी के चलते निगम ने सोमवार शाम 5:00 बजे से रेडियल गेटों के माध्यम से लगभग 200 क्यूमेक्स अतिरिक्त पानी छोड़ने का निर्णय लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नाथपा बांध से बहाव क्षेत्र में कुल अनुमानित जल प्रवाह 616 क्यूमेक्स तक पहुंच जाएगा, जिसमें 535 क्यूमेक्स रेडियल गेटों के माध्यम से और 81 क्यूमेक्स एसएफटी के माध्यम से होगा। यदि वर्षा का सिलसिला यूं ही जारी रहा और जल स्तर में और वृद्धि हुई, तो अतिरिक्त पानी और छोड़ा जाएगा। एसजेवीएन प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे सतलुज नदी के किनारों पर ना जाएं और पूरी सावधानी बरतें।

- सतलुज नदी के किनारे न जाने की अपील

## वायरल वीडियो के बाद हरकत में आया खाद्य सुरक्षा विभाग

# कामधेनु डेयरी से भरे दूध-दही व घी के सैंपल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



कामधेनु के प्लांट में निरीक्षण करते खाद्य सुरक्षा अधिकारी

**सोशल** मीडिया पर कामधेनु ब्रांड के दूध में संदिग्ध पदार्थ होने के वायरल वीडियो के बाद प्रदेश में हड़कंप मच गया है। वीडियो में एक युवती ने दूध के पैकेट में सफेद गाढ़े तत्व की मौजूदगी का दावा किया, जिससे उपभोक्ताओं में चिंता फैल गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने त्वरित कार्रवाई की।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी खगेंद्र सिंह ठाकुर के नेतृत्व में विभागीय टीम ने नमहोल स्थित कामधेनु डेयरी का निरीक्षण किया और दूध, दही व घी के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। यह पहला मौका नहीं है जब कामधेनु ब्रांड की गुणवत्ता पर सवाल उठे हों, लेकिन वीडियो प्रमाण सामने आने से मामला अधिक गंभीर हो गया है। इस पूरे घटनाक्रम पर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने भी सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने वायरल वीडियो को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा करते हुए कहा कि प्रदेश वासियों की सेहत के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। सरकार इस मामले को पूरी गंभीरता से ले रही है और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। वहीं, अब जनता को रिपोर्ट का बेसब्री से इंतजार है।

## डीसी के नेतृत्व में टीम ने लिया पर्यटन संभावनाओं का जायजा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर को हिमाचल प्रदेश के पर्यटन नक्शे पर एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में जिला प्रशासन ने ठोस कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। डीसी राहुल कुमार के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय निरीक्षण टीम ने मंडी-भराड़ी से भाखड़ा बांध तक पर्यटन संभावनाओं का जायजा लिया। टीम में निदेशक मछली पालन विभाग विवेक चंदेल, सहायक आयुक्त नरेंद्र अहलूवालिया और जिला पर्यटन अधिकारी रजनीश शामिल रहे। भराड़ी क्षेत्र में प्रस्तावित वेसाइड सुविधाएं और ग्लास ब्रिज स्थल का निरीक्षण किया गया। उपायुक्त ने बताया कि भराड़ी शिमला, धर्मशाला, चंडीगढ़ और मनाली जैसे पर्यटन स्थलों को जोड़ता है, इसलिए यहां अत्याधुनिक विश्राम कक्ष, खानपान, पार्किंग और सूचना केंद्र जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। ग्लास ब्रिज परियोजना से रोमांच प्रेमियों को नया आकर्षण मिलेगा और भराड़ी एक प्रमुख स्टॉप ओवर डेस्टिनेशन के रूप में उभरेगा। भाखड़ा बांध क्षेत्र में वॉटर स्पोर्ट्स और वॉटर मेट्रो सेवा की संभावनाओं का भी आकलन किया गया। मकराना क्षेत्र को वॉटर स्पोर्ट्स के लिए उपयुक्त माना गया है। वॉटर मेट्रो से नैना देवी और शाहतलाई को जलमार्ग से जोड़ने की योजना है, जिससे धार्मिक और साहसिक पर्यटन को बल मिलेगा।

# राज्यपाल ने मार्कंडेय मंदिर में नवाया शीश लोगों की सुख-समृद्धि के लिए मांगी दुआ



बिलासपुर के मार्कंडेय मंदिर में पूजा-अर्चना करते राज्यपाल और उनकी धर्मपत्नी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने सोमवार को बिलासपुर के प्रसिद्ध महार्षि मार्कंडेश्वर मंदिर पहुंचकर श्रावण मास के पावन अवसर पर पूजा-अर्चना की और प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। राज्यपाल अपने परिवार के साथ मंदिर पहुंचे।

हाल ही में प्रदेश में आई भारी बारिश तथा तबाही का जिक्र करते हुए बताया कि वे मंडी और सराज क्षेत्रों के क्षेत्रीय दौरे पर जा चुके हैं, जहां उन्होंने तबाही की भयावह स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि भारी नुकसान के बावजूद स्थानीय लोगों का हौसला बुलंद है, जो हिमाचली जज्बे का परिचायक है। इस दौरान राज्यपाल ने स्थानीय श्रद्धालुओं की शिकायतों पर भी ध्यान दिया, जिसमें कहा गया कि मंदिर परिसर और आसपास गंदगी बनी रहती है, जिससे श्रद्धालुओं को परेशानी होती है। इस पर राज्यपाल ने उपायुक्त राहुल कुमार को साफ-सफाई के लिए तुरंत प्रभाव से उचित कदम उठाने के आदेश दिए। राज्यपाल के साथ उपायुक्त राहुल कुमार, जिला पुलिस अधीक्षक संदीप धवल और अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। प्रशासन ने राज्यपाल के दौरे के दौरान सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं के कड़े इंतजाम किए थे। स्थानीय श्रद्धालु भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

### 3 दिन पूर्व रिटायर्ड कर्मचारी की करंट से मौत

**अनंत ज्ञान, भराड़ी।** भराड़ी थाना क्षेत्र के तहत पंचायत लझता में करंट लगने से एक रिटायर्ड कर्मचारी की मौत हो गई। मृतक की पहचान देव राज (62) पुत्र धनी राम निवासी गांव लंझता के रूप में हुई है। देवराज अभी 3 दिन पूर्व ही बीबीएमबी तलवाड़ा से सेवानिवृत्त हुए थे। परिवारजनों के अनुसार मृतक रविवार सुबह अपने घर के आंगन में टुल्लू पंप चला रहा था। इसी दौरान अचानक करंट लगने से वह बेहोश हो गया। परिजनों ने उन्हें तुरंत भराड़ी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस थाना भराड़ी की टीम ने शव का सिविल अस्पताल घुमारवीं में पोस्टमार्टम करवाकर और शव परिजनों को सौंप दिया है।

### मंदिर न्यास ने सजावट के लिए निविदाएं की आमंत्रित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर न्यास बिलासपुर द्वारा 10 से 16 अगस्त तक आयोजित होने वाले श्रीकृष्ण जन्माष्टमी समारोह के लिए विभिन्न सेवाओं व सजावट के लिए निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। धार्मिक सेवाओं में कथावाचक, चार पाठी, सात दिवसीय फलाहार व रात्रि भोजन तथा 15 अगस्त की भजन संध्या की संपूर्ण व्यवस्था शामिल है, जिसकी अधिकतम बोली 55,000 तय की गई है और 2,000 की धरोहर राशि अनिवार्य होगी। सजावट व टेंट व्यवस्था के लिए 60 गद्दे, 40 कुर्सियां, टेबल, गलीचे, लाइटिंग, फूल व गुब्बारों से सजावट, तथा भंडारे के लिए मैटिंग की आवश्यकता होगी। इसकी अधिकतम बोली 40,000 है और 1,500 की धरोहर राशि तय की गई है। निविदाएं 7 अगस्त तक जमा की जानी हैं और उसी दिन खोली जाएंगी।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अंतिम तिथि बढ़ी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अंतिम तिथि अब 14 अगस्त तक बढ़ा दी गई है। यह जानकारी जिला कृषि उपनिदेशक प्रेम चंद ठाकुर ने दी। उन्होंने बताया कि यह योजना किसानों को सूखा, बाढ़, ओलावृष्टि, कीट व रोग आदि आपदाओं से सुरक्षा प्रदान करती है। धान और मक्का के लिए बीमा राशि 60,000 प्रति हेक्टेयर तय की गई है, जिसमें किसानों को मात्र 2 यानी 1,200 प्रति हेक्टेयर (96 प्रति बीघा) प्रीमियम देना होगा, बाकी राशि सरकार देगी। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि से पहले बीमा करवाकर अपनी फसलों को सुरक्षित करें।

### बिलासपुर कॉलेज में मनाया विश्व स्कार्फ दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में रोवर एंड रेंजर यूनिट की ओर से विश्व सकार्फ दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल द्वारा की गई, जिन्हें रोवर लीडर डॉ. भूमेंद्र जसवाल ने स्कार्फ पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की थीम 'सोशल मीडिया के प्रभाव' रही, जिस पर छात्रों ने विचार साझा किए। नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग और भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्राचार्य डॉ. कटवाल ने छात्रों को अनुशासन और सेवा भावना के साथ समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने का संदेश दिया। पूर्व छात्रा सुनिधि शर्मा को सम्मानित किया गया।

### चित्र लेखन में सपना व प्रश्नोत्तरी में शालिनी प्रथम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** आंगनबाड़ी केंद्र वार्ड नंबर 3 रौड़ा में 1 से 7 अगस्त तक मनाए जा रहे विश्व स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वृत पर्यवेक्षिका हेमलता शर्मा ने की। जन शिक्षा एवं सूचना अधिकारी गोपी चंद व स्वास्थ्य शिक्षक गोपाल कौशल ने स्तनपान से जुड़े लाभों पर विस्तृत जानकारी दी। वहीं, चित्र लेखन व मौखिक प्रश्नोतरी प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। चित्र लेखन में सपना प्रथम, उमा देवी द्वितीय व कृष्णा तृतीय स्थान पर रहीं। प्रश्नोत्तरी में शालिनी ने प्रथम, नीलम ने द्वितीय और सुनीता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### अनुराग की पहल से उभर रहे खिलाड़ी: सोनल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** वरिष्ठ भाजपा नेता सोनल शर्मा ने कहा कि सांसद अनुराग ठाकुर द्वारा शुरू किए गए इंटीग्रेटेड एथलीट ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट प्रोग्राम के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। कुश्ती अकादमी चांदपुर की खिलाड़ी सोनिका को राष्ट्रीय स्तर पर सफलता के बाद कॉर्पोरेट स्पांसरशिप मिली है। उन्होंने बताया कि अनुराग के नेतृत्व में बिलासपुर के 40 खिलाड़ियों को कुश्ती व कबड्डी में उच्च स्तरीय प्रशिक्षण, पोषण, आवास और खेल सामग्री जैसी सुविधाएं निशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

### जलशक्ति विभाग को 3.80 करोड़ का नुकसान

**गोपाल कपिल, अनंत ज्ञान झंडूता।** इस मानसून सीजन में झंडूता उपमंडल में जलशक्ति विभाग को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। विभाग के अधिशाषी अभियंता सतीश शर्मा के अनुसार, अब तक 3.80 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है और कुल 94 स्कीमें प्रभावित हुई हैं, जिनमें 89 पेयजल और 5 सिंचाई स्कीमें शामिल हैं। अधिकांश प्रभावित स्कीमें सीर खड्ड और सरयाली खड्ड के आसपास हैं, जबकि तीन स्कीमें रूक्मणी कुंड से जुड़ी हैं। सतीश शर्मा ने बताया कि नुकसान के बावजूद विभाग ने साफ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पूरी तैयारी कर रखी है।

# साक्षी ठाकुर ने लेह में पेंचक सिलाट फेडरेशन कप में जीता रजत पदक



जिला बिलासपुर पेंचक सिलाट एसोसिएशन के चेयरमैन चंद्रशेखर ने साक्षी को बधाई दी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**लेह-लद्दाख** के एनडीएस ग्राउंड में संपन्न 9वें पेंचक सिलाट फेडरेशन कप प्रतियोगिता में बिलासपुर बृज मार्शल अकादमी की खिलाड़ी साक्षी ठाकुर ने 57 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। बृज मार्शल अकादमी के संचालक एवं प्रशिक्षक बृज लाल चौहान ने बताया कि इस प्रतियोगिता में लगभग 420 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें सभी राज्यों के साथ-साथ आईटीबीपी, सीआईएसएफ, असम राइफल्स, अंडमान निकोबार, चंडीगढ़ व लद्दाख के खिलाड़ी भी शामिल थे।

प्रदेश का प्रतिनिधित्व जिला बिलासपुर पेंचक सिलाट संघ की दो महिला खिलाड़ियों ने किया, जो बृज मार्शल आर्ट अकादमी में अभ्यास करती हैं। साक्षी ने जूनियर वर्ग के टेंडिंग इवेंट में राजस्थान, लद्दाख और दिल्ली के खिलाड़ियों को हराकर फाइनल में प्रवेश किया, जहां उन्होंने लद्दाख के खिलाड़ी से कड़ी टक्कर के बाद रजत पदक पर संतोष करना पड़ा। टीम कोच बृज लाल चैहान ने कहा कि साक्षी ठाकुर का प्रदर्शन बेहद प्रेरणादायक रहा है और उनका चयन आगामी सितंबर में होने वाली एशियन प्रतियोगिता के लिए भी हो चुका है। जिला बिलासपुर पेंचक सिलाट एसोसिएशन के चेयरमैन चंद्रशेखर भारद्वाज, अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद और अन्य पदाधिकारियों ने साक्षी को बधाई दी।

## राज्य सौर ऊर्जा उत्पादक एसोसिएशन का गठन कुशाल चंद बने अध्यक्ष



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सौर ऊर्जा उत्पादकों के हितों की रक्षा और समस्याओं के समाधान के लिए राज्य सौर ऊर्जा उत्पादक एसोसिएशन का गठन किया गया। यह निर्णय बरमाणा के समीप डैहर स्थित आदित्य स्टे होम में आयोजित बैठक में लिया गया, जिसमें प्रदेशभर से लगभग 30 सौर ऊर्जा परियोजना संचालकों ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से कुशाल चंद ठाकुर को अध्यक्ष, रूप लाल सांख्यान को महासचिव, राजीव शर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा चंद्र प्रकाश चंदेल को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। कुशाल चंद ठाकुर ने कहा कि हिमाचल को हरित राज्य बनाने में सौर ऊर्जा उत्पादकों की भूमिका अहम है, परंतु वे कई समस्याओं से जूझ रहे हैं, जैसे टैरिफ, रखरखाव शुल्क, बिल भुगतान में देरी और मीटर रीडिंग में समस्याएं। एसोसिएशन जल्द ही एचपीएसईबीएल और अन्य विभागों से मिलकर समाधान की दिशा में कार्य करेगी। महासचिव रूप लाल ने कहा कि संगठन सभी सदस्यों की समस्याएं सरकार तक पहुंचाकर उचित कार्रवाई करवाने का प्रयास करेगा।

# रामलाल ने जबल-मेहला फोरलेन पर दरकती पहाड़ी का किया निरीक्षण



रामलाल ठाकुर को नुकसान के बारे में जानकारी देते अधिकारी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**पूर्व** मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामलाल ठाकुर ने सोमवार को जबल-मेहला-बागछाल फोरलेन मार्ग पर दरकी हुई पहाड़ी का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर पहुंचकर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों से मुलाकात की और इलाके में उत्पन्न हो रहे खतरे पर चिंता जताई।

रामलाल ने खासतौर पर जबल के पास गुजर रही एचटी बिजली लाइन और जबल-क्यारियां संपर्क मार्ग पर मंडरा रहे खतरे की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि जल्द से जल्द स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी तरह की जानमाल की हानि न हो।

उन्होंने कहा कि लगातार बारिश से पहाड़ियों की मजबूती प्रभावित हुई है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है। स्थानीय लोग भय के माहौल में जीवन जी रहे हैं।

उन्होंने रामलाल ने एनएचएआई को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने की सख्त हिदायत दी और कहा कि जनता की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। प्रशासन को संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर तत्परता से कार्रवाई करनी चाहिए।

## न्यूज ब्रीफ

### तीसा अस्पताल की बदहाली पर जताई चिंता



**हाशू शेख, अनंत ज्ञान।** चुराह। पूर्व एनएसयूआई तीसा के कैंपस अध्यक्ष सोनू ठाकुर ने सिविल अस्पताल तीसा की खस्ता हालत पर नाराजगी जताते हुए सरकार से तुरंत सुधार की मांग की है। उन्होंने कहा कि चुराह क्षेत्र के इस एकमात्र अस्पताल में न सफाई की व्यवस्था है, न पर्याप्त स्टाफ। यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो चुराह की जनता सड़कों पर उतरने को मजबूर होगी। सोनू ठाकुर ने बताया कि इस मुद्दे को कई बार विभिन्न संगठनों और राजनीतिक दलों द्वारा उठाया गया, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में कार्यकर्ताओं की आवाज अनसुनी करना पार्टी के लिए खतरे की घंटी है। उन्होंने तीसा अस्पताल की स्थिति में शीघ्र सुधार की मांग की।

### माता-पिता की आज्ञा का पालन कर श्रीगणेश बने प्रथम पूज्यः राघव ऋषि

**अनंत ज्ञान, पांगी।** पांगी के किलाड़ खेलकूद भवन में ऋषि सेवा समिति द्वारा आयोजित संगीतमयी श्री शिवमहापुराण कथा के पंचम दिवस पर पूज्य राघव ऋषि ने भगवान शिव और श्रीगणेश के दिव्य चरित्र का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि पार्वती ने अपने शरीर के मैल से गणेश जी को उत्पन्न कर द्वारपाल बनाया। शिव के कोप से उनका मस्तक कट गया, लेकिन पार्वती की इच्छा पर गजमस्तक लगाकर उन्हें सर्वाध्यक्ष पद प्रदान किया गया। गणेश विवाह प्रसंग में पूज्य ऋषि ने बताया कि माता-पिता की सात प्रदक्षिणा कर गणेश जी ने प्रथम विवाह का अधिकारीत्व पाया और ऋद्धि-सिद्धि से उनका विवाह हुआ। झांकी और भजन ने भक्तों को भावविभोर किया। समिति के प्रेम ठाकुर, रोशन राणा, भानी चंद्र ठाकुर सहित कई श्रद्धालु कथा आरती में शामिल हुए। मंगलवार को द्वादश ज्योतिर्लिंग प्रसंग होगा।

### नौकरी लेने के लिए कल आएं चंबा आईटीआई

**अनंत ज्ञान, चंबा।** आईटीआई चंबा में 6 अगस्त को सुजुकी मोटर्स गुजरात द्वारा कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में मोटर मैकेनिक, इलेक्ट्रीशियन, फिटर, टर्नर, वेल्डर, वायरमैन, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, मशीनिस्ट, पेंटर, शीट मेटल, ट्रैक्टर मैकेनिक, डीजल मैकेनिक, टूल और डाई, पीपीओ जैसे ट्रेड्स से आईटीआई पास अभ्यर्थियों को शामिल किया जाएगा। चयनित उम्मीदवारों को 25,300 रुपए वेतन पर एक वर्ष के फिक्स्ड टर्म कॉन्ट्रैक्ट पर नियुक्त किया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवार सुबह 9 बजे अपने दस्तावेजों सहित (10वीं, आईटीआई मार्कशीट, आधार कार्ड, पैन कार्ड और पासपोर्ट साइज फोटो) आईटीआई चंबा पहुंचें। इच्छुक छात्र अप्रेंटिसशिप का विकल्प भी चुन सकते हैं, जिसमें 18,300 रुपए स्टाइपेंड मिलेगा।

### धरवाला मुख्य द्वार बना गंदगी का अड्डा

**अनंत ज्ञान, धरवाला।** पठानकोट-भरमौर राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर स्थित धरवाला बाजार के मुख्य द्वार पर जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं और नालियां ब्लॉक होने से गंदा पानी बीच सड़क पर बह रहा है। इससे राहगीरों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तिलक कुमार, अजय कुमार, जीत कुमार, विक्की ठाकुर, जोगिंदर कुमार और रवि सहित अन्य लोगों ने बताया कि खुले में कचरा फेंका जा रहा है और सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप पड़ी है। महज 100 मीटर की दूरी पर सरकारी अस्पताल, उप-तहसील, ग्रामीण बैंक और जल शक्ति विभाग जैसे अहम कार्यालय हैं, इसके बावजूद प्रशासन आंखें मूंदे हुए है। लोगों ने चिंता जताई है कि बरसात के चलते डेंगू जैसी बीमारियां फैल सकती हैं और जल्द समाधान की मांग की है।



# पठानिया बोले–फैसला नहीं, अटूट संकल्प है चंबा–चुवाड़ी टनल निर्माण

## टनल बनेगी चंबा की विकास और सुरक्षा का आधार, दशकों पुरानी परेशानी होगी दूर

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**



**चंबा।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने चंबा–चुवाड़ी टनल निर्माण को लेकर बड़ा ऐलान करते हुए सोमवार को कहा कि यह कोई साधारण फैसला नहीं, बल्कि हमारा अटूट संकल्प है, जो पूरा होकर रहेगा। उन्होंने कहा कि यह टनल न केवल चंबा के लोगों के लिए राहत की सांस साबित होगी, बल्कि सामरिक दृष्टि से भी इसका निर्माण अत्यंत महत्वपूर्ण है।

पठानिया ने कहा कि चंबा आज भी हिमाचल के उन ज़िलों में शामिल है जो कनेक्टिविटी की गंभीर चुनौतियों से जूझ रहे हैं। कठिन भौगोलिक परिस्थितियां, लंबे सफ़र और सीमित सड़क नेटवर्क यहां के विकास की रफ्तार को धीमा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम विकास से दूर नहीं रह सकते। यह टनल चंबा की दशकों पुरानी समस्या को हल करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम होगी।

उन्होंने स्पष्ट किया कि यह परियोजना लोगों को बेहतर सड़क सुविधा ही नहीं देगी बल्कि चंबा को प्रदेश और देश के अन्य हिस्सों से जोड़ने में बड़ी भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि टनल नेटवर्क का विस्तार ज़िले को नई दिशा देगा, जीवनशैली में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा और विकास की रफ्तार को कई गुना बढ़ाएगा। सिर्फ विकास ही नहीं, पर्यावरण पर भी विशेष ध्यान देने का आश्वासन देते हुए पठानिया ने कहा कि परियोजना को इस तरह से डिजाइन किया जाएगा कि आधुनिक परिवहन जरूरतें और पर्यावरण संरक्षण, दोनों के बीच संतुलन बना रहे।

उन्होंने यह भी जोड़ा कि टनल नेटवर्क का विस्तार सामरिक दृष्टि से भी अत्यंत अहम है, जो भविष्य में क्षेत्र की सुरक्षा और रणनीतिक महत्व को और मजबूत करेगा। पठानिया ने कहा कि चंबा–चुवाड़ी टनल बनने के बाद जहां लोगों की दूरियां घटेंगी, वहीं विकास की नई राहें खुलेंगी और क्षेत्र की सुरक्षा भी और सुदृढ़ होगी।

**भौगोलिक चुनौतियों को मात देगी टनल**

**परिवहन और पर्यावरण में संतुलन का वादा**

# 785 करोड़ की 37 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, चंबा**



**अंतरराष्ट्रीय** मिंजर मेला–2025 के समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने चंबा चौगान में की। उन्होंने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू की ओर से 785.32 करोड़ रुपये लागत की 37 विकासात्मक परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री का दौरा मौसम के कारण रद्द हुआ, और उनकी ओर से सभी औपचारिकताएं पठानिया ने पूर्ण कीं।

पठानिया ने बताया कि राज्य सरकार के वर्तमान कार्यकाल में चंबा ज़िला में विभिन्न योजनाओं पर 1500 करोड़ रुपये व्यय किए गए हैं। उन्होंने कहा कि ज़िले की भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए समावेशी विकास पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने अनुकंपा आधार पर सरकारी नौकरी के लिए पात्रता की आय सीमा को तीन लाख रुपये तक बढ़ाने के फैसले को सराहनीय बताया, जिससे लगभग 6,000 युवाओं को लाभ मिलेगा। साथ ही, चंबा–चुवाड़ी टनल को सामरिक दृष्टि से अहम बताते हुए टनल नेटवर्क विस्तार पर जोर दिया। कार्यक्रम में विधायक नीरज नैय्यर ने मेला आयोजन की सफलता पर बधाई दी और बताया कि चंबा से हेली टैक्सी सेवा शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री से अनुरोध किया गया है। उन्होंने चौगान

**विस अध्यक्ष पठानिया ने की मिंजर मेला समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता**

# भरमौर को मिली विकास परियोजनाओं की सौगात

**अनंत ज्ञान, चंबा**



**चंबा** में आयोजित अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला 2025 का समापन सोमवार को बड़े उत्साह के साथ हुआ। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में एपीएमसी अध्यक्ष ललित ठाकुर ने विशेष रूप से शिरकत की।

ललित ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के आशीर्वाद से भरमौर विधानसभा को विकास की नई सौगातें मिली हैं। इस मौके पर कई अहम परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया गया, जो क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होंगी।

इनमें भरमौर कॉलेज का नवनिर्मित भवन, खनी और गरोला स्कूलों की विज्ञान प्रयोगशालाएं, होली उप–कोषागार, सियुंर स्कूल भवन, मैहला में बालिका छात्रावास और थला में खाद्य आपूर्ति भंडार भवन प्रमुख हैं।

ललित ने कहा कि ये सभी योजनाएं शिक्षा, आवास और नागरिक सुविधाओं के क्षेत्र में भरमौर क्षेत्र को नई दिशा देंगी। स्थानीय लोगों ने भी सरकार का आभार जताते हुए इसे भरमौर के लिए एक सुनहरा कदम बताया।

**मिंजर मेला का भव्य समापन, एपीएमसी अध्यक्ष ललित ने की शिरकत**

# 7.30 करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, चंबा।** सीएम सुक्खू ने सोमवार को दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से चंबा को करोड़ों की सौगातें दी। इस दौरान पशुपालन विभाग चंबा की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया। कुल 7 करोड़ 30 लाख रुपए की लागत से बनी इन परियोजनाओं में 3.93 करोड़ से निर्मित भेड़ प्रजनन केंद्र भनौता, 1.66 करोड़ की लागत से तैयार गो सदन मंजीर, 1.01 करोड़ की लागत से निर्मित पशु चिकित्सालय भवन खज्जियार और भेड़ कृत्रिम गर्भाधान प्रयोगशाला शामिल हैं।

इन परियोजनाओं के लोकार्पण से जिले के किसानों और पशु पालकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यह जानकारी पशु पालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. मुंशी कपूर ने दी। जिले में पशुपालन क्षेत्र के विकास में उपनिदेशक पशुपालन विभाग डॉ. मुंशी कपूर की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही है।

**भनौता केंद्र में पाली जाएंगी ऑस्ट्रेलियन मैरिनो भेड़ें: भनौता** स्थित भेड़ प्रजनन केंद्र में अब ऑस्ट्रेलियन मैरिनो नस्ल की भेड़ें पाली जाएंगी। यहां से जिले के भेड़ पालकों को नर मेढ़े नस्ल सुधार हेतु उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे देसी भेड़ों की नस्ल में सुधार कर संकर नस्ल विकसित की जाएगी।

**आजीविका में होगा इजाफा: इस** पहल से भेड़ पालकों की आजीविका में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और जिले के पशुपालकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में नई राह खुलेगी।

# भाजपा ने बनीखेत के सुभाष व भरमौर के विनोद कुमार को सौंपा महामंत्री पद



**अनंत ज्ञान, चंबा**

भाजपा की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन सरोल स्थित कार्यालय में जिलाध्यक्ष धीरज सिंह नरयाल की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर पुरुषोत्तम गुलेरिया व संजीव देष्टा पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे, जबकि बैठक में चुराह विधायक डॉ. हंस राज, विधायक डॉ. जनक, डीएस ठाकुर व चंबा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी नीलम नैय्यर समेत कई प्रमुख नेता मौजूद रहे।

बैठक में पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नई जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। सुभाष चंद (बनीखेत) और विनोद कुमार (भरमौर) को महामंत्री नियुक्त किया गया। उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी विनोद कुमार (खजियार, विरेंद्र ठाकुर (चुराह), सुभाष (भरमौर होली), विजय ठाकुर (डलहौजी), दिव्य चक्षु शर्मा (चुवाड़ी) और विनीत विज (करियां) को सौंपी गई।

सतपाल चावला कोषाध्यक्ष बनाए गए, जबकि मनीषा कुमारी, कौशल्या देवी, नीलम कुमारी, संदीप कुमार और दुर्गश्वरी थापा को सचिव पद दिया गया। मीडिया प्रभारी विशाल उपमन्यु, आईटी संयोजक नीरज कपूर, सोशल मीडिया संयोजक सुनील शर्मा, सह संयोजक शिवानी ठाकुर तथा दर्जनों नए सदस्यों को कार्यकारिणी में स्थान मिला। विशेष आमंत्रित सदस्यों में हर्ष महाजन, डॉ. हंस राज, पवन नैय्यर, जसवीर नागपाल, बृज लाल शर्मा सहित अनेक वरिष्ठ नेताओं को शामिल किया गया।

# अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले में गूंजी राजपूताना शान

## शुभम ठाकुर की अध्यक्षता में राजपूत सभा चंबा ने निकाली भव्य शोभायात्रा



**अनंत ज्ञान, चंबा**

**अंतरराष्ट्रीय** मिंजर मेले के समापन समारोह में रविवार को राजपूत सभा चंबा ने एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया, जिसने पूरे मेले का आकर्षण और बढ़ा दिया। राजपूत सभा के अध्यक्ष शुभम ठाकुर के नेतृत्व में निकली इस शोभायात्रा में चंबा की प्राचीन संस्कृति, धार्मिक परंपराएं और पारंपरिक वेशभूषा का अद्भुत प्रदर्शन देखने को मिला। शोभायात्रा में बच्चों से लेकर महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों तक ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। यह सहभागिता न केवल सभा की मजबूती का प्रतीक रही, बल्कि राजपूत समाज की एकजुटता और अपनी संस्कृति के प्रति अटूट लगाव का भी सशक्त संदेश दिया। समापन समारोह में यह शोभायात्रा मुख्य आकर्षण बनी रही। शुभम ठाकुर ने इस अवसर पर कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज में हिंदू संस्कृति की रक्षा और राजपूत परिवारों की एकता को और मजबूत करना है। मेले में मौजूद दर्शकों ने भी इस भव्य शोभायात्रा की सराहना की और इसे राजपूत परंपरा एवं चंबा की गौरवशाली धरोहर का अद्वितीय उदाहरण बताया।

# कडू नाले में फंसे जीएसआई अधिकारी और 14 कुली, सभी सुरक्षित निकाले

**अनंत ज्ञान, पांगी**



**पांगी** के कडू नाले में 3 अगस्त को भारी बारिश के चलते जलस्तर अचानक बढ़ गया, जिससे पुलियां बह गईं और रास्ता अवरुद्ध हो गया। इस दौरान भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) के तीन अधिकारी और 14 कुली फंस गए। सूचना मिलते ही पुलिस, अग्निशमन, वन एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम मौके पर रवाना हुई।

लगभग 3200 मीटर की ऊंचाई पर स्थित इस दुर्गम क्षेत्र में राहत कार्य बेहद चुनौतीपूर्ण रहा। टीम ने साहस और समन्वय से सभी फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। प्रशासन ने इस अभियान को विषम परिस्थितियों में उत्कृष्ट और त्वरित कार्रवाई का उदाहरण बताया, जिससे समय रहते सभी लोगों की जान बचाई जा सकी।

## खेलो पंचायत अभियान के तहत छतराड़ी में वॉलीबाल टूर्नामेंट संपन्न

# शिव शक्ति युवक मंडल बना विजेता

**अनंत ज्ञान, छतराड़ी**



**छतराड़ी** पंचायत में खेलो पंचायत अभियान के अंतर्गत एक भव्य वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन माँ शक्ति प्रांगण में किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को नशे और डिजिटल लत से दूर रखते हुए खेलों की ओर प्रेरित करना था। प्रतियोगिता में कुल 10 टीमों ने भाग लिया और सभी ने जबरदस्त खेल भावना का प्रदर्शन किया।

कड़े मुकाबले के बाद शिव शक्ति युवक मंडल विजेता बना, जबकि बौर टीम को उपविजेता का स्थान प्राप्त हुआ। समापन समारोह में विजेता टीमों को ट्रॉफी और सम्मान पत्रों से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत प्रधान महंदो राम रहे। साथ ही राज बासु (टूरिज्म गांधी ऑफ इंडिया), डॉ. माधुरी दत्ता (कल्चर एंड हेरिटेज स्पेशलिस्ट) और संजीव शर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समापन समारोह की अध्यक्षता अजय शर्मा ने की, जबकि उप प्रधान कमल जीत उर्फ मोनू ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। अभियान के संयोजक अविनाश गोगु शर्मा ने युवाओं से आह्वान किया कि नशे को ना कहें, खेल को हां कहें इस आयोजन में स्थानीय युवाओं और ग्रामीणों की उल्लेखनीय भागीदारी रही, जिसने छतराड़ी क्षेत्र में खेलों के प्रति नई चेतना और ऊर्जा का संचार किया।

### सूडोकु नवताल- 7512 (***** कठिन)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | 9 | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 9 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | 1 | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7511 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |

# पांगी के धरवास में सड़क धसने से ट्रक दुर्घटनाग्रस्त, चालक सुरक्षित

**अनंत ज्ञान, पांगी**

पांगी उपमंडल के धरवास गांव में आज सुबह एक सीमेंट से भरा ट्रक अचानक सड़क धसने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया। ट्रक किलाड़ से धरवास की ओर जा रहा था, जब यह हादसा हुआ। ट्रक जैसे ही सड़क के कमजोर हिस्से पर पहुंचा, सड़क धंस गई और चालक लोकेश कुमार (निवासी चंबा) गाड़ी से नियंत्रण खो बैठा। खुशकिस्मती रही कि चालक को कोई गंभीर चोट नहीं आई और वह सुरक्षित बाहर निकलने में सफल रहा। इस दुर्घटना में किसी अन्य व्यक्ति को भी कोई नुकसान नहीं पहुंचा। फिलहाल, इस घटना के बाद से सड़क मार्ग बाधित है, जिससे क्षेत्र में यातायात प्रभावित हुआ है। यह हादसा सड़क की जर्जर स्थिति और भूसंरचनात्मक कमजोरी के कारण हुआ प्रतीत होता है।

स्थानीय प्रशासन से अपेक्षा की जा रही है कि जल्द ही मार्ग की मरम्मत करवाई जाए और इस प्रकार के संवेदनशील स्थानों की नियमित निगरानी और सुधार कार्य सुनिश्चित किए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसे हादसे न हों और लोगों की सुरक्षा बनी रहे।

**कमजोर सड़क बनी हादसे की वजह, ट्रक पलटा लेकिन बड़ा हादसा टला**



ट्रक दुर्घटनाग्रस्त

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

मंगलवार, 5 अगस्त 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत आषाढ़, **तिथि** एकादशी (13:09) **: नक्षत्र** ज्येष्ठा (11:13), **पक्षः** शुक्ल, **योग :** ब्रह्मा (06:55), **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:00-12:53)। **राहुकाल** (07:27-09:07)।

### विशेष दिन

- 5 अगस्त 2025: स्वर्ण मुकुट मस्तक दिवस आज।
- 5 अगस्तः राष्ट्रीय अंडरवियर दिवस आज।

**मेषः** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें।

**वृषः** जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**मिथुनः** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कर्कः** किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। बुद्धि और धन का दुरूपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें।

**सिंहः** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी।

**कन्याः** शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा।

**तुलाः** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**वृश्चिकः** स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी।

**धनुः** बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**मकरः** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा।

**कुंभः** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी व अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**मीनः** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

# भरमौर में पहली बार हरिद्वार से गंगाजल लाकर मणिमहेश मंदिर में जलाभिषेक

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

**भरमौर** के ऐतिहासिक मणिमहेश मंदिर में पहली बार हरिद्वार से लाया गया गंगाजल अर्पित किया गया। यह पुण्य कार्य जम्मू निवासी रजत और लवली नामक दो कांवड़ियों ने संपन्न किया। इन श्रद्धालुओं ने 25 दिनों तक पैदल चलकर करीब 600 किलोमीटर की दूरी तय कर रविवार को भरमौर पहुंचकर भोलेनाथ को जल अर्पित किया।

कांवड़ियों के भरमौर पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने फूल मालाओं और हार पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। इस ऐतिहासिक पल ने पूरा भरमौर शिवमय बना दिया। पहली बार किसी ने हरिद्वार से गंगाजल लाकर मणिमहेश मंदिर में जलाभिषेक किया, जिससे धार्मिक वातावरण और अधिक भक्तिमय हो गया। रजत और लवली ने बताया कि उनका उद्देश्य सनातन धर्म की परंपराओं को जीवित रखना और उसका प्रचार करना है।

उन्होंने बताया कि भरमौर पहुंचकर जिस आत्मीयता और सम्मान के साथ उनका स्वागत किया गया, वह जीवनभर नहीं भूल पाएंगे।

गौरतलब है कि जम्मू क्षेत्र में भगवान शिव के प्रति अटूट श्रद्धा है। हर वर्ष हजारों श्रद्धालु मणिमहेश यात्रा में भाग लेते हैं, जिनमें से कई नंगे पांव पैदल यात्रा करते हैं। मान्यता है कि जम्मूवासी माता पार्वती को अपनी बेटी और भोलेनाथ को दामाद मानते हैं, इसी भाव से वर्षों से यह परंपरा चली आ रही है। यह यात्रा न केवल श्रद्धा की मिसाल है, बल्कि धार्मिक एकता और संस्कृति का भी प्रतीक बन गई है।



25 दिन की पैदल यात्रा कर पहुंचे जम्मू के कांवड़िए, भरमौर में स्वागत किया।

# भरमौर में बैल ने मचाया आतंक; एक व्यक्ति घायल, कई गाड़ियों को नुकसान

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान**



**भरमौर** के थला सुपा रोड पर एक आवारा बैल ने अचानक उग्र व्यवहार दिखाते हुए एक व्यक्ति को टक्कर मारकर घायल कर दिया और साथ ही आधा दर्जन से अधिक वाहनों को भी नुकसान पहुंचाया। इस घटना से स्थानीय लोग दहशत में आ गए हैं और बैल के पागल होने की आशंका जता रहे हैं।

स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना प्रशासन और पशु पालन विभाग को दी। भेड़ विकास विभाग के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. राकेश भंगालिया ने बताया कि प्रारंभिक जांच में बैल पागल नहीं लग रहा है। उन्होंने कहा कि टेस्टोस्टेरोन स्तर बढ़ने से जानवर कभी–कभी आक्रामक हो जाते हैं, लेकिन आमतौर पर 24 घंटे के भीतर सामान्य हो जाते हैं। डॉ. भंगालिया ने स्पष्ट किया कि पागल जानवर के लक्षणों में मुंह से लार गिरना और जमीन पर न बैठना शामिल होता है, जबकि यह बैल न केवल बैठ रहा है, बल्कि किसी प्रकार की लार भी नहीं निकल रही है। सावधानी के दृष्टिकोण से विभाग द्वारा उस स्थान पर, जहां बैल ने पानी पिया था, वैक्सीनेशन टीम भेजी जा रही है। लोगों ने इस आवारा पशु की जल्द से जल्द उचित देखरेख की मांग की है।

तुम्हें कोई पढ़ा नहीं सकता, कोई आध्यात्मिक नहीं बना सकता, तुम्हें खुद ही सब कुछ सीखना होगा। -स्वामी विवेकानंद

संपादकीय

## राजनीतिक अपरिपक्वता

विपक्ष के नेता राहुल गांधी भारतीय राजनीति का एक ऐसा चेहरा हैं, जो जितना अपनी वंश परंपरा के लिए जाना जाता है, उतना ही विवादों के लिए भी। पंडित जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी जैसे कद्दावर नेताओं की विरासत संभालने वाले राहुल अभी तक अपनी एक परिपक्व और सर्वमान्य नेता की छवि नहीं बना पाए हैं। इसके पीछे एक बड़ा कारण उनकी 'बेबाकी' और राजनीतिक असावधानी है, जो अक्सर उन्हें विवादों में ला खड़ा करती है। 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद सबसे पहले राहुल गांधी को ही उनके निशाने पर लिया गया। मोदी और उनकी सोशल मीडिया रणनीति ने राहुल की भाषणशैली, प्रतिक्रिया और राजनीतिक अपरिपक्वता को भुनाया। भाजपा के आईटी सेल ने सोशल मीडिया पर राहुल को 'पप्पू' का तमगा दिया, जिसे बार-बार मीम और वीडियो क्लिप्स के जरिए प्रचारित किया गया। इस रणनीति का असर यह हुआ कि आमजन में भी राहुल की छवि एक 'अनाड़ी नेता' के रूप में बनती गई।

राहुल गांधी की समस्या केवल विरोधियों के हमलों तक सीमित नहीं रही। उन्होंने कई ऐसे बयान दिए, जिनमें या तो तथ्यों का अभाव देखा गया फिर वे अनावश्यक रूप से भड़काऊ थे। 2022 में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने कहा था कि चीन ने भारत की 2000 वर्ग किमी जमीन पर कब्जा कर लिया है और अरुणाचल में भारतीय सैनिकों को पीटा जा रहा है। इस बयान को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने उनसे पूछा कि उनकी जानकारी का स्रोत क्या है? रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस बयान को 'तथ्यहीन और भ्रामक' बताया। इसके बाद बीआरओ के पूर्व निदेशक उदय शंकर श्रीवास्तव ने राहुल पर मानहानि का मुकदमा किया, जिस पर अब सुप्रीम कोर्ट ने राहुल को फटकार लगाई है।

यह मानना पड़ेगा कि राहुल के कई बयान वैचारिक और ऐतिहासिक दृष्टिकोण से भी विवादित रहे हैं। उन्होंने महाराष्ट्र में सावरकर पर टिप्पणी करते हुए उन्हें 'अंग्रेजों का नौकर' बताया और दावा किया कि उन्होंने माफीनामा लिखकर स्वतंत्रता आंदोलन को धोखा दिया। सावरकर के परिजन और शिंदे गुट की शिवसेना नेता वंदना डोंगरे ने इस पर आपत्ति जताई और मामला दर्ज कराया। इसी तरह, उन्होंने आरएसएस को 21वीं सदी का 'कौरव' बताया और कहा कि यह संगठन खाकी निकर और लाठी के साथ नफरत फैलाता है। इस पर भी हरिद्वार में मुकदमा चल रहा है। इतना ही नहीं, 2019 में राहुल गांधी ने कर्नाटक के कोलार में कहा था कि सभी चोरों का सरनेम मोदी क्यों होता है? इस बयान पर भाजपा नेता पूर्णेश मोदी ने उनके खिलाफ आपराधिक मानहानि का मामला दर्ज किया, जिसमें सूरत कोर्ट ने उन्हें दो साल की सजा सुनाई और इसकी वजह से उन्हें लोकसभा की सदस्यता भी गंवानी पड़ी। यह पहला अवसर नहीं है जब राहुल गांधी ने ऐसा विवादित बयान दिया हो।

गौरी लंकेश की हत्या के बाद उन्होंने आरएसएस पर हत्या करवाने जैसे आरोप लगाए, जिस पर ठाणे कोर्ट ने समन जारी किया। उन्होंने नोटबंदी पर भी अमित शाह और सहकारी बैंक को लेकर बयान दिया, जिसके चलते अहमदाबाद जिला बैंक ने उन पर मानहानि का मुकदमा किया। उन्होंने यह भी दावा किया कि आरएसएस ने उन्हें असम के एक मंदिर में जाने से रोका था। इस पर भी गुवाहाटी में मुकदमा चल रहा है। 2014 में भिवंडी में रैली के दौरान उन्होंने आरएसएस को महात्मा गांधी की हत्या से जोड़ा, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें फटकार लगाई और अंततः उन्हें माफी मांगनी पड़ी।

इस सबके बावजूद राहुल गांधी के पास राजनीतिक अनुभव, जमीनी जुड़ाव और युवाओं में लोकप्रियता जैसी कुछ खूबियां हैं। भारत जोड़ो यात्रा ने उनके भीतर एक नई ऊर्जा और आत्मविश्वास भरा है। उनके भाषणों में संवेदनशील मुद्दों की समझ और सामाजिक एकता की बातें दिखाई देती हैं। अगर वे वाकई खुद को एक मजबूत राष्ट्रीय नेता के रूप में स्थापित करना चाहते हैं, तो उन्हें राजनीतिक अपरिपक्वता से ऊपर उठना होगा।

राहुल गांधी के पास अब भी समय है कि वह अपनी रणनीति को पुनः परिभाषित करें। उन्हें चाहिए कि वह अनर्गल आरोपों से बचें और मुद्दों पर आधारित राजनीति करें। भारत की जनता एक जिम्मेदार नेता को देखना चाहती है, जो शब्दों से नहीं, कार्यों से विश्वास दिलाए। राहुल एक प्रतिभाशाली और करिश्माई नेता हैं। उनकी पृष्ठभूमि और अनुभव उन्हें एक बड़ा मंच प्रदान करते हैं, लेकिन उन्हें इस मंच पर खड़ा रहना है तो राजनीति की गंभीरता और जिम्मेदारी को समझना होगा। उन्हें अब बयानों की राजनीति से निकलकर विचारों और विकास की राजनीति की ओर बढ़ना होगा। और यदि उन्होंने यह सबक सीख लिया, तो संभव है कि एक दिन वे भी नेहरू-इंदिरा-राजीव की तरह भारत की जनता के आदर्श बन सकें। ■

### आज के दिन की प्रमुख हस्ती


## भारतीय मशहूर अभिनेत्री

**काजोल** विशाल देवगन जिन्हें काजोल के नाम से जाना जाता है, एक भारतीय अभिनेत्री हैं। मीडिया में उन्हें हिंदी सिनेमा की सबसे सफल अभिनेत्रियों में से एक बताया गया है और उन्हें कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। तनुजा और शोमू मुखर्जी की बेटी, काजोल ने स्कूल में रहते हुए ही बेखुदी (1992) से अभिनय की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने पढ़ाई छोड़ दिया और बाजीगर (1993) और ये दिल्लगी (1994) जैसी फिल्मों में व्यावसायिक सफलता हासिल की। सबसे ज्यादा कमाई करने वाली रोमांटिक फिल्मों दिलवाले



काजोल मुखर्जी
जन्म : 5 अगस्त 1974

दुल्हनिया ले जाएंगे (1995) और कुछ कुछ होता है (1998) में अभिनय ने उन्हें 1990 के दशक में एक प्रमुख स्टार के रूप में स्थापित किया और उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए दो फिल्मफेयर पुरस्कार मिले। फिल्मों में अभिनय के अलावा, काजोल एक सामाजिक कार्यकर्ता भी हैं और विधवाओं और बच्चों के लिए अपने काम के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने 2008 में रियलिटी शो रॉक-एन-रोल फैमिली में एक टैलेंट जज के रूप में काम किया है और देवगन एंटरटेनमेंट एंड सॉफ्टवेयर लिमिटेड में प्रबंधकीय पद पर कार्यरत हैं। काजोल 1999 से अभिनेता और फिल्म निर्माता अजय देवगन से विवाहित हैं, जिनसे उनके दो बच्चे हैं। काजोल का बॉम्बे में हुआ था। उनकी मां तनुजा एक अभिनेत्री हैं, जबकि उनके पिता शोमू मुखर्जी एक फिल्म निर्देशक और निर्माता थे। उनकी छोटी बहन तनिष्ठा भी एक अभिनेत्री हैं। उनकी मौसी अभिनेत्री नूतन थीं और उनकी नानी शोभना समर्थ और परदादी रतन बाई दोनों हिंदी सिनेमा से जुड़ी थीं। उनके पैतृक चाचा, जॉय मुखर्जी और देब मुखर्जी फिल्म अभिनेता थे। ■



कविता

## कलजुगा रा क्या कैहणा

रवि कुमार, गांव मैहरी काथला, जिला बिलासपुर

**कलजुगा** रा क्या कैहणा लोको, इसरी तां गाल्ल ई निराली।
मैस तां मैस इथी, पेढ़ वी तां काली।
से जे बिकदा सोने रे भाव, तिसणे तां सबणी जो लगाव।
न बिके आदर्श सही, तिसो तां पले-पले गालीं।
ऐड़े अणमोल सपूत बनाइदे, से जे माया रे परदे हटाइदे।
जिओ कणे जीणे देवा, येणी छैल वाट दखाइदे।
ऐड़ा कल्कि अवतार हो बौहत छोणे,
से जे काम्मा, क्रोधा, लोभा जो दूर भगाइदे।
ऐड़ा कलजुग जाए हुण छोणे छोणे बीत,
जीथी माणुए-माणुए च घट्टी जांदी प्रीत।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# विश्व शतरंज में भारतीय महिलाओं की बादशाहत

भारत की दिव्या देशमुख ने विश्व महिला शतरंज कप की नई चैंपियन बनकर 144 करोड़ भारतीयों को गौरवान्वित किया है। आज भारतीय शतरंज पूरे विश्व का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रही है और करे भी क्यों न? आज शतरंज के जन्मदाता देश में शतरंज प्रतिभाओं की कमी नहीं है। पूरे विश्व शतरंज जगत में भारतीय युवा शतरंज प्रतिभाओं का दौर चल रहा है। भारतीय टाइगर विश्वनाथ आनंद ने पहले ही भारतीय शतरंज प्रतिभा की छाप विश्व पटल पर अंकित कर दी थी।



हंसराज ठाकुर
लेक्चरर फिजिक्स, बग्गी (सुंदरनगर)

पिछले वर्ष युवा डी गुकेश विश्व शतरंज चैंपियन बन चुके हैं, जिससे शायद पूरा विश्व शतरंज जगत चकित हैं। कुछ नामी गिरामी खिलाड़ी तो ईर्ष्या की भावना भी रखने लगे हैं भारतीय युवाओं से। भारतीय पुरुषों की बादशाह तो विश्व देख चुका है, अब पूरे विश्व की नजरें भारतीय महिला खिलाड़ियों की तरफ थी। वर्ष 2025 महिला शतरंज विश्व कप में, पहली बार चार भारतीय खिलाड़ियों ने शिरकत की-जिसमे कोनेरू हम्पी, हरिका द्रोणावल्ली, आर वैशाली और दिव्या देशमुख शामिल थी। इस विश्व शतरंज प्रतियोगिता में दिव्या देशमुख अपने शानदार प्रदर्शन से पहले ही विश्व कप फाइनल में प्रवेश के साथ, कैंडिडेट्स के लिए भी योग्यता प्राप्त कर चुकी है। अब दो बार की विश्व रैपिड क्वीन कोनेरू हम्पी भी फाइनल में पहुंच चुकी है। पहली बार दो भारतीय महिला खिलाड़ी विश्व शतरंज कप के फाइनल में पहुंची है, तो निश्चित है कि पहली बार विश्व शतरंज कप की विजेता भी भारतीय महिला खिलाड़ी ही होगी। महिला विश्व कप की शुरुआत वर्ष 1927 में इंग्लैंड (लंदन) से हुई। भारतीय शतरंज के इतिहास में यह पहली बार और अद्वितीय घटना है कि विश्व शतरंज चैंपियन डी गुकेश भी भारतीय युवा हैं ऑफ विश्व शतरंज महिला कप विजेता भी भारतीय महिला खिलाड़ी ही बनेगी । यह ऐतिहासिक पल भारतीय शतरंज के इतिहास में पहले कभी नहीं देखे गए और सभी भारतीय महिला खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्पद बनेंगे। नौ दिसंबर 2005 को नागपुर में जन्मीं दिव्या ने पांच साल की उम्र से शतरंज खेलना शुरू कर दिया था। उनके माता-पिता डॉक्टर हैं। उनके पिता का नाम जितेंद्र और माता का नाम नम्रता है।



**दिव्या देशमुख के करियर और उनकी उपलब्धियों के बारे में:** अंतरराष्ट्रीय मास्टर दिव्या देशमुख महिला शतरंज विश्व कप में अपने शानदार प्रदर्शन से एक बार फिर सुर्खियों में आ गई हैं। 19 साल की दिव्या ने इस टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और टाईब्रेकर में हमवतन द्रोणावल्ली हरिका को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दिलचस्प बात यह है कि दिव्या पहली बार विश्व कप में हिस्सा ले रही हैं और कोण जनता था कि यह भारतीय युवा इतिहास रच देगी।

**विश्व युवा चैंपियन रही हैं दिव्या:** दिव्या ने 2012 में सात साल की उम्र में अंडर-7 नेशनल चैंपियनशिप जीती। इसके बाद उन्होंने अंडर-10 (डरबन, 2014) और अंडर-12 (ब्राजील, 2017) कैटेगरी में विश्व युवा खिताब भी जीते। इसके बाद 2014 में डरबन में आयोजित अंडर-10 वर्ल्ड यूथ टाइटल और 2017 में ब्राजील में अंडर-12 कैटेगरी में भी खिताब अपने नाम किए। उनकी निरंतर प्रगति ने उन्हें 2021 में महिला ग्रैंडमास्टर बना दिया और इसके साथ ही वह विदर्भ की पहली और देश की 22वीं महिला खिलाड़ी बनीं जिन्होंने यह उपलब्धि हासिल की। महिला विश्व कप विजेता बनने के बाद दिव्या देशमुख देश की चौथी महिला ग्रांडमास्टर बन गई है।

**2023 में दिव्या ने हासिल किया इंटरनेशनल मास्टर का खिताब:** दिव्या ने 2023 में इंटरनेशनल मास्टर का खिताब भी प्राप्त कर लिया। 2024 में उन्होंने विश्व जूनियर गर्ल्स अंडर-20 चैंपियनशिप में भी परचम लहराया, जहां उन्होंने 11 में से 10 अंक जुटाकर शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके अलावा, 45वें चेस ओलंपियाड में भारत को स्वर्ण पदक दिलाने में भी उनकी अहम भूमिका रही। दिव्या एशियाई जूनियर चैंपियन भी हैं। दिव्या शतरंज की दुनिया में अब जाना-पहचाना नाम है।

**नंबर एक खिलाड़ी होउ यिफान को भी दे चुकीं हैं मात:** दिव्या देशमुख इस साल फिडे वर्ल्ड ब्लिट्ज टीम शतरंज चैंपियनशिप में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी होउ यिफान को मात दे चुकी हैं। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उनकी तारीफ की थी। दिव्या ने 10 से 16 जून को लंदन में आयोजित फिडे वर्ल्ड ब्लिट्ज टीम चैंपियनशिप के सेमीफाइनल के दूसरे चरण में चीन की यिफान को हराया था। दिव्या के करियर की यह सबसे बड़ी जीत में से एक है।

**दिव्या के पास कैंडिडेट्स टूर्नामेंट को जीतने का सुनहरी मौका:** ओलंपियाड में तीन स्वर्ण, कई एशियाई और विश्व युवा खिताब। चेन्नई में शतरंज गुरुकुल में जीएम आरबी रमेश के तहत प्रशिक्षित दिव्या को उनकी तेज सामरिक दृष्टि, अडिग धैर्य और रचनात्मक प्रतिभा के लिए सराहा जाता है। दिव्या के पास अब कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई करने का मौका है। महिला विश्व कप में शामिल शीर्ष तीन खिलाड़ियों को कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में प्रवेश मिलना है। कैंडिडेट्स टूर्नामेंट का विजेता विश्व चैंपियन को चुनौती देता है। दिव्या की मौजूदा फिड रेटिंग 2463 है और वह भारतीय महिला शतरंज खिलाड़ियों में चौथे स्थान पर हैं।

दिव्या ने वर्ल्ड कप जीतने के साथ कैंडिडटेस के लिए भी पात्रता हासिल कर ली है। कोनेरू हम्पी का हुनर सभी जानते हैं- परंतु 19 वर्षीय दिव्या ने अपने खेल हुनर से पूरे विश्व समुदाय का ध्यान भारत की तरफ आकर्षित किया है। यदि दिव्या चैंपियन बन जाए, तो ग्रैंडमास्टर के लिए बचे दो नॉर्म की भी आवश्यकता नहीं रहेगी- दिव्या भारत की चौथी महिला ग्रैंडमास्टर खिलाड़ी बन जाएगी अन्यथा कैंडिडेट्स में खेलना तो तय है ही। कोनेरु हम्पी भी कैंडिडेट्स में पहुंच गई है और कैंडिडेट्स का विजेता ही महिला शतरंज चैंपियन से खेलता है। यदि इन दोनों भारतीय महिला खिलाड़ियों में से कोई एक कैंडिडेट्स जीत गई, तो अगली महिला विश्व चैंपियन भारत से हो सकती है। जो कारनामा युवा डी गुकेश ने किया था। इस प्रतियोगिता के इतिहास में पहली बार दो भारतीय महिला खिलाड़ी आमने सामने होगी प्रतियोगिता के इस मुकाम तक पहुंचने के लिए दिव्या ने अंतिम चार चरण के दूसरे चरण के दूसरे गेम में पूर्व विश्व चैंपियन चीन की हो झोंगयी चैन को हराया, जबकि अनुभवी कोनेरू हम्पी (38 वर्षीय-विश्व महिला रैपिड की दो बार चैंपियन) जो हाल ही में महिला ग्रा प्री में संयुक्त विजेता रही थी, उन्होंने चीन की टिंगजी लेई को टाई ब्रेकर में हराकर, यह मुकाम हासिल किया । कोनेरू हम्पी ने यह भी साबित किया कि शतरंज में उम्र महज एक आंकड़ा है। वर्तमान में हम्पी से आधी उम्र की खिलाड़ी दिव्या ने प्रतियोगिता के दौरान कई बड़े उलटफेर किए हैं। उनका पहला शिकार चीन की दूसरी वरीयता प्राप्त जिनर झू थी, जिन्होंने हरिका द्रोणावल्ली को प्रतियोगिता से बाहर कर दिया था। इस महान उपलब्धि के लिए दिव्या व कोनेरु हम्पी सहित सभी शतरंज प्रेमियों को बहुत-बहुत बधाई।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

नजरिया

# अलौकिक आस्था की प्रतीक पावन मणिमहेश यात्रा

भारत की सनातन परंपरा में अनेक मेले मानवीय श्रद्धा और आस्था की दृष्टि से अपना अद्वितीय महत्व रखते हैं। ऐसे प्राकृतिक स्थलों में हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के भरमौर की मणिमहेश झील अपने आप में निराली है। सृष्टि की अद्वितीय शक्ति प्रकृति के अनेक रूपों में विद्यमान रहती है। वास्तव में प्रकृति भी उसी दिव्य शक्ति का स्वरूप है।



विक्रम वर्मा
चंबा, हिमाचल प्रदेश

नदियां, पर्वत, वृक्ष इत्यादि हमारे लिए पूजनीय इसीलिए हैं, क्योंकि भगवान संसार में इन्ही रूपों में मानव को असीम ऊर्जा और जीवन का संचार करते हैं। पावन मणिमहेश कैलाश पर्वत भगवान शिव का साक्षात स्वरूप माना जाता है। यह हमारी श्रद्धा और आस्था का केंद्र है और निस्संदेह दिव्य स्वरूप से परिपूर्ण है इसका अनुभव निर्मल मन और श्रद्धा भाव से किया जा सकता है।

हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के भरमौर में स्थित यह पावन मणिमहेश कैलाश पर्वत और दिव्य झील संपूर्ण भारत के साथ-साथ अन्य देशों के लोगों के लिए श्रद्धा और आस्था का स्थान है। यहां हर वर्ष भादों माह में यात्रा का पावन पर्व मनाया जाता है। जो धार्मिक दृष्टि से कृष्ण जन्माष्टमी से प्रारंभ होकर राधाष्टमी तक चलता है।

धार्मिक परंपरा के अनुसार इस वर्ष यह 16 अगस्त(कृष्ण जन्माष्टमी )से प्रारंभ होकर 31 अगस्त राधाष्टमी को संपन्न होगा। जिसमें हर वर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धालु पावन झील में स्नान करने का सौभाग्य प्राप्त करते हैं। पठानकोट रेलवे स्टेशन से 120 किलोमीटर दूरी पर चंबा जिला मुख्यालय है। यहां पर चौगान में हजारों



की संख्या में श्रद्धालु यात्रा के दौरान रात्रि पड़ाव डालते हैं और विश्राम करते हैं। चंबा से भरमौर (चौरासी मंदिर) लगभग 62 किलोमीटर(सड़क मार्ग) की दूरी पर है। चौरासी से बिलकुल ऊपर माता ब्रम्हाणी जी का मंदिर है मणिमहेश झील में स्नान से पहले यहां पर स्नान करने का अद्वितीय महत्व है।

भरमौर से लगभग 11 किलोमीटर की दूरी (सड़क मार्ग)पर हड़सर गांव है जहां पर मणिमहेश का प्रवेश द्वार है वहां से ही मुख्य रूप से पदयात्रा प्रारंभ होकर लगभग 13 किलोमीटर की दूरी की पवित्र यात्रा धनछो, सुंदरासी, गौरीकुंड होते हुए मणिमहेश झील पहुंचकर संपन्न होती है। अनुभव के आधार पर यह कहना है कि अपनी मनस्थिति को सकारात्मक स्वरूप देकर हम इस पावन यात्रा की दिव्यता और शक्ति का अनुभव कर सकते हैं। हम लोग पावन झील में स्नान करने को ही मात्र अपने मन में लेकर चलते है, तो यात्रा के महत्व और अनुभव से वंचित रह जाते हैं।

पदयात्रा में अगर हम यह दृष्टि रखें कि चाहे कठिन चढ़ाई है पर प्रत्येक कदम हमें आगे ले जा रहा है और उस दिव्य अनुभूति का अहसास करवा रहा है, जो हमें पावन झील में स्नान करने पर प्राप्त होता है। रास्ते में प्रकृति के दिव्य और अलौकिक स्वरूप के दर्शन अनेक रूपों में होते हैं। यात्रा में नियमित धीरे कदमों से आगे बढ़ना और थोड़ी-थोड़ी दूरी पर क्षणिक विश्राम से शरीर में सामर्थ्य बना रहता है। आपको थोड़े थोड़े अंतराल पर पानी, भोजन की उचित व्यवस्था मिलती रहती है, लंगर सेवा प्रदान करने वाले लोग व संगठन आभार के पात्र हैं।

मौसम साफ रहने पर आपको दोपहर के समय गर्मी का अनुभव हो सकता है, परंतु शाम के समय तथा रात के समय आपको गर्म वस्त्रों की आवश्यकता होती है। लगभग हर स्थान पर आपको चिकित्सा सहायता उपलब्ध रहती है, जो कि प्रशासन के द्वारा नियुक्त कर्मचारियों द्वारा प्रदान की जा रही है। हमारी यात्रा, श्रद्धा और विश्वास तभी फलीभूत होगा, जब हम अपने मन से यात्रा की पावनता को बनाए रखते हैं, यह दिव्य प्रकृति हमें वैसे ही फल देगी जैसी भावना लेकर हम इसका ध्यान रखेंगे। आप सब की यात्रा मंगलमय हो और भगवान शिव जी की कृपा सब पर बनी रहे।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## अपनी बात

**देश** एवं प्रदेश में बेरोजगारी की समस्या प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। गांवों में कृषि, पशुपालन आदि का कार्य कम होने तथा पुराने व्यवसाय बंद होने से ग्रामीण स्तर पर रोजगार काफी कम हुए हैं। गांव के लोगों ने भी अब पहले की तरह कड़ी मशक्कत करनी भी छोड़ दी है। इससे उनमें गर्मी व सर्दी सहन करने की भी क्षमता कम हुई है। परिणामस्वरूप उन्हें कई बीमारियां भी घेरने लगी हैं। खेती से संबंधित कार्य के लिए छोटे ट्रैक्टर व अन्य मशीनों के उपयोग में आने से भी पुराने व्यवसाय न के बराबर रह गए हैं। जिस कार्य को पहले पांच लोग कुछ दिनों में पूरा करते थे, अब मशीनों से उस काम को जल्द ही समय में पूरा किया जा सकता है। गांवों में छोटे उद्योग भी न के बराबर है। इससे लोगों के पास काम न होने से भी बेरोजगारी बढ़ी है। गांव के लोगों को अपनी खेतीबाड़ी व पशुपालन के कार्य में ध्यान देने की जरूरत है, तभी रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। **अनु, कांगड़ा**

# हिमाचल की लड़ाई : नशे के विरुद्ध ईमानदारी और चेतना का संग्राम

हिमाचल की पहाड़ियां बाहर से जितनी शांत, हरी-भरी और सुरम्य दिखाई देती हैं भीतर से उतनी ही व्याकुल और बेचैन हो चुकी हैं। यह व्याकुलता भूस्खलनों की आशंका, बादलों की गर्जना या मौसम की मार से उपजी नहीं है, बल्कि एक अदृश्य, धीमे और घातक जहर से है, जो प्रदेश की नई पीढ़ी की नसों में उतरता जा रहा है। यह नशे का जहर अब केवल एक व्यक्ति की कमजोरी नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना, सांस्कृतिक संतुलन और प्रशासनिक संवेदनशीलता को चुनौती देने वाला संकट बन चुका है।



हितेंद्र शर्मा
कुमारसैन, शिमला

बीते कुछ वर्षों में हिमाचल के गांवों से लेकर शहरी गलियों तक फैले ड्रग नेटवर्क ने यह स्पष्ट कर दिया है कि यह सिर्फ कानून-व्यवस्था का मसला नहीं रहा। अब यह हर घर, हर स्कूल, हर पंचायत और हर दिल की जिम्मेदारी बन चुका है। चिट्टा, चरस, अफीम और सिंथेटिक ड्रग्स का फैलाव अचानक नहीं हुआ, यह एक सुनियोजित और व्यवस्थित नेटवर्क का परिणाम है। जिसे लंबे समय तक चुप्पी, लापरवाही और अवसरवादिता ने पनपने दिया। वर्तमान में जब कुछ ईमानदार आवाजें इस जाल को तोड़ने की कोशिश कर रही हैं, तो सबसे पहले वही आवाजें निशाने पर आ रही हैं।

जब कोई अधिकारी नशे के खिलाफ कठोर कार्रवाई करता है तो उसका संघर्ष सिर्फ अपराधियों से नहीं होता। उसे व्यवस्था की जड़ता से भी लड़ना पड़ता है और उस मानसिकता से भी जो बदलाव से डरती है। व्यवस्था की जड़ता और सत्ताओं की असहजता अक्सर उन्हें ही कठघरे में खड़ा कर देती है जो बदलाव की लड़ाई में सबसे आगे खड़े होते हैं। अफवाहें, नैरेटिव गढ़ना, बदनाम करने के प्रयास ये सब उस संघर्ष की कीमत बन जाते हैं, जो कोई ईमानदार अफसर समाज के लिए चुकाता है। कई बार वह उन साजिशों का शिकार हो जाता है जो उसे बदनाम करने, उसके काम को कमतर दिखाने या उसे हाशिए पर धकेलने के लिए रची जाती हैं। यह केवल एक व्यक्ति पर नहीं, बल्कि उस साहस और ईमानदारी पर हमला होता है जो व्यवस्था को भीतर से झकझोर सकती है।



यह उस संघर्ष की भावना को दबाने का प्रयास होता है, जो समाज को बदलने की ताकत रखती है। शिमला पुलिस द्वारा चलाया जा रहा 'मिशन क्लीन' भरोसा अभियान केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का प्रतीक है। यह पहल युवा पीढ़ी को नशे के अंधकार से बाहर निकालने की एक ईमानदार कोशिश है, जिसे जनसहभागिता और सतत प्रयासों से और भी प्रभावशाली बनाया जा सकता है। इसकी सफलता के संकेत जमीनी स्तर पर दिखने भी लगे हैं गिरफ्तारियां, बरामदगी, पुनर्वास केंद्रों की स्थापना इत्यादि, लेकिन इस लड़ाई की असली जीत न आंकड़ों से तय होगी और न ही प्रेस ब्रीफिंग से बल्कि तब होगी जब समाज खुद खड़ा होगा अपने युवाओं के भविष्य के लिए।

यह लड़ाई केवल पुलिस बनाम अपराधियों की नहीं, बल्कि समाज बनाम चुप्पी, ईमानदारी बनाम अवसरवादिता और सच बनाम नैरेटिव की लड़ाई है। इसमें अगर कोई अफसर खड़ा होता है, तो उसे अकेला नहीं छोड़ना चाहिए। यह समय आलोचना नहीं, समर्थन का है। विवेकहीन सवालों की जगह, विवेकपूर्ण सहयोग की जरूरत है। हमें यह भी स्वीकार करना होगा कि ईमानदार लोग असहज कर देते हैं, उनके लिए जो भ्रष्ट हैं और उनके लिए भी जो निष्क्रिय हैं। ऐसे में जब कोई अधिकारी नशे के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करता है, तो उसका संघर्ष केवल अपराधियों से नहीं होता, बल्कि उस तंत्र से भी होता है जो बदलाव से डरता है या जिसका अस्तित्व ही उसी अंधकार से जुड़ा होता है। यह समय आरोप-प्रत्यारोप का नहीं, बल्कि विवेक और समर्थन का है। पंचायतों में युवाओं के लिए नशा-मुक्त क्लब, स्कूलों में जीवन-कौशल आधारित शिक्षा, माता-पिता के लिए जागरूकता कार्यशालाएं, धार्मिक-सांस्कृतिक संस्थाओं की भागीदारी और सबसे महत्वपूर्ण जनता का नैतिक समर्थन यही दीर्घकालिक समाधान का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। यह लड़ाई हमारे बच्चों की है, हमारे हिमाचल के भविष्य की है और सबसे ज़रूरी यह लड़ाई अब और अकेली नहीं होनी चाहिए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## पाठकों के पत्र...

**अनंत** ज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से प्रदेश सरकार के ध्यानार्थ ऐसी गंभीर और चिंतनीय समस्या से अवगत करवाने का प्रयास है, जिस समस्या से यकीनन हर प्रदेशवासी और देश परिचित हैं। वह गंभीर समस्या है देव भूमि हिमाचल प्रदेश में आए दिन हो रही सड़क दुघर्टनाएं, जिसमें कि दोपहिया वाहनों की सड़क दुघर्टनाएं भी विशेष रूप से मिलती हैं, जो कि गंभीर स्थिति को दर्शाता है। इसमें भी कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी कि हिमाचल प्रदेश पुलिस सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करवाने के मुस्तैदी से कार्य कर रही है, परंतु जिस प्रकार हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी, दुर्गम और शहरों में दिन प्रतिदिन दोपहिया वाहनों में सड़क दुघर्टनाएं घटित हो रही हैं वह चिंता का विषय है, जिसमें एक बड़ा कारण दोपहिया वाहन में बैठे दूसरे सवार का अमूमन हेलमेट का न पहनना शामिल है। हालांकि, चंडीगढ़ की तर्ज पर हिमाचल में भी दोपहिया वाहनों पर दोनों सवारों को हेलमेट पहनना सख्ती के साथ अनिवार्य किया है, लेकिन इसके बावजूद लोग इस नियम की अनदेखी करते हैं। एक सुझाव यह भी रहेगा कि दोपहिया वाहन चालक को तब तक पेट्रोल पंप पर पेट्रोल ही नहीं दिया जाए, जब तक मोटरसाइकिल चालक व सवार ने हेलमेट न पहने हों। हिमाचल प्रदेश के किन्हीं क्षेत्रों में दोनों राहगीरों के पास पुलिस की मुस्तैदी और जनता की जागरूकता से हेलमेट अनिवार्य किया जाए। अत: उम्मीद है कि इस गंभीर समस्या पर भविष्य में आप बहुत जल्द कोई सकारात्मक कदम उठाएंगे।



**-हेमराज राणा, सिरमौर**

**हिंदी** दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के माध्यम से मैं एक बार फिर सार्वजनिक समस्या उठाना चाहूंगा। गंभीर समस्या यह है कि मंडी जिला की पनबिजली से संबंधित बीएसएल परियोजना के निर्माण के वक्त सैकड़ों लोगों ने तो अपनी जान गंवाई ही, अब जब नहर बन गई, पानी आ गया पावर प्रोजेक्ट कब का चालू हो गया, तब भी यह परियोजना मानव एवं पशुओं की जिंदगी से मौत बनकर खेल रही है। पानी से लबालब यह नहर हजारों की जान पर मौत बनकर बरस चुकी है, जिससे जुड़ी झील मानव शवों को उगलती रहती है और यह सिलसिला जारी है, जबकि बार-बार बीबीएमबी प्रशासन एवं केंद्र सरकार से यह मांग उठाई जाती रही है कि परियोजना की नहर के किनारों सहित इसकी झील के किनारों पर भी ऊंचे लोहे के जाले लगाए जाने चाहिए, ताकि अगर ऐसे पुख्ता प्रबंध नहीं होते हैं, तो जरा सी भी चूक होने की स्थिति में वाहन चालक इत्यादि इस गहरे पानी में पूर्व की भांति समाते रहेंगे, इसके किनारों की ढलान पर घास चरते पशु एवं जंगली जानवर भी गिरते रहे हैं। इस तरह डूबने वालों के जो भी कारण हों प्रबंधन को चाहिए कि इस मामले को गंभीरता से देखते हुए तुरंत ही जान के लिए खतरा बने इस जल प्रलय को अधिक से अधिक ढांपने-टालने को लेकर कारगर कदम उठाए, इसलिए बाड़बंदी के काम के लिए मंडी की सांसद कंगना रनौत का भी आगे आना जरूरी ही नहीं, बल्कि समय की भी मांग है, ताकि भविष्य में पानी में मौत के इन बढ़ते जा रहे मामलों पर रोक लग सके।



**भीम बसेड़ू राजपूत**
**महादेव, मंडी, मो. 98161-29019**

**मैं** सीमा ठाकुर जिला कांगड़ा के ग्राम पंचायत गगल की स्थायी निवासी हूं। महोदय हमारे क्षेत्र में अधिकांश लोग कृषि कार्य पर निर्भर हैं। यहां लावारिस जानवरों के साथ जंगली जानवरों की समस्या भी प्रमुख है। हमारे गांव के साथ लगते गांव इच्छी, मटौर, चैतड़ू आदि हैं। यहां अधिकांश लोग कृषि व्यवसाय से भी जुड़े हैं और किसानों की समस्याएं भी अधिक हैं। कई दफा बारिश अधिक या कम होने से फसल प्रभावित होती है। बेरोजगारी भी प्रमुख समस्या है। इन सभी समस्याओं को दूर करने के लिए अनंत ज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से प्रयास किया गया है। कृषि संबंधी जानकारी के कई समाचार प्रकाशित भी होते हैं, मैं अखबार का डिजिटल संस्करण ही पढ़ती हूं। डिजिटल संस्करण काफी रोचक लगा है। अखबार की प्रति गगल में ही मिल जाती है। इसके अलावा समाचार पत्र में शिमला मुख्यालय से अधिकांश समाचार और रोजगार संबंधी समाचार की जानकारी भी होनी चाहिए। ताकि अनंत ज्ञान के पाठकों की इस अपने समाचार को पढ़ने में रुचि ओर बढ़ सके।



**सीमा ठाकुर**
**गगल, मो. 82190-41637**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# बालीचौकी के युवाओं ने बिना प्रचार की प्रभावितों की मदद

## पैदल तय किए पगडंडी और नदी-नाले, युवाओं ने पीठ पर पहुंचाई राहत सामग्री

नूतन प्रकाश ठाकुर, अनंत ज्ञान



आपदा के समय में प्रभावित लोगों की मदद करने वाले बालीचौकी के युवाओं ने पेश की इंसानियत की मिसाल।

**बालीचौकी।** सराज क्षेत्र की आपदा में बालीचौकी के युवाओं ने बिना किसी प्रचार या राजनीतिक दिखावे के राहत कार्यों में अहम भूमिका निभाई। संचार और यातायात साधनों के नष्ट होने के बावजूद इन युवाओं ने पगडंडियों और नदी-नालों को पार कर पीठ पर राशन, कपड़े और जरूरी सामग्री प्रभावितों तक पहुंचाई।

सराज वेंचर के संस्थापक गौरव शर्मा के नेतृत्व में युवाओं ने तुरंत राहत सामग्री और नकद सहायता पहुंचाई। गाड़ागुसैणी के युवाओं ने भी राशन के साथ-साथ रास्ते बहाल करने में योगदान दिया। मंडी कॉलेज के छात्र और सराज छात्र कल्याण संघ की टीम ने घनश्याम मेहता, चमन मेहता, गौरव स्वरूप वर्मा, तुपेंदर ठाकुर और सौंदर्य ठाकुर के नेतृत्व में सहयोग राशि और आवश्यक सामान प्रभावित गांवों तक पहुंचाया। सराज की आपदा में स्वयंसेवी संस्था 'सहारा एक पहल' ने संस्थापक शोभा राम ठाकुर के मार्गदर्शन में आपदाग्रस्त क्षेत्रों में जाकर प्रभावितों को मूलभूत सेवाएं उपलब्ध करवाने में अहम भूमिका निभाई।

राकेश ठाकुर शैडी, घनश्याम राणा, दीपू आदि युवाओं ने आपदा के दौरान न केवल प्रभावितों को संचार सुविधाएं उपलब्ध कारवाई बल्कि अंधेरे के आगोश में पड़े जंजैहली एवं थुनाग के लोगों के लिए सोलर लाइट एवं टॉर्च का प्रबंध किया। टीम सहारा में राकेश ठाकुर, मोहन ठाकुर, रोहित ठाकुर, घनश्याम राणा, नवीन ठाकुर, दीपू शिवाय टोनीश, ठाकुर, गीतू भारद्वाज, शोभा राम ठाकुर, भानु प्रताप सिंह, गुलशन ठाकुर, गौरव शर्मा, ईशान ठाकुर, घनश्याम मेहता, लखविंदर सिंह, मिक्का कटवाल, मैडी ठाकुर, मिंटू भारद्वाज, अजय ठाकुर विक्की, बीजू ठाकुर, रवि कारदार शामिल रहे। एचपीयू की इकाई ने 2.12 लाख रुपये राहत राशि जुटाकर 53 पीड़ित परिवारों में पारदर्शी तरीके से बांटी इस टीम में नीरज ठाकुर, नरेन ठाकुर, सोमदेव वह लवली मेहता ने जंहा ग्राउंड जीरो पर जाकर राहत राशि वितरित की वहीं गौरव चौहान, सोम देव, लाल चंद, नरेन, अनिल, जगदंबा, बंटी व संजू ने राहत राशि एकत्रित करने में प्रभावशाली भूमिका निभाई।

### बंटी सराजी व 'टीम शिवा' बने संकट के सच्चे साथी

**थाची** पंचायत के बलदेव ठाकुर उर्फ 'बंटी सराजी' इस आपदा के नायक बनकर उभरे। उन्होंने डेढ़ महीने तक लगातार राहत कार्य करते हुए 'टीम शिवा' के साथ ऐसे क्षेत्रों में मदद पहुंचाई, जहां आज तक प्रशासन और मीडिया भी नहीं पहुंच सके। उनकी सादगी और समर्पण ने उन्हें पूरे प्रदेश में एक मिसाल बना दिया है।

# देश की सबसे युवा पूर्व पंचायत प्रधान जबना चौहान बनीं सुंदरनगर की बहू, मनदीप सिंह के साथ की शादी

आदर्श, अनंत ज्ञान



बीएसएल गुरुद्वारा में सादे समारोह में गुरु ग्रंथ साहिब की हजूरी में जबना चौहान व मनदीप सिंह का आनंद कारज संपन्न हुआ।

**नेरचौक।** देश की सबसे कम उम्र की सेलिब्रिटी पूर्व पंचायत प्रधान जबना चौहान अब सुंदरनगर की बहू बन गई है। जबना सुंदरनगर के मनदीप सिंह उर्फ हनी के साथ प्रणय सूत्र में बंध गई है। श्रावण मास के अंतिम सोमवार को बीएसएल गुरुद्वारा में इन दोनों की शादी एक सादे समारोह के बीच गुरु ग्रंथ साहिब की हजूरी में आनंद कारज की रस्म के साथ संपन्न हो गई। इस अवसर पर दोनों परिवारों के सदस्य व करीबी मेहमान मौजूद रहे। जिन्होंने वर बधु को आशीर्वाद दिया तथा उनके उज्जवल भविष्य व सुखी विवाहित जीवन की कामना की।

जबना के जीवनसाथी मनदीप सिंह सिख समुदाय से ताल्लुक रखते हैं और बिजली बोर्ड में कार्यरत है। बतौर पंचायत प्रधान जबना चौहान ने स्वच्छता व शराबबंदी जैसे बड़े कार्य करके समाज के सामने एक मिसाल पेश की थी। जिसके लिए इन्हें फिल्म स्टार अक्षय कुमार ने अपनी फिल्म टॉयलेट एक प्रेम कथा की प्रमोशन कार्यक्रम में विशेष तौर पर आमंत्रित किया था। साथ ही जबना को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह, पूर्व राज्यपाल प्रिय देव व्रत, पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर व सीएम सुक्खू सहित कई नामी हस्तियां सम्मानित कर चुकी हैं। देश की 100 प्रभावशाली महिलाओं में भी जबना का नाम शामिल हो चुका है। जबना चौहान को उनके चाहने वाले देशभर के हजारों शुभ चिंतकों की ओर से जीवन की नई शुरुआत के लिए बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं।

## न्यूज ब्रीफ

### 14 वर्षीय किशोरी ने की आत्महत्या, जांच शुरू

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल के कन्याना गांव में एक 14 वर्षीय किशोरी ने घर के कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पीड़ित मां ने पुलिस में मामला दर्ज करवाया है। जानकारी के अनुसार, सुबह 10:30 बजे महिला अपने दो बेटों के साथ पशुओं के लिए चारा लाने गई थी, जबकि उसकी बेटी घर पर अकेली थी। करीब एक बजे जब वे लौटे तो देखा कि बेटी धोती से फंदा लगाकर लटकी हुई थी। परिवार ने तुरंत उसे नीचे उतारा और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रिवालसर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल सरकाघाट भेजा गया। डीएसपी संजीव गौतम ने बताया कि पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

### 0.98 ग्राम चिट्टे सहित युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान के तहत भटवाड़ा चौक पर एक युवक को 0.98 ग्राम चिट्टे सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस चौकी घट्टा की टीम वाहन जांच कर रही थी, तभी एक संदिग्ध वाहन को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें चिट्टा बरामद हुआ। आरोपी नवीन कुमार पुत्र रंगीला राम, गांव भजराला, डाकघर मटरू, तहसील जोगिंद्रनगर को मौके पर ही हिरासत में लिया गया। थाना प्रभारी सकीनी कपूर ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ पुलिस की मुहिम लगातार जारी है और किसी भी अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही आम जनता से अपील की गई है कि संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### मूल राज चेयरमैन व हरिलाल ठाकुर अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल पथ परिवहन निरीक्षक स्टाफ एसोसिएशन के चुनाव पूर्व अध्यक्ष श्याम लाल शर्मा की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से संपन्न हुए। चुनाव में प्रदेशभर से निरीक्षक स्टाफ ने भाग लिया और नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। चुनाव में मूल राज शर्मा को चेयरमैन और हरिलाल ठाकुर को अध्यक्ष चुना गया, जबकि पदम देव शर्मा महासचिव नियुक्त हुए। संजीव कुमार शर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, खुशाल जामता को संगठन सचिव, सुरेंद्र कुमार को प्रवक्ता और केशव राम वर्मा को मुख्य सलाहकार चुना गया।इसके अतिरिक्त सुरेन्द्र राठौर को कानूनी सलाहकार, चेत राम को कोषाध्यक्ष और विभिन्न मंडलों के उपाध्यक्ष व कोषाध्यक्षों की भी नियुक्ति की गई।

### युवाओं ने दियारगी में लगाया खीर भंडारा



**बबलू भारद्वाज, अनंत ज्ञान, बग्गी।** नाचन हलके के दियारगी में डडोह-भयारटा के युवाओं ने सावन मास के अवसर पर सामूहिक सहयोग से भव्य खीर भंडारे का आयोजन किया। यह धार्मिक और सामाजिक एकता का प्रतीक आयोजन लगभग 2 से 3 क्विंटल दूध की शुद्ध खीर बनाकर सैकड़ों श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। भंडारे की शुरुआत होते ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और सभी ने पूरी श्रद्धा से प्रसाद ग्रहण किया। इस पहल की सभी ने प्रशंसा की और युवाओं की सेवा भावना को सराहा। इस मौके पर हंस राज, मस्त राम, बिट्टू, काकु, चमन, जोगिंदर पाल, संजू, शिवू राजू, रमेश, रवि, लक्की, निजू, दिवांशु, ललित कुमार, यशु, राहुल, मोहित समेत अन्य युवा भी मौजूद रहे।

### सुंदरनगर बस अड्डा में गंदगी की भरमार

**भीम बसेड़ू, अनंत ज्ञान, महादेव।** राष्ट्रीय उच्च मार्ग नं 21 से जुड़े सुंदरनगर के नए बस अड्डे में समुचित सफाई व्यवस्था न होने से एक बड़े भाग में गंदगी का आलम है। बस अड्डा में लंबे समय से बदबूदार कचरा फैला पड़ा है जिससे यहां वहां प्रदूषण फैलने से लोगों को खासी दिक्कत झेलनी पड़ रही है। कूड़े-कचरे में जहां प्लास्टिक है वहीं साफ्ट एवं हार्ड ड्रींक की बोतलें भी पड़ी देखी जा सकती हैं। लोगों ने संबंधित विभाग तथा उपायुक्त मंडी से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही बस अड्डा सुंदरनगर में समुचित सफाई व्यवस्था बनाने के लिए कारगर कदम उठाए।

### बीबीएमबी कॉलोनी में लगाया खीर का भंडारा

**भीम बसेड़ू, अनंत ज्ञान, महादेव।** श्रावण मास के पावन अवसर पर खीर भंडारों के सिलसिलों के चलते सोमवार को श्रद्धालु लोगों द्वारा बीबीएमबी कालोनी में खीर का भंडारा लगाया गया। श्रावण शुक्ल दसमी के दिन लगाए गए भंडारे में ॐ नमः शिवाय के जाप के बीच में दूर-दूर के श्रद्धालुओं ने खीर का भंडारा ग्रहण कर पुण्य कमाया।

### सरकाघाट कॉलेज के 4 छात्रों को मिली नौकरी



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राजकीय महाविद्यालय के बी-वॉक (व्यावसायिक पाठ्यक्रम) के खुदरा प्रबंधन पाठ्यक्रम के चार विद्यार्थियों ने देश की जानी-मानी कंपनियों में अपनी जगह पक्की कर ली है। ये छात्र अब अपने-अपने क्षेत्र में जीवन की नई शुरुआत करने जा रहे हैं।बी-वॉक के संयोजक डॉ. विनोद कुमार के अनुसार: राधिका को वीरो मोडा, मेहुल को प्रेस्टिज़ मसाले, कुलदीप को लेवीज़, और राजनी को सेने रिटेल्स प्राइवेट लिमिटेड में नियुक्ति मिली है। ये नियुक्तियाँ विभिन्न पेशेवर पदों पर की गई हैं, जो छात्रों की कठिन परिश्रम और कौशल का परिणाम है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरआर कौंडल ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे संस्थान के लिए गर्व की बात है। उन्होंने यह भी कहा कि इन छात्रों की सफलता दूसरों को भी प्रेणना देगी।

# कांग्रेस नेताओं ने डॉक्टर वाईएस परमार की जयंती पर दी श्रद्धांजलि




अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**अखिल** भारतीय दलित, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही ने मंडी के गांधी भवन में हिमाचल निर्माता एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. वाईएस परमार की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई।

इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने डॉ. परमार के हिमाचल के विकास में दिए गए अतुलनीय योगदान को याद किया और कहा कि उनका जीवन सामाजिक न्याय, समानता और प्रदेश की प्रगति के लिए समर्पित रहा। चमन राही ने कहा कि हमें परमार के आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज में भाईचारा और एकता को मजबूत करना चाहिए। समारोह के अंत में डॉ. परमार की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

# शिवा-बदार सड़क पर चट्टानों को तोड़ने के लिए की ब्लास्टिंग, एनएच 2 घंटे बंद

## सड़क मार्ग के दोनों ओर लगी वाहनों की लंबी कतारें, वाहन चालक और यात्री हुए परेशान

बालक राम, अनंत ज्ञान

**पंडोह।** चंडीगढ़-मनाली एनएच पर पंडोह डैम के पास शिवा-बदार पर आई चट्टानों को तोड़ने का कार्य सोमवार को भी युद्धस्तर पर किया गया। जिसमे ब्लास्टिंग के दौरन सुरक्षा की दृष्टि से चंडीगढ़ मनाली सड़क मार्ग भी बंद करना पड़ा। यह बंद दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक रहा। जिस कारण सड़क मार्ग के दोनो ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई और पर्यटकों के साथ स्थानीय लोग भी परेशान हुए। बता दें अभी मंगलवार को भी ब्लास्टिंग के कारण सड़क मार्ग अभी भी 2 घंटे के लिए बंद किया जा सकता है।

इससे पहले चंडीगढ़-मनाली सड़क मार्ग 9 मील के पास मलबा गीरने से 12 बजें तक 2 बार 1-1 के लिए बंद रहा। नो मील में रात को हुई भारी बारिश के कारण पहाड़ी से चिटकनी मिट्टी से सड़क मार्ग पुरी तरह से भर जाता है। जिससे हटाने में भी पहाड़ी से पत्थर गिरने का डर हमेशा बना रहता है। मगर इस प्वाइंट पर फोरलेन निर्माण कम्पनी के एमसी की मशीनें लगातार काम कर रहीं हैं।




चंडीगढ़-मनाली एनएच पर पंडोह डैम के पास चट्टानों को तोड़ते हुए।

# पानी की निकासी बंद होने से हो रही तबाही

## जागर नाले में 2023 में बादल फटने के बाद आई चट्टानें न हटाने से घरों में घुस रहा पानी

अनंत ज्ञान, पंडोह

**कीरतपुर-मनाली** राष्ट्रीय उच्च मार्ग पंडोह के 9 मील के जागर नाला पुल से पानी की निकासी बंद होने से पास में बसे लोअर 9 मील गांव के लगभग एक दर्जन परिवारों की नींद हराम की हुई है।

स्थानीय लोगों ने बताया है कि वर्ष 2023 में इस नाले में बादल फटने से पुल के पास बहुत बड़ी बड़ी चट्टानों आई हैं उन्हें आज दिन तक वहां से फोरलेन निर्माण के एमसी कंपनी द्वारा हटाया नहीं गया। जब जब भी अधिक बारिश होती है तो पानी की निकासी बंद होकर सड़क से गुजरता हुआ उनके घरों की तरफ आता है जिसे उनके घरों को नुकसान होने का डर हमेशा लगा रहता है। पिछली रविवार रात को जब इस क्षेत्र में भारी बारिश हो रही थी तो लोगो को अपने अपने घरों से बाहर निकलना पड़ा। ऐसा डर आज का ही नहीं बल्कि जब से वरसात शुरू हुई हैं तब से यहां बसें परिवार डर से सहमे हुए हैं। इस समस्या के संदर्भ में उन्होंने कंपनी वालों को कई बार बताया भी लेकिन उनकी समस्या का कोई हल नहीं निकला है। आज लोगों द्वारा कंपनी की शिकायत जिलाधीश मंडी की है और मांग की है कि उन्हे इस समस्या से निजात मिले। पुल से पानी की निकासी बंद होने से यहां राष्ट्रीय उच्च मार्ग मंडी कुल्लू कई घंटो बंद भी रहता हैं। जिससे गाड़ियों की आवाजाही बंद होती है उससे हजारों लोगों को परेशानी से गुजरना पड़ता है। पिछले कल भी बारिश की वजह से यह मार्ग बंद हो गया था।



पंडोह के 9 मील के पास जागर नाले में पानी की निकासी बंद।

# मांचली ठाकुर व करण वीर को मिली जिला भाजपा महामंत्री की जिम्मेदारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी



भाजपा मंडी जिला ने अपनी नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। कार्यकारिणी में मांचली ठाकुर और करण वीर को जिला महामंत्री नियुक्त किया गया है। पार्टी नेतृत्व ने एक बार फिर राकेश वालिया पर भरोसा जताते हुए उन्हें लगातार दूसरी बार भाजपा मंडी जिला का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है।भाजपा जिला मंडी के संगठन सह प्रभारी सवतंत्र संख्यान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश और समाज के लिए काम करने वाली पार्टी हैद्य उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता निस्वार्थ भाव से काम करने वाले कार्यकर्ता होते हैंद्य

निहाल चंद शर्मा ने कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए कहा कि नई कार्यकारिणी में अनुभव और युवाशक्ति का संतुलन रखा गया है, जिससे आगामी चुनावों में पार्टी को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी और पार्टी हित में कार्य करने का आह्वान किया।

विधायक इंद्र सिंह गांधी ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारी को बधाई दी और कहा कि वे पार्टी की नीति और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुँचाने का प्रयास जारी रखेंगे।

### राकेश को दूसरी बार मिली मीडिया प्रभारी की कमान

# ओम प्रकाश लगातार तीसरी बार बने महासचिव

## भाजपा संगठनात्मक जिला सुंदरनगर की कार्यकारिणी घोषित, सुरेंद्र मीडिया प्रभारी

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर



ओम प्रकाश नायक | सोहन सिंह | सुरेंद्र भारद्वाज

**भाजपा** के संगठनात्मक जिला सुंदरनगर के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक हीरा लाल ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की मंजूरी के बाद अपनी कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। हीरा लाल ने अपनी कार्यकारिणी में सराहनीय कार्य करने पर लगातार तीसरी बार सुंदरनगर के ओम प्रकाश नायक को महासचिव और सुरेंद्र भारद्वाज को मीडिया प्रभारी और धर्मपाल अवस्थी को छठी बार कोषाध्यक्ष की कमान दी गई है।

इसके साथ ही नाचन के सोहन सिंह को महासचिव, सरकाघाट ने राजेंद्र भुट्टो, सुंदरनगर के प्रताप ठाकुर, करसोग के चेतन गुलेरिया, सरकाघाट के जौली राम, नाचन के प्रताप सिंह व धर्मपुर के देशराज पालसरा को उपाध्यक्ष, सुंदरनगर की शीला देवी, सरकाघाट की सरोज कुमारी, नाचन की रक्षा शर्मा, धर्मपुर की कमला देवी व सुंदरनगर के दलीप ठाकुर को सचिव, सुंदरनगर के परस राम को कार्यालय सचिव, नाचन के तेजेंद्र गोस्वामी को सह मीडिया प्रभारी व नाचन के नरेंद्र भंडारी, सुंदरनगर के कितिश गौतम, नाचन के मुरारी लाल राणा और धर्मपुर की कमलेश नेगी को प्रवक्ता, करसोग के लेविन भारद्वाज को आईटी संयोजक, नाचन के दिलीप ठाकुर को आईटी सह संयोजक, सरकाघाट के विशाल ठाकुर को सोशल मीडिया संयोजक व जौनी नरयाल को सह संयोजक बनाया गया है। कार्यकारिणी सदस्यों में सुंदरनगर से कांता देवी, मधुबाला, बिनीत वंदना, सुदेश जम्वाल, रक्षा धीमान, दयाराम, नाचन से मस्तराम, हरि राम, कमल किशोर, मीना कुमारी,त मंजू देवी, यादवा ठाकुर, धनेश्वर, करसोग से खुशी राम, राम सिंह, रीना, बाबू राम शर्मा, सावित्री, डोगर सिंह, परमानंद, राजकुमार, अमीचंद महेंद्र, धर्मपुर से रतन, रमेश, दीप चंद, निशा कुमारी, रीजा ठाकुर, टेक चंद, राजेंद्र मंढोत्रा, सरस्वती नंदन, संजय निराला, ज्योति देवी, सरकाघाट से किशोर चंद, कृष्ण चंद, ज्ञान चंद, निशिकांत, राकेश, मेघराम, नीलम शर्मा, नर्वदा देवी व सुशीला देवी को शामिल किया गया है।

# डीसी अपूर्व ने सरकाघाट में राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों का लिया जायजा

अनंत ज्ञान, सरकाघाट



राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों का जायजा लेते उपायुक्त।

**राज्य** स्तरीय 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह इस वर्ष मंडी जिले के उपमंडल सरकाघाट में आयोजित किया जाएगा। समारोह की अध्यक्षता सीएम सुक्खू 15 अगस्त को प्रात: 11 बजे राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (बाल) सरकाघाट के प्रांगण में करेंगे। इस संबंध में उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने आज समारोह स्थल का दौरा किया। उनके साथ सरकाघाट से पूर्व प्रत्याशी पवन ठाकुर सहित प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे।

उपायुक्त ने एसडीएम कार्यालय में आयोजित बैठक में बताया कि समारोह को भव्य रूप से मनाने के लिए विभागीय स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। कार्यक्रम में पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट्स, गाइड्स, पूर्व सैनिक और बैंड दलों द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सूचना एवं जनसंपर्क विभाग तथा भाषा एवं संस्कृति विभाग के सांस्कृतिक दल देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियां देंगे।

विद्युत, जल, सफाई, सजावट, स्वागत गेट, बैठने और सुरक्षा सहित सभी व्यवस्थाओं को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। विभिन्न विभागों द्वारा भव्य प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। समारोह में सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य की गई है।

इस दौरान एएसपी सचिन हिरेमठ, एडीसी गुरसिमर सिंह, एसी टू डीसी कुलदीप पटियाल, एसडीएम स्वाति डोगरा, एसडीएम जोगिंद्र पटियाल, डीएसपी सरकाघाट संजीव गौतम, कमान्डैंट होमगार्ड भूपेंद्र कंवर सहित कई मौजूद रहे।

# मंडी में ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट 8 और 28 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** एसडीएम सदर मंडी रुपिंदर कौर ने बताया कि ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट 8 और 28 अगस्त को छोटा पड्डल मंडी में बैडमिंटन कोर्ट के सामने वाली सड़क पर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि ड्राइविंग टेस्ट में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को अपना फार्म फोटो सहित पूर्ण रूप से भरकर आवश्यक दस्तावेजों की फाइल के साथ लाना अनिवार्य है। बिना फोटो, बिना फाइल या अधूरे फार्म किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किए जाएंगे। एसडीएम ने बताया कि 8 अगस्त को होने वाले टेस्ट के लिए स्लॉट बुकिंग 2 अगस्त को सुबह 11:30 बजे से और 28 अगस्त के टेस्ट के लिए स्लॉट बुकिंग 22 अगस्त को सुबह 11:30 बजे से ari-vahan.gov.in पोर्टल के माध्यम से की जा सकती है।

**तैयारी** | 15 अगस्त से 2 अक्तूबर तक चलेगा अभियान व 8 सितंबर को होगा महिला सम्मेलन: डॉ. विना राठौर

# धर्मपुर को नशा मुक्त बनाने के लिए सजाओ में बनी योजना

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** युवा बचाओ भविष्य बचाव के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 15 अगस्त से अभियान चलाया जाएगा। जिसकी रूपरेखा आज नशा मुक्ति अभियान क्षेत्रीय कमेटी सजाओ में तैयार की गई।

अभियान के लिए गत माह मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति और हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति द्वारा प्रशिक्षित स्रोत व्यक्तियों को ट्रेंनिग दी गई थी, जिनकी बैठक आज राजकीय उत्कृष्ट विद्यालय भराड़ी-सजाओ पिपलू में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता डॉ. विना राठौर ने की और खंड अध्यक्ष भूपिंद्र भूप्पी व समिति के संस्थापक सदस्य भूपेंद्र सिंह, सतीश कुमार, भोलादत्त कश्यप, राजपाल, सत्तपाल चौहान, कंचना, ऋत्विक सहित तीन दर्जन स्रोत व्यक्तियों ने बैठक में भाग लिया। डॉ. विना राठौर ने बताया कि बरसात के चलते अभियान के लिए पंचायत व गांव स्तर पर आयोजित किये जाने वाले जागरूकता अभियान की निर्धारत समय सारिणी में कुछ बिलंब हुआ है। लेकिन अब उसे योजना के अनुसार लागू किया जाएगा। जिसके चलते सबसे पहले 9 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन रखी के साथ बहनें भाइयों से नशा न करने की अपील करेंगी। 15 अगस्त को इस बार सभी ग्राम पंचायतों में मनाए जाने वाले स्वतंत्रता दिवस के मौके पर ग्राम पंचायत को नशा मुक्त बनाने के लिए शपथ ग्रहण की जाएगी और उसके बाद क्षेत्रीय स्तर जैसे धर्मपुर, बरोटी, मंडप, संधोल, टिहरा, चोलथरा में 31 अगस्त तक क्षेत्रीय कमेटियां गठित की जाएंगी। सभी पंचायतों में नशा मुक्ति निगरानी कमेटियां गठित करने के लिए अभियान चलाया जाएगा जिनमें प्राशिक्षण प्राप्त स्त्रोत व्यक्ति भाग लेंगे।

इसके अलावा 8 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के मौके पर महिलाओं की सांस्कृतिक प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस समारोह के पुरस्कार प्रो साधना शर्मा जो कनाडा में रहते हैं ने प्रायोजित किया है। इस समारोह में नशा न करने व छोड़ने वालों को भी सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा 2 अक्तूबर को होने वाली ग्राम सभाओं में नशा मुक्ति बारे विशेष प्रस्ताव पारित किए जाएंगे।




### नशे से दूर रखने और फिटनेस बढ़ाने के लिए फिर शुरू होंगी सड़क दौड़

**अंतरराष्ट्रीय** एथलेटिक्स कोच एवं अध्यक्ष भुपिंद्र भूप्पी ने बताया कि युवाओं को नशे से दूर रखने और फिजिक्स फिटनेस के उद्देश्य से सड़क दौड़ों का आयोजन सितंबर माह से पुनः शुरू की जाएगी। जिसके तहत सितंबर के पहले रविवार को चोलथरा, दूसरे को मंडप/बरोटी तीसरे को संधोल और चौथे रविवार को सरकाघाट में सड़क दौड़ आयोजित की जाएंगी। इसके अलावा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी नशे के खिलाफ प्रचार प्रसार किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### ऊना महाविद्यालय पीटीए की बैठक 7 को

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय ऊना में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अभिभावक-शिक्षक संघ (पीटीए) की साधारण सभा का आयोजन 7 अगस्त को अपराह्न 3 बजे महाविद्यालय परिसर में होगा। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मीता शर्मा ने सभी अभिभावकों से अनुरोध किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में निर्धारित समय पर महाविद्यालय पहुंच कर बैठक में शामिल होकर महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए अपने सुझाव दें। उक्त बैठक में सत्र 2025-26 के लिए पीटीए की नई कार्यकारिणी का भी गठन किया जाएगा।

### दीपक 'हुनर का रंग' के सेमीफाइनल में



**अनंत ज्ञान, बडूही (ऊना)।** उपमंडल अंब के तहत पंचायत पंजोआ लडोली निवासी दीपक सोनी ने अपने हुनर का शानदार प्रदर्शन करते हुए हुनर का रंग प्रतियोगिता के मेघा राउंड को सफलतापूर्वक पार कर सेमीफाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित की है। उनकी इस सफलता पर पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में अंब के एसडीएम सचिन शर्मा ने दीपक सोनी को सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि दीपक जैसे युवा समाज के लिए प्रेरणा हैं और उनकी मेहनत व लगन निश्चित ही उन्हें आगे और भी बड़ी उपलब्धियां दिलाएगी। दीपक सोनी की यह सफलता क्षेत्र के युवाओं को भी अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करेगी। स्थानीय पंचायत और ग्रामीणों ने भी उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### अंबेहड़ा धीरज में प्राकृतिक खेती पर दिया बल



**अनंत ज्ञान, जोल।** उपतहसील जोल के अंतर्गत अम्बेहड़ा धीरज पंचायत में आत्मा परियोजना, कृषि विभाग, विकास खंड बंगाणा द्वारा प्राकृतिक खेती विषय पर एकदिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 25 किसानों ने भाग लेकर प्राकृतिक खेती के महत्व को जाना। कार्यक्रम में आत्मा परियोजना से सीआरपी सोनिका कुमारी ने किसानों को प्राकृतिक खेती के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रासायनिक खादों और जहरीले कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों में वृद्धि हुई है, इसलिए किसानों को अपनी खेती में रासायनिक उत्पादों का त्याग कर प्राकृतिक खेती की ओर अग्रसर होना चाहिए, जिससे न केवल उनकी आय में वृद्धि होगी, बल्कि उनके स्वास्थ्य और पर्यावरण की भी रक्षा होगी। शिविर में किसानों को जीवामृत, बीजामृत, गोमूत्र, गोबर आदि जैविक घटकों के उपयोग की विधियों के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और भूमि की उर्वरता को बनाए रखने के उपायों पर भी चर्चा हुई।

### बड़ूही बाजार में श्रद्धालुओं के लिए लगाया भंडारा

**अनंत ज्ञान, बडूही (ऊना)।** उपमंडल बंगाणा की बडूही बाजार में आज एक सराहनीय सामाजिक पहल देखने को मिली, जब बिहार निवासी और स्थानीय बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन ठेकेदार बली राम ने माता चिंतपूर्णी धाम की ओर जा रहे श्रद्धालुओं के लिए चने-पूड़ी के भंडारे का आयोजन किया। यह सेवा कार्य सुबह आरंभ हुआ और शाम तक लगातार श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित होता रहा। श्रावण मास के सोमवार के कारण मंदिरों में जाने वाले भक्तों की भी भीड़ थी। स्थानीय दुकानदारों, युवाओं व समाजसेवियों ने भी इस भंडारे में पूरा सहयोग दिया। उन्होंने प्रसाद वितरण, पानी की व्यवस्था, सफाई और श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु बढ़-चढ़कर भाग लिया। बली राम ने कहा कि माता चिंतपूर्णी में आस्था रखने वाले श्रद्धालुओं की सेवा करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में भी वे समय-समय पर ऐसे आयोजनों के माध्यम से समाजसेवा करते रहेंगे।

### सर्वहितकारी सभा ने की जरूरतमंद की आर्थिक मदद



**अनंत ज्ञान, बडूही।** सूरी पंचायत में एक मार्मिक पहल के तहत सर्वहितकारी सभा कमेटी और स्थानीय युवाओं ने गुरुदेव सिंह के परिवार की मदद कर मानवता की मिसाल पेश की। गुरुदेव सिंह लंबे समय से गंभीर बीमारी से पीड़ित है ओर पिछले काफी समय से इलाज चल रहा है, उनके कंधों पर बूढ़े माता-पिता और चार छोटे बच्चों की जिम्मेदारी थी। अब परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है, न ही कोई कमाने वाला है, न ही बच्चों की पढ़ाई का कोई सहारा। इस स्थिति को देखते हुए सर्वहितकारी सभा कमेटी ने परिवार को आर्थिक सहायता और खाद्य सामग्री प्रदान की। मौके पर पहुंचे कमेटी के प्रधान मदन लाल, उपप्रधान अनिल शर्मा, कुशल धीमान, फतेह सिंह, पंचायत पंजोआ के प्रधान बलविंदर सिंह और ग्राम पंचायत सूरी के प्रधान कुलदीप सिंह ठाकुर सहित अन्य सदस्यों ने भी परिवार को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। सहयोग के इस मौके पर युवा मोर्चा पंजोआ के नौजवान भी सक्रिय रहे। उन्होंने इस दुखद घड़ी में परिवार को 3 पंखे, दरवाजे-खिड़कियां और बाथरूम के लिए शौचालय कार्य में सहायता देने का वादा किया। प्रधान मदन लाल ने कहा, 'यह सिर्फ एक छोटी सी शुरुआत है। हम प्रयासरत हैं कि भविष्य में भी इस परिवार को लगातार सहयोग मिलता रहे ताकि वे सामान्य जीवन की ओर लौट सकें। गुरुदेव सिंह के परिवार की हालत इतनी दयनीय है कि बच्चों को दो वक्त की रोटी तक मयस्सर नहीं है, और उनकी पढ़ाई भी अधूरी रह गई है। ऐसे में यह सहायता उनके लिए एक उम्मीद की किरण बनकर आई है। पंचायत सूरी के प्रधान कुलदीप सिंह ठाकुर ने सर्वहितकारी सभा व युवा मोर्चा पंजोआ के इस सहयोग के लिया। दिल से धन्यवाद किया ओर कहा कि हम पंचायत स्तर पर भी इस परिवार की जितना हो सके मदद करेंगे।

## नगर निगम ऊना क्षेत्र में वर्षा प्रभावित 90 परिवारों को मिली तात्कालिक सहायता

# आपदा प्रभावितों को बांटी राहत राशि



ऊना में बाढ़ प्रभावितों को मौके पर राहत राशि प्रदान करते राजस्व विभाग के अधिकारी।

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**ऊना।** जिला ऊना में हाल ही में हुई भारी वर्षा से प्रभावित परिवारों को त्वरित सहायता उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा राहत एवं पुनर्वास कार्यों को प्राथमिकता पर क्रियान्वित किया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर निगम क्षेत्र के 90 प्रभावित परिवारों को 2.20 लाख की तात्कालिक राहत राशि प्रदान की गई है।

अतिरिक्त उपायुक्त एवं नगर निगम आयुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने बताया कि यह राहत नगर निगम क्षेत्र सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में प्रभावित परिवारों को वितरित की गई है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक क्षति मूल्यांकन के आधार पर नगर निगम क्षेत्र में कुल 15 लाख राशि के राहत मामले तैयार किए गए हैं। उन्होंने दोहराया कि जिला प्रशासन आपदा प्रभावित प्रत्येक परिवार की सहायता के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि राहत एवं पुनर्वास कार्यों की सतत निगरानी की जा रही है तथा इन्हें प्रभावी, पारदर्शी और संवेदनशील दृष्टिकोण से लागू किया जा रहा है। जिला प्रशासन प्रत्येक प्रभावित परिवार को त्वरित और समुचित सहायता उपलब्ध करवाने के लिए युद्धस्तर पर कार्य कर रहा है।

## बारिश बनी बिजली बोर्ड के लिए सिरदर्द कोटलाकलां अनुभाग में 8 लाख का नुकसान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

शनिवार सुबह हुई भारी बारिश ने जिला मुख्यालय के साथ लगते बसाल सब-डिवीजन के अंतर्गत कोटलाकलां अनुभाग में बिजली बोर्ड को भारी नुकसान पहुंचाया है। तेज बारिश और बाढ़ जैसे हालातों के चलते विभाग को करीब करीब आठ लाख रुपए के नुकसान का अनुमान है।

अनुभाग के जेई जगत राम ने बताया कि अजनौली गांव में 9 मीटर ऊंचाई के 4 और 8 मीटर के 5 बिजली पोल, जबकि समूर में 2 और कोटला में 1 पोल बारिश की भेंट चढ़ गया। कुल मिलाकर 12 बिजली पोल जड़ से उखड़कर गिर गए, जिससे बिजली की तारों को भी नुकसान हुआ। इस कारण कुछ इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई थी, हालांकि विभाग की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सप्लाई को सामान्य कर दिया है।

जगत राम ने बताया कि नुकसान का विस्तृत ब्यौरा तैयार कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जा रही है। बिजली बोर्ड की ओर से प्रभावित क्षेत्रों में मरम्मत कार्य तेजी से जारी हैं ताकि लोगों को किसी तरह की असुविधा न हो।



बिजली अनुभाग कोटलाकलां में भी भारी बारिश से लाखों का नुकसान हुआ है।

## पंजावर-बाथड़ी मार्ग पर पंडोगा पुल अस्थायी रूप से हुआ बंद

**अनंत ज्ञान, ऊना**

भारी वर्षा के चलते पंजावर-बाथड़ी सड़क पर स्थित पंडोगा पुल के खंभों के नीचे की कटऑफ दीवार और राफ्ट (किमी 5/904 से 6/155 के मध्य) आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गई हैं। संरचनात्मक नुकसान के कारण यह पुल अब वाहनों की आवाजाही के लिए असुरक्षित हो गया है। जन सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस पुल को आगामी आदेशों तक अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है।

जिला दंडाधिकारी ऊना ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। उन्होंने जानकारी दी कि यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए ट्रैफिक को वैकल्पिक मार्गों पर मोड़ दिया गया है।

उन्होंने बताया कि ऊना की ओर से आने वाले सभी वाहन अब पंडोगा बैरियर होते हुए खड्डु गांव से गुजरेंगे, जबकि गगरेट की ओर से आने वाले वाहनों को डिग्री कॉलेज खड्डु के रास्ते से पंडोगा बैरियर पर मोड़ा गया है। जिला दंडाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि मार्ग पर स्पष्ट संकेतक बोर्ड लगाए जाएं ताकि आमजनता को सुविधा रहे।

### अंबेहड़ा-धमांदरी रोड पर आवाजाही 2 सितंबर तक बंद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** अम्बेहड़ा-धमांदरी रोड़ (किलोमीटर 3000 से 3/750 और 0/000 से 0/725) पर वाहनों की आवाजाही 5 अगस्त से 2 सितंबर तक बंद रहेगी। इस अवधि के दौरान यातायात को वैकल्पिक मार्ग पर मोड़ा गया है। उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने इस संदर्भ में मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 और 116 के तहत आदेश जारी किए हैं। उपायुक्त ने बताया कि यह आदेश बसाल पुली से नंगल सलांगड़ी रोड़( किलोमीटर 0/000 से 7/100) और अम्बेहड़-धमांदरी सड़क (किलोमीटर 0/000 से 8/300) के मरम्मत और विस्तारीकरण कार्यों को त्वरित और सुचारु रूप से करने को लेकर जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि वाहनों की आवाजाही के लिए यातायात को संपर्क मार्ग डेरा बाबा रुद्रू आश्रम से मनोहर मार्केट धमांदरी पर मोड़ा गया है, साथ ही इस अवधि के दौरान हल्के मोटर वाहनों की आवाजाही लिंक रोड से धमांदरी बाजार (पंचायत रोड) पर रहेगी। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सड़क बंद करने को लेकर जनता को सूचित करने और मार्ग परिवर्तन की जानकारी देने के लिए अग्रिम बोर्ड लगाने के निर्देश दिए हैं।

## ऊना मंडल के सभी डाकघर डिजिटल प्लेटफॉर्म से जुड़े

**अनंत ज्ञान, ऊना**

डाक विभाग ऊना में आईटी 2.0 तकनीक एपीटी एप्लिकेशन (एडवांस्ड पोस्टल टेक्नोलॉजी) के अंतर्गत परियोजना का शुभारंभ सोमवार को हुआ। इसके तहत ऊना डाक मंडल के अंतर्गत आने वाले सभी डाकघरों को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ दिया गया है। यह परियोजना एपीटी एप्लिकेशन (एडवांस्ड पोस्टल टेक्नोलॉजी) के अंतर्गत लागू की गई है। इस योजना पर बीते कई दिनों से युद्धस्तर पर कार्य चल रहा था। विभाग के आईटी सेल सहित सभी अधिकारी, कर्मचारी और ग्रामीण डाक सेवक (जीडीएस) ने शनिवार और रविवार को भी पूरी तत्परता से कार्य करते हुए इस परियोजना को सोमवार को सफलतापूर्वक लागू करवा दिया।

डाक विभाग में इस परिवर्तनकारी पहल का उद्देश्य शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में डाक सेवाओं को अधिक आधुनिक, पारदर्शी और दक्ष बनाना है। अब विभिन्न योजनाओं को डिजिटल माध्यम से और अधिक सरल एवं सुविधाजनक ढंग से लागू किया जा सकेगा। इससे ग्राहकों को तेज और भरोसेमंद सेवा मिलेगी।हालांकि, सोमवार को सॉफ्टवेयर के नए वर्जन के कारण कुछ डाकघरों में तकनीकी समस्याएं भी सामने आईं, लेकिन विभाग के कुशल स्टाफ ने उन्हें कुशलता से संभाला।

ऊना डाक मंडल के प्रमुख भूपिंदर सिंह ने इस दिन को विभाग के लिए ऐतिहासिक बताते हुए कहा -4 अगस्त 2025 को ऊना मंडल के समस्त डाकघरों में आईटी 2.0 परियोजना के तहत नए सॉफ्टवेयर वर्जन ने कार्य करना शुरू कर दिया है। यह पहल न केवल विभागीय कामकाज को आधुनिक बनाएगी, बल्कि उपभोक्ताओं को भी बेहतर सेवाओं का लाभ मिलेगा। डाक विभाग की यह पहल आने वाले समय में ग्रामीण और शहरी डाक सेवाओं की तस्वीर बदलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

## दिन-प्रतिदिन बढ़ रही मोदी की लोकप्रियता : अजय

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। राष्ट्रीय ह्यूमन राइट युवा विंग के प्रदेश चेयरमैन और जिला युवा मोर्चा सचिव अजय ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने ग्यारह वर्षों के सफल कार्यकाल में न केवल भारत को वैश्विक मंच पर मजबूत किया, बल्कि आम जनता के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं की एक लंबी शृंखला शुरू कर एक नया इतिहास रचा है।



अजय ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी दुनिया के नंबर वन लोकप्रिय नेता के तौर पर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज करवा चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह भारत के लिए गर्व की बात है कि एक नेता लगातार तीन बार प्रधानमंत्री पद पर जनता का विश्वास जीत रहा है, जो लोकतंत्र की सच्ची ताकत को दर्शाता है।

## चिंतपूर्णी में अज्ञात बदमाशों ने दो युवकों से की लूटपाट

**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान**

**चिंतपूर्णी।** ऊना जिले में माता श्री चिंतपूर्णी की नगरी में रविवार देर रात लूटपाट और मारपीट की घटना सामने आई है। स्थानीय युवकों के साथ अनजान लोगों द्वारा मारपीट करने और कैश लूटने का प्रयास किया गया। पुलिस ने पीड़ित पक्ष का बयान दर्ज कर अज्ञात लोगों पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। मामले में शिकायतकर्ता 33 वर्षीय आकाश कालिया गांव छपरोह ने चिंतपूर्णी पुलिस को लिखित शिकायत में बताया कि वह चिंतपूर्णी बाजार में प्रसाद की दुकान चलाता है।

रविवार रात साढ़े 11 बजे वह अपने भाई आशिम कालिया व रितेश कालिया, गोविंद कालिया व आर्यन कालिया के साथ गाड़ी में रितेश को उसके घर छोड़ने जा रहे था। गाड़ी उसका भाई आशिम चला रहा था। जब वह गाड़ी में शंभू बैरियर के पास पहुंचे तो मोड़ पर बीच सड़क पर कुछ लोग खड़े थे। उनको हटाने के लिए उसके भाई ने हॉर्न बजाया तो वे लोग भड़क गए। इतना ही नहीं बैरियर क्रॉस करते ही उनमें से बाइक पर सवार दो व्यक्तियों ने उन्हें रोक लिया और गाड़ी की खिड़की खोल उसे बाहर खींच लिया। तभी पीछे से करीब 15 से 20 लोगों ने हमें मुक्कों, पत्थरों व हाथ में पहने कड़ों से मारा, जिससे उसे और उसके भाई आशिम को सिर पर चोटें आई और खून निकलने लगा। पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

### सोने की चेन व 1.20 लाख रुपए भी लूटे

इसके साथ ही उन अज्ञात लोगों में से किसी एक ने उसकी सोने की चेन खींच ली और दुकान की सेल का एक लाख बीस हजार कैश जो उसने जेब में रखा था, वह भी निकाल लिया और उसका मोबाइल भी तोड़ दिया। मारपीट करने के बाद वह सभी अपनी अपनी मोटरसाइकिलों पर सवार होकर चिंतपूर्णी मंदिर की तरफ भाग गए।

## युवाओं में समाज सेवा की भावना की जागृत

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा क्षेत्र में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला ऊना के छात्रों द्वारा रविवार से सोमवार शाम तक सदा शिव ध्यूंसर महादेव मंदिर तलमेहड़ा में एक सामाजिक सेवा कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में समाज सेवा, स्वच्छता और जागरूकता की भावना को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम की अगुवाई स्काउट मास्टर विजय कुमार (एलटी) ने की। स्काउट्स एवं गाइड्स के प्रतिभागियों ने मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई, जनजागरूकता अभियान और सेवा कार्यों को अंजाम दिया।

इस मौके पर संजीव कुमार जिला प्रशिक्षण आयुक्त (डीटीसी), भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, ऊना विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों के सेवा कार्यों की सराहना की और उन्हें भविष्य में भी समाज कल्याण हेतु सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया। वहीं, मंदिर ट्रस्ट के चेयरमैन प्रवीण शर्मा ने स्काउट एवं गाइड टीम सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

## केंद्र प्रवास कार्यक्रमों से भाजपा को मिल रही मजबूती : राजेंद्र

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ विस क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो के नेतृत्व में अपने बूथ स्तर पर संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने के लिए ग्राम केंद्र प्रवास कार्यक्रमों का लगातार आयोजन कर रही है। इन कार्यक्रमों के जरिए भाजपा कार्यकर्ता जनता से सीधा संवाद कर रहे हैं और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं।



कुटलैहड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़ ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे तौर पर आम जनता को मिल रहा है, जिससे जनता भाजपा की नीतियों के प्रति विश्वास जता रही है। आज स्थिति यह है कि गांव-गांव में लोग अपने परिवारों को भाजपा से जोड़ने के लिए आगे आ रहे हैं। वहीं, कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों से लोग निराश हैं।

## ब्रह्माकुमारी ने दिव्यांग बच्चों के साथ मिलकर मनाया रक्षाबंधन का त्योहार



ऑटिजम बड्स लर्निंग सेंटर में ब्रह्माकुमारी ने रक्षाबंधन पर कार्यक्रम का आयोजन किया।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

सोमवार को ऑटिजम बड्स लर्निंग सेंटर में ब्रह्माकुमारीज संस्थान की बहनों ने एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर संस्थान की बहनों ने सेंटर के दिव्यांग बच्चों के साथ मिलकर रक्षाबंधन का त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस दौरान ब्रह्माकुमारीज संस्थान बीके आशा दीदीजी ने बच्चों के माथे पर तिलक लगाया और उनकी कलाई पर राखी बांधी। बच्चों ने भी इस प्यार भरे पल का खूब आनंद लिया। यह देखकर सभी के चेहरे खिल उठे।

ब्रह्माकुमारी बबिता बहन ने कहा कि इन बच्चों को प्यार और अपनेपन की सबसे जयादा जरूरत होती है। हमारा उद्देश्य इन बच्चों के जीवन में खुशियां लाना और समाज को यह संदेश देना है कि ये बच्चे भी समाज का एक अभिन्न अंग हैं और इन्हें हमारा पूरा सहयोग मिलना चाहिए।

ऑटिजम बड्स लर्निंग सेंटर की प्रिंसिपल कामिनी ने ब्रह्माकुमारीज संस्थान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों को समाज से जुड़ने का अवसर देते हैं। कार्यक्रम ने प्यार, सम्मान और समावेश का एक गहरा संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को उपहार और मिठाइयां भी दी गईं। इस अवसर पर बीके अवधेश, बीकेअशोक, बीके आदि उपस्थित रहे।

## चौकीमन्यार में श्रीकृष्ण विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान**

**बड़ूही।** उपमंडल बंगाणा की चौकीमन्यार पंचायत स्थित प्राचीन लक्ष्मी नारायण मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन भगवान श्रीकृष्ण के विवाह प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण और श्रद्धा से ओतप्रोत वर्णन किया गया। कथा वाचक आचार्य शिवा शास्त्री ने श्रद्धालुओं को श्रीकृष्ण और रुक्मिणी विवाह की पावन कथा सुनाई, जिसमें धर्म, नीति और प्रेम का गहन संदेश समाहित था।



प्राचीन लक्ष्मी नारायण मंदिर में भागवत कथा का श्रवण करते श्रद्धालु।

आचार्य जी ने कथा के दौरान बताया कि कैसे भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी दिव्य लीलाओं के माध्यम से धर्म की पुन: स्थापना की। रुक्मिणी जी के द्वारा भेजे गए प्रेम पत्र से लेकर, उनका स्वयंवर स्थल पर श्रीकृष्ण द्वारा उनका हरण कर लाना और फिर विवाह का शुभ संयोग, इस सम्पूर्ण प्रसंग को उन्होंने भावविभोर कर देने वाले शैली में प्रस्तुत किया। साथ ही, श्रीकृष्ण के सत्यभामा व अन्य पटरानियों के साथ विवाह प्रसंगों को भी कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं के समक्ष रखा गया, जिससे यह संदेश मिलता है कि प्रेम, त्याग और निष्ठा ही धर्म की असली परिभाषा है।

श्रीकृष्ण विवाह प्रसंग सुनते हुए श्रद्धालु इतने भावविभोर हो गए कि पूरा मंदिर परिसर भक्ति रस से सराबोर हो गया। हर ओर राधे-राधे और कन्हैया लाल की जय' के मधुर जयघोष गूंजते रहे। महिलाओं, पुरुषों, बच्चों और बुजुर्गों ने बड़ी श्रद्धा से कथा का रसपान किया। लोगों की आंखों में भक्ति के आंसू और चेहरों पर अलौकिक शांति स्पष्ट देखी जा सकती थी।

मंदिर परिसर को इस पावन अवसर पर भव्य रूप से सजाया गया था। फूलों से सजे कथा मंच और श्रीकृष्ण विवाह की जीवंत झांकी ने श्रद्धालुओं को जैसे द्वारका नगरी का दर्शन करा दिया। स्थानीय भजन मंडलियों ने श्रीकृष्ण विवाह और रुक्मिणी स्तुति पर आधारित मधुर भजन प्रस्तुत किए, जिससे वातावरण संगीतमय और आध्यात्मिक हो गया।

कथा आयोजन में कौशल परिवार, स्थानीय ग्रामीण और स्थानीय युवाओं ने श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु विशेष प्रबंध किए। छायादार पंडाल, पर्याप्त बैठने की व्यवस्था, शीतल पेयजल, और प्रसाद वितरण जैसी सभी व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित रहीं। स्वयंसेवकों और सेवा भावी युवाओं ने श्रद्धालुओं की सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ी। बुजुर्गों और महिलाओं को विशेष सहयोग प्रदान किया गया, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## सीएम सुक्खू की दूरदर्शी सोच से आपदा पीड़ितों को मिल रही राहत : विवेक शर्मा

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की दूरदर्शी और संवेदनशील नेतृत्व शैली ने राज्य में आपदा से पीड़ित परिवारों के लिए राहत और पुनर्वास की नई मिसाल कायम की है। कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने मुख्यमंत्री की जनहितैषी नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि आपदा में सब कुछ खो चुके भूमिहीन परिवारों को अब सरकार की ओर से न केवल जमीन उपलब्ध करवाई जा रही है, बल्कि पक्का मकान बनाने के लिए 7 लाख रुपए की वित्तीय सहायता भी प्रदान की जा रही है।



विवेक शर्मा ने बताया कि जिन परिवारों के पास अभी तक पक्का मकान नहीं है, उन्हें जब तक उनका मकान तैयार नहीं हो जाता, तब तक सरकार द्वारा हर माह ₹15,000 की आर्थिक मदद भी दी जा रही है। इसके साथ-साथ अन्य मूलभूत सुविधाएं जैसे राशन, स्वास्थ्य सहायता, अस्थायी आवास की सुविधा और बच्चों की पढ़ाई के लिए सहयोग भी सुनिश्चित किया जा रहा है। विवेक शर्मा ने कहा कि यह पहली बार है जब किसी राज्य सरकार ने इतनी व्यापक और ठोस योजना के तहत आपदा पीड़ितों को तत्काल और दीर्घकालिक राहत देने का निर्णय लिया है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू का यह फैसला न केवल मानवीय दृष्टिकोण को दर्शाता है, बल्कि एक ऐसी प्रशासनिक सोच को भी सामने लाता है जो आम जनमानस की पीड़ा को गहराई से समझती है। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार की यही सोच है जिसने राज्य में एक नई कार्यसंस्कृति को जन्म दिया है, जहां योजनाएं सिर्फ कागजों तक सीमित नहीं रहतीं, बल्कि धरातल पर आम आदमी तक पहुंचती हैं।

## आयोजन | सेंसोवाल में जड़ी-बूटी दिवस पर जिलास्तरीय कार्यक्रम आयोजित

# जड़ी-बूटी का संरक्षण करना सबकी जिम्मेदारी : यशपाल

**मुकेश कुमार, अनंत ज्ञान**

**हरोली।** पतंजलि किसान सेवा समिति जिला ऊना की ओर से आयुर्वेदाचार्य बाल कृष्ण के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में जड़ी बूटी दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम हुआ। हरोली क्षेत्र के सेंसोवाल यूनिवर्सल संस्थान के सभागार में जिला स्तरीय जड़ी बूटी दिवस समारोह में जिला किसान पतंजलि समिति के प्रधान शिव शशि कंवर ने आयुर्वेदाचार्य बाल कृण की जीवनी पर प्रकाश डाला।



सेंसोवाल में जड़ी-बूटी दिवस के उपलक्ष्य में एकत्रित ग्रामीण और पतंजलि योग पीठ से जुड़े कार्यकर्ता।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि योगाचार्य पर्यावरण प्रेमी रोटरी क्लब के प्रधान यशपाल राणा ने भारत में लुप्त हो रही जड़ी-बूटी के सरंक्षण पर बल देने के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि जड़ी बूटी शरीर में फैल रही जानलेवा बीमारियों को खत्म करने में औषधी का काम करती है। इनका ज्ञान होना ही हम सब की जान सलामती के लिए आवश्यक है। उन्होंने नीम, जामुन, तुलसी, हल्दी, शतावर, आंवला, हरड़, बहेड़ा, गिलोय, ड्रैगन आदि के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

बदलते परिवेश में जड़ी बूटियों का सरंक्षण करने का पाठ पढ़ाया। सतीश शर्मा ने योग को लेकर सभी को जागरूक किया। सर्वजीत ने जड़ी बूटियों को सहेजकर रखने में अपनी अपनी भूमिका निभाने के लिए कहा।

शिव शर्मा जिला प्रभारी, अनिल कुमार, विजय शर्मा, देसराज चौधरी समेत सभी तहसीलों के प्रभारी वक्ताओं ने जड़ी बूटियों को अमूल्य धरोहर बताया।

उन्होंने इन जड़ी बूटियों के हमारे दैनिक जीवन में एक औषधि के तौर पर महत्व को लेकर विस्तार से बताया। जड़ी बूटियां भी बांटी गईं व पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया ।

## भाजपा नेता बताएं, 25 करोड़ की योजना से क्या बनाया था : सीमा

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिला मुख्यालय पर 25 करोड़ की निकासी योजना का श्रेय लेने वाले भाजपा नेता एक बारिश के बाद ही पानी पानी हुए फिर रहे हैं। यह बात ऊना ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा शर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि जिस तरह शहर में बरसाती पानी की निकासी न होने से शहर के कई घरों, सड़कों, गलियों और मुख्यालय पर स्थित कई सरकारी कार्यालयों में पानी घुसा है, उससे भाजपा की निकासी योजना के खोखले दावे साबित हो चुके हैं।



उन्होंने कहा कि पूर्व जयराम सरकार के कार्यकाल में चहेतों को ठेके देकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया था। भ्रष्टाचार को लेकर शोर मचाने वाली भाजपा ने कोरोना काल में भी चांदी कूटने से परहेज नहीं किया। यही कारण रहा कि पीपीटी किट के मामले में जयराम सरकार के कार्यकाल के दौरान भाजपा के एक वरिष्ठ नेता को अपने पद से हाथ धोना पड़ा था। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता इतने असंवेदनशील हो चुके हैं कि आपदा में राजनीतिक लाभ लेने के लिए मौजूदा सुक्खू की सरकार कोसने के अलावा कोई कार्य नहीं कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में दूसरी बार आपदा आई है जिसे निपटने के लिए प्रदेश सरकार उनके मंत्री, विधायक फील्ड में प्रभावितों से मिल रहे हैं और उनकी समस्याओं को हल करने के लिए जिला प्रशासन को सख्त निर्देश दे रहे हैं ताकि प्रभावितों को शीघ्र राहत मिल सके, लेकिन भाजपा नेता सरकार और आपदा प्रभावितों के बीच में बन रहे तालमेल में खलल डालने का प्रयास कर रहे हैं जो कि अति निंदनीय है। सीएम सुक्खू की कार्यशैली की हर ओर प्रशंसा हो रही है। हिमाचल में लीगल लॉटरी शुरू करने को लेकर प्रदेश सरकार के फैसले का विरोध करने वाले भाजपा नेता बताएं कि भाजपा शासित अरुणाचल, असम और महाराष्ट्र में भाजपा सरकारों द्वारा लॉटरी सिस्टम क्यों चलाया हुआ है ।

# कुशवा पंचायत के नोनू गांव में भूस्खलन से तबाही

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**आनी।** उपमंडल निरमंड की ग्राम पंचायत कुशवा के 15/20 क्षेत्र के नोनू गांव में बीती रात हुए भारी भूस्खलन की घटना ने गांव में अफरा-तफरी मचा दी। हालांकि, इस आपदा में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है, लेकिन कई परिवारों को भारी संपत्ति के नुकसान का सामना करना पड़ा है। सूचना मिलते ही प्रशासन और राजस्व की टीम मौके के लिए रवाना हुई।

स्थानीय निवासी चरण दास का पूरा बगीचा भूस्खलन की चपेट में आ गया। उनका शेड व शौचालय भी मलबे में समा गया है, जबकि उनका मकान अब भी खतरे की जद में है। वहीं, सुरजीत का मकान कभी भी ढह सकता है और राजीव कुमार के मकान के पास बादल फटने की घटना के कारण उनका घर भी गंभीर खतरे में है। वहीं, राजीव के 3,540 फलदार सेब के पेड़ों को को भी नुकसान पहुंचा है। ग्रामीणों ने बताया कि 1978 में भी ऐसी ही त्रासदी ने गांव को झकझोर कर रख दिया था। इसमें 40 से अधिक लोग मलबे में दब गए थ, अब इतिहास की वहीं दर्दनाक तस्वीरें फिर से गांववासियों के सामने ताजा हो गई हैं। भूस्खलन के चलते कुशवा को जोड़ने वाली मुख्य सड़क भी कई जगह से बाधित हो गई है। इससे गांव का अन्य क्षेत्रों से संपर्क पूरी तरह कट गया है।

प्रशासनिक सहायता का अब भी इंतजार है। स्थानीय निवासी नीलदत्त ने प्रशासन और सरकार से आग्रह किया कि प्रभावित परिवारों को तुरंत सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किया जाए और उचित राहत दी जाए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 की समेज बाढ़ के जख्म अभी भरे भी नहीं थे कि अब फिर से गांव संकट में घिर गया है। ग्रामीणों की अपील है कि सरकार जल्द स्थायी समाधान की दिशा में कदम उठाए, ताकि इस प्रकार की आपदाओं से भविष्य में बचा जा सके। इस विषय पर एसडीएम निरमंड मनमोहन सिंह ने बताया कि नोनू गांव में भूस्खलन के कारण घरों को नुकसान हुआ है और सेब के पौधे भी नष्ट हुए हैं। राजस्व विभाग की टीम को मौके पर भेजा गया है। नुकसान का आकलन कर प्रभावितों को जल्द फौरी राहत प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन हरसंभव सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है।



कुशवा पंचायत के नोनू गांव में भूस्खलन से हुई तबाही (दाएं) हलाण-2 सड़क की हालत खस्ता।

## हलाण-2 सड़क 3 दिन से बंद, सेब सीजन प्रभावित, बागवानों ने विधायक से लगाई गुहार

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान**

**पतलीकूहल ।** कुल्लू जिले की हलाण-2 सड़क पिछले तीन दिनों से बंद है। इससे ग्रामीणों और बागवानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

यह सड़क प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी थी, लेकिन भूस्खलन के कारण इसकी बहाली नहीं हो पा रही है। सड़क बंद होने से सबसे ज्यादा परेशानी सेब सीजन के शुरू होने के कारण हो रही है, क्योंकि बागवानों को अपनी फसल मंडी तक पहुंचाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हर साल इन्हीं स्थानों पर पानी की निकासी के लिए बड़ी पाइपों के न होने से बागवानों सहित लोक निर्माण विभाग को भी लाखों का नुकसान होता है। सड़क बंद होने के साथ-साथ, भूस्खलन के कारण मरजां और धड़ींचा गांवों में पानी की आपूर्ति भी ठप हो गई है, जिस जगह भूस्खलन हुआ है, वहां जोला नाले पर पुली में छोटी पाइप होने के कारण नाले का पानी सड़क पर आ गया। इससे भूस्खलन हुआ। नाले के पानी के तेज बहाव ने क्रेटवाल और पानी की पाइपों को भी नुकसान पहुंचाया है। ग्राम पंचायत की उपप्रधान गायत्री ने बताया कि उन्होंने लोनिवि के जेई को इस समस्या के बारे में सूचित किया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

उन्होंने कहा कि विभाग के पास तीन पुलियों को बनाने के लिए बजट आ चुका है, लेकिन लापरवाही के कारण काम शुरू नहीं हो पाया। ग्रामीण सुरेश, लाल चंद और केहर सिंह ने बताया कि उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता से तीन बार मिलकर पुली लगाने की गुहार लगाई थी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। परेशान ग्रामीणों के एक प्रतिनिधिमंडल ने विधायक भुवनेश्वर गौड़ से मुलाकात कर अपनी समस्या बताई। विधायक ने उन्हें आश्वासन दिया है कि कल सुबह मशीनों और जेसीबी को लगाकर सड़क की मरम्मत का काम शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को भी जल्द से जल्द पुलियों का काम शुरू करने के निर्देश दिए हैं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

## करपट में बाढ़ का खतरा, लोग पहाड़ी के नीचे व शिविरों में रहने को मजबूर

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



**केलांग।** हिमाचल प्रदेश के जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के करपट गांव में बाढ़ की आशंका के चलते गांव के लोग अपने घरों को छोड़ने को मजबूर हो गए हैं। लोग पहाड़ी के नीचे तंबू डालकर शिविरों में रह रहे हैं।

करपट गांव के दोनों ओर बहने वाले नालों में बाढ़ आने के डर से 30 से अधिक परिवारों ने शिविरों में शरण ली है, जबकि कुछ लोग अपने रिश्तेदारों के घरों में चले गए हैं। लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने करपट गांव का दौरा किया। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। विधायक ने अस्थायी शिविरों में रह रहे ग्रामीणों को राहत सामग्री व स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाईं। उन्होंने कहा कि प्रशासन व सरकार ग्रामीणों के साथ है। विधायक ने कहा कि बाढ़ से प्रभावितों की स्थायी सुरक्षा को देखते हुए जल्द ही एक सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाएगा। इससे भविष्य में इस तरह की आपदाओं के दौरान सभी ग्रामीण सुरक्षित और एक साथ रह सकें। उन्होंने कहा कि लोगों को तंबुओं में देख मन व्यथित हो गया है और वह हर परिस्थिति में ग्रामीणों के साथ खड़ी हैं। पुल की क्षति को देखते हुए अनुराधा राणा ने लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था तत्काल की जाए। इससे नकदी फसलों को समय पर मंडियों तक पहुंचाया जा सके और ग्रामीणों की आजीविका प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि मयाड़ घाटी के धोधंल नाले को फिलहाल अस्थायी तौर पर बहाल कर दिया गया है। विपरीत परिस्थितियों में एक दिन के भीतर विभाग द्वारा कार्य को अंजाम दिया गया है, जो कि सराहनीय है। दूसरी ओर बीआरो 94 आरसीसी ने 24 घंटों के भीतर दरेड़ नाले में अस्थायी तौर से सड़क मार्ग बहाल कर लिया है। विधायक अनुराधा राणा ने बीआरओ के कार्य की सराहना की है। सड़क बहाल होने से कल से फंसे सभी राहगीर अपने अपने गंतव्यों की ओर रवाना हो गए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### कल से शुरू होगा अतिक्रमण हटाने का अभियान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा जिला प्रशासन कुल्लू के सहयोग से 6 अगस्त को राष्ट्रीय राजमार्ग पर अतिक्रमण हटाने का विशेष अभियान चलाया जाएगा। यह कार्रवाई हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेशानुसार की जा रही है। अधिकारियों के अनुसार, यह अभियान मुख्यतः कुल्लू जिले के उन क्षेत्रों में संचालित होगा, जहां राजमार्ग पर अवैध कब्जों ने यातायात व्यवस्था को प्रभावित किया है और सड़क सुरक्षा के लिए खतरा उत्पन्न कर दिया है। स्थानीय प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों को पूर्व में नोटिस जारी कर दिए हैं और अब निर्धारित तिथि पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने आम जनता से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि यह अभियान जनहित में है और इससे न केवल राजमार्ग की चौड़ाई सुनिश्चित होगी, बल्कि आपातकालीन सेवाओं व वाहनों की आवाजाही भी सुगम होगी। एनएचएआई ने स्पष्ट किया कि अभियान के दौरान किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### सावन माह के अंतिम सोमवार को बांटी खीर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कुल्लू इकाई द्वारा सावन माह के पावन अवसर पर खीर भंडारे का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देना रहा। भंडारे में क्षेत्र के स्थानीय नागरिकों सहित लगभग 2500 से अधिक लोगों ने प्रसाद स्वरूप खीर ग्रहण की। एबीवीपी अपने स्थापना काल से लेकर आज दिन तक राष्ट्र हित छात्र हित और समाज हित के लिए कार्य कर रही है। इस आयोजन में परिषद के कार्यकर्ताओं ने सेवा भाव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और समर्पण के साथ आयोजन को सफल बनाया। परिषद का यह प्रयास समाज में भाईचारे, सहयोग और सेवा की भावना को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा।

### 23 से होगा खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**सीआर शर्मा, अनंत ज्ञान, निरमंड।** बीएमडी स्पोर्ट्स क्लब निथर द्वारा क्षेत्र में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने व युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आगामी 23 अगस्त से खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन बूढ़ा महादेव स्पोर्ट्स क्लब के सान्निध्य में लगने वाले 12 भादो मेले से पहले आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में बूढ़ा महादेव मंदिर परिसर में एक बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता ग्राम पंचायत निथर के प्रधान जगदीश ठाकुर ने की। बैठक में प्रतियोगिता की रूपरेखा तय की गई और आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की गई। कबड्डीः पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रमुख आकर्षण। वॉलीबालः युवाओं में अत्यंत लोकप्रिय। शतरंजः मानसिक विकास और रणनीतिक सोच को बढ़ावा देने वाला खेल। रस्साकशी (महिला वर्ग)ः महिला सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए। सांस्कृतिक कार्यक्रमः प्रतियोगिता का शुभारंभ और समापन महिला मंडलों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ किया जाएगा। सांस्कृतिक संध्याः 26 अगस्त की शाम और 27 अगस्त को विशेष सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा।

### डुघीलग में दिव्यांगता पुनर्वास, आकलन शिविर कल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला रेड क्रॉस सोसायटी कुल्लू द्वारा आदर्श जिला दिव्यांगता पुनर्वास केंद्र कुल्लू के माध्यम से 6 अगस्त को ग्राम पंचायत मझाट व डूघिलग के लिए पंचायत घर डूघिलग में प्रातः 10 बजे से दिव्यांगता पुनर्वास, आकलन शिविर का आयोजन किया जाएगा। सहायक उपायुक्त सह नोडल अधिकारी जिला दिव्यांगता पुनर्वास केंद्र कुल्लू जयवंती ने जानकारी दी कि शिविर में उन दिव्यांगजन जिनकी दिव्यांगता का आकलन मेडिकल बोर्ड द्वारा हो चुका है तथा उनकी दिव्यांगता के दृष्टिगत उनकी पुनर्वास आवश्यकताओं का आकलन करते हुए उन व्यक्तियों को सहायक उपकरण उपलब्ध करवाने के लिए चिह्नित करके उनके केस तैयार किए जाएंगे। इसका उद्देश्य उन दिव्यांगजनों का सर्वेक्षण करना है, जिन्हें दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं, उनकी पुनर्वास आवश्यकताओं का आकलन करना व सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही योजनाओं/कार्यक्रमों के अंतर्गत मामलों को शामिल करने के लिए प्रक्रिया अपनाना है।

### अखिल भारतीय सदस्यता पर्व अभियान का आगाज

**अनंत ज्ञान, तीर्थन।** अखिल भारतीय कोली समाज पंजीकृत नई दिल्ली की सामाजिक संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद वीरेंद्र कश्यप के निर्देशानुसार 31 अगस्त तक राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान पर्व शुरू किया गया है। इसी कड़ी में हिमाचल प्रदेश कोली समाज जिला कुल्लू इकाई द्वारा भी रविवार को सावन के इस पवित्र महीने में मशगांव से पौधरोपण कार्यक्रम के साथ इस अभियान का आगाज कर दिया है। जिला कुल्लू कोली समाज के अध्यक्ष डीआर आनंद द्वारा रविवार को मशगां गांव में एक पौधरोपण और सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर गांव के लगभग 70 लोगों महिलाओं और युवाओं ने पौधे लगाए और समाज की सदस्यता लेने के कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीआर आनंद ने कहा कि यह अभियान किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि बिखरे हुए पूरे कोली कुनबे को एकजुट करने और समाज के विकास के लिए सब का उत्तरदायित्व है।

### कल्याणकारी योजनाओं के बारे में दी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा।** श्रम कल्याण कार्यालय किन्नौर व स्पीति द्वारा एक महत्वपूर्ण श्रम जागरूकता शिविर का आयोजन सोमवार को एडीसी सम्मेलन कक्ष काजा में किया गया। इस शिविर में काजा उपमंडल की सभी 13 पंचायतों के प्रधान, उपप्रधान, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सेवक व तकनीकी सहायक सहित कुल 39 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। जिला श्रम कल्याण अधिकारी किन्नौर एवं स्पीति सपन जसरोतिया ने उपस्थित सभी पंचायत प्रतिनिधियों को हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की 14 विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये योजनाएं मनरेगा व निर्माण क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों को 8400 से 4,20,000 रुपए प्रतिवर्ष तक की सहायता प्रदान करती है। जसरोतिया ने प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे इन योजनाओं की जानकारी अपने-अपने क्षेत्रों के पात्र श्रमिकों तक पहुंचाएं।

### 116 ने चित्रकला व नारा लेखन में दिखाया दमखम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** राज्य स्तरीय जनजातीय मेले के सफल व सौहार्दपूर्ण आयोजन तथा जनसहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन लाहौल द्वारा उपनिदेशक उच्च शिक्षा के सहयोग से एक चित्रकला व नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन केलांग संग्रहालय परिसर में किया गया। इसमें केलांग व उदयपुर उपमंडल के 15 शिक्षण संस्थाओं से कुल 116 स्टूडेंट्स ने भाग लिया। प्रतियोगिता का विषय थाः स्वच्छ, हरित व पर्यावरण अनुकूल जनजातीय मेला प्रकृति के साथ परंपराओं का संरक्षण। बच्चों ने अपनी कलात्मकता और सृजनात्मक सोच के माध्यम से स्वच्छता, परंपरा और पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत किया।

## वॉलीबाल में बड़ाग्रां की टीम ने प्रथम रायसन की टीम ने झटका दूसरा स्थान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



नशा त्यागो खेल चुनो की थीम के तहत गांव शिरड़ में वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र की 12 टीमों ने भाग लिया। वॉलीबाल प्रतियोगिता के आयोजक ईशान ठाकुर और चंदन ने कहा कि प्रतियोगिता का आयोजन युवाओं में बढ़ती हुई नशे की आदत को दूर करने के लिए किया गया।

वॉलीबाल प्रतियोगिता में गांव के समाजसेवी और राजकीय अर्द्ध राजकीय चालक एवं परिचालक महासंघ जिला कुल्लू के अध्यक्ष व राष्ट्रीय प्रचार मंत्री तूले राम मौजूद रहे। प्रतियोगिता में सभी खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और इस प्रतियोगिता को सफल बनाया। इसके लिए आयोजकों ने सभी खिलाड़ियों का धन्यवाद किया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच बड़ाग्रां और रायसन के बीच में खेला गया। इसमें बड़ाग्रां की टीम ने लगातार दो सेट जीतकर यह प्रतियोगिता अपने नाम की। प्रतियोगिता में मुख्यातिथि आए तुले राम ने सभी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार से यह प्रतियोगिता करवाई गई है नशा त्यागो खेल चुनो तो मेरा आग्रह सभी युवाओं से रहेगा कि खुद भी इस चीज से दूर रहें और अपने सभी साथियों को भी दूर रहने की सलाह दें, ताकि हम अपने परिवार के साथ खुशी-खुशी जीवन बसर कर सके। मुख्यातिथि ने विजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## सफाई कर स्वच्छता का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** सुरभि महिला मंडल न्यूडी-कटराई की ओर से गांव न्यूडी में एक स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान के अंतर्गत महिलाओं ने सरस्वती स्कूल से लेकर कटराई विहाल सत्संग भवन तक के रास्ते की सफाई की। इस दौरान रास्ते की नालियों की सफाई की गई और झाड़ियों तथा भांग जैसी अवांछित कंटीली झाड़ियों को हटाया गया। महिलाओं ने आस-पड़ोस के लोगों को भी अपने घरों के आसपास सफाई बनाए रखने और नालियों को साफ रखने के लिए प्रेरित किया। इस अभियान में ग्राम पंचायत कटराई से न्यूडी वार्ड के पंच राम चंद, आशा वर्कर गीता देवी, महिला मंडल की प्रधान पार्वती देवी, सचिव रीतू देवी तथा सदस्याएं पूजा देवी, रीनू देवी, विद्या देवी, रेवती देवी, देवकी देवी, अनिता देवी सहित अनेक महिलाएं सक्रिय रूप से शामिल रहीं। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना की और ऐसे प्रयासों को नियमित रूप से जारी रखने की आवश्यकता पर बल दिया।

## प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत थीम पर होगा झांकियों का आयोजन: अश्वनी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

**2 अक्तूबर से अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव का होगा आगाज**

कुल्लू में 2 अक्तूबर से अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव का आगाज होगा, जबकि 8 अक्तूबर को इसका समापन होगा। वहीं, ढालपुर में आयोजित होने वाले कुल्लू अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में 8 अक्तूबर को अंतरराष्ट्रीय कल्चर परेड का आयोजन किया जाएगा।

इसमें इस वर्ष विभिन्न देशों से आए कलाकारों के साथ-साथ भारत के विभिन्न राज्यों से आए कलाकार अपनी-अपनी संस्कृति का प्रदर्शन करेंगे तथा जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के स्टूडेंट्स द्वारा आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। अतिरिक्त उपायुक्त अश्वनी कुमार ने सोमवार को इस संबंध में शिक्षण संस्थानों के संस्थान प्रमुखों से इस संबंध में एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि इस वर्ष कुल्लू कार्निवाल का बेहतर व अधिक समावेशी आयोजन करवाने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के स्टूडेंट्स द्वारा आकर्षक झांकियों के प्रदर्शन की भागीदारी को इसमें सुनिश्चित किया जाएगा तथा इस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वालों को आकर्षक पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे।

उन्होंने सभी के सुझावों को सुना तथा सभी को हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत थीम पर बेहतर सृजनात्मकता के साथ झांकियों को प्रदर्शन करने की बात कही। बैठक में सहायक उपायुक्त जयवंती ठाकुर, अंतरराष्ट्रीय कल्चर परेड समन्वय समिति के अध्यक्ष डीएफओ शशि किरण, जिला भाषा अधिकारी प्रोमिला गुलेरिया, तहसीलदार रिकवरी सुरभि नेगी सहित अन्य विभागों के अधिकारी तथा शिक्षण संस्थानों के संस्थान प्रमुख उपस्थित रहे।

## सात को मौहल में हेल्थ चेकअप कैंप

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** 7 अगस्त वीरवार को भुंतर सुधार समिति द्वारा हिमालयन हॉलिस्टिक हेल्थ केयर सेंटर (इंडियन ओवरसीज भवन) मौहल व वीवा केयर आई एंड डेंटल अस्पताल, कुल्लू (नजदीक डिग्री कॉलेज) के संयुक्त सौजन्य से निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें आयुर्वेद विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. आकांक्षा द्वारा हेल्थ चेकअप व नाड़ी परीक्षण से रोगों का निदान किया जाएगा तथा पंचकर्म से रोगों के निदान की जानकारी उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके अतिरिक्त विवा केयर आई हॉस्पिटल के प्रख्यात नेत्र चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. कमल कपूर और उनकी टीम द्वारा नेत्रों की निशुल्क जांच की जाएगी। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में निशुल्क ब्लड शुगर जांच के साथ-साथ अन्य बल्ड जांच रियायती दरों पर की जाएगी। हिमालयन हॉलिस्टिक हेल्थ सेंटर, जो कि आयुर्वेद वेलनेस में एक बड़ा नाम है। इसमें आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. आकांक्षा अपनी सेवाएं प्रदान कर रही हैं।

## खरीफ की फसलों का बीमा 14 तक करवाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत जिला कुल्लू में खरीफ की फसलों पर बीमा की अंतिम तिथि बढ़ाकर 14 अगस्त की गई है। कृषि उपनिदेशक कुल्लू सुशील शर्मा ने जानकारी दी कि कृषि विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा खरीफ सीजन की फसलों के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसके अंतर्गत जिले में मक्की व धान की फसलों का बीमा करवाया जा सकता है। दोनों के बीमा के लिए कुल फसल का बीमा प्रति हेक्टेयर 60000, बीमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 14 अगस्त की गई है तथा कुल प्रीमियम प्रति बीघा 96 रुपए है। फसल का बीमा उपरोक्त कंपनी से अंतिम तिथि से पहले अपने नजदीक के लोकमित्र केंद्र में जा कर करवा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए खंड के विषयवाद विशेषज्ञ कृषि विकास अधिकारी, कृषि प्रसार अधिकारी व बीमा कंपनी से 70188060168 एवं 8629802474 पर संपर्क करें।

## सरकार लॉटरी योजना शुरू करने के फरमान को तुरंत करे निरस्त: गुलशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ ने प्रदेश कैबिनेट के लॉटरी योजना फिर से शुरू करने के निर्णय का विरोध जताया है।

संघ के प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष व जिला कांगड़ा पेंशनभोगी संघ के संयोजक नरेंद्र कुमार, महासचिव मिलाप चंद, प्रदेश उपाध्यक्ष खुशहाल चंद नेगी, महिला विंग की प्रदेश उपाध्यक्ष लीला डोगरा, संगठन सचिव मनोरमा डोगरा, कोषाध्यक्ष तेज सिंह ठाकुर, जिला कुल्लू पेंशनभोगी संघ के अध्यक्ष दयाल सिंह ठाकुर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं भुंतर खंड के अध्यक्ष ओंकार दत्त शर्मा, महासचिव किरण चंद शर्मा, उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार, लीला वर्मा, भागचंद ठाकुर, प्रदेश मुख्य सलाहकार एमआर संगरोली, सलाहकार सीताराम ठाकुर, जयकृष्ण ठाकुर, जिला मंडी पेंशनभोगी संघ के संयोजक कन्हैया लाल, कुल्लू शहरी इकाई के अध्यक्ष तेजा सिंह ठाकुर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष खेम सिंह हांडा, सैंज इकाई के अध्यक्ष नारायण सिंह चौहान, महासचिव शेर सिंह ठाकुर, आनी खंड इकाई के संयोजक मंगलदास सहित अनेक पेंशनर नेताओं ने एक संयुक्त प्रेस वक्तव्य में बताया कि पूर्व में तत्कालीन राज्य सरकार द्वारा चलाई गई लॉटरी प्रथा से अनेक कर्मचारियों और पेंशनर्स के परिवार दिवालियापन के शिकार हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व में शुरू की गई लॉटरी प्रथा के शॉर्टकट फॉर्मूले से पैसा कमाने के चक्कर में अनेक कर्मचारी, पेंशनर और युवा वर्ग अपनी सारी कमाई को लॉटरी में गंवा चुके हैं। इससे कई मर्तबा उनके परिवारों का दिवालिया निकल चुका है।



## इंस्पायर अकादमी पर कार्रवाई न होने से छात्रों में आक्रोश

### एनएच-305 चार घंटे किया जाम, तहसीलदार के हस्तक्षेप के बाद खुला जाम

**अनंत ज्ञान, आनी**



आनी के हरिपुर स्थित इंस्पायर अकादमी पर 24 जुलाई को छात्राओं द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों के बाद भी अब तक कोई जांच न होने से रोष स्वरूप छात्रों ने सोमवार को एनएच-305 पर निगान चौक में सीट, एसएफआई और एबीवीपी के बैनर तले धरना-प्रदर्शन और चक्का जाम किया। छात्र नेताओं का आरोप है कि अकादमी में छात्राओं को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया और फीस वसूलने के बावजूद सही शिक्षा नहीं दी गई और संस्थान संचालक पूरी फीस के बावजूद प्रशिक्षुओं पर आठ सौ रुपए की बसूली का दबाव बना रहा है।

छात्रों का कहना है कि एक ओर सरकार बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे अभियान चलाती है। वहीं, जब बेटियों के साथ निजी संस्थानों द्वारा शोषण किया जाता है, तो प्रशासन आंखें मूंद लेता है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या प्रशासन किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है। इसके रोष स्वरूप छात्रों ने निगान चौक पर चक्का जाम कर पुलिस प्रशासन व कंप्यूटर संचालक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस धरने को कई छात्र-छात्रा नेताओं ने संबोधित किया और इंस्पायर अकादमी के संचालक पर एफआईआर के बावजूद भी अभी तक कोई कार्रवाही न होने पर कड़ा रोष जताते हुए संस्थान को सील करने और आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग उठाई। वहीं, सीटू नेता पदम प्रभाकर का कहना है कि सरकार व शिक्षा विभाग बेहतर शिक्षा के नाम पर छात्रों के साथ भद्दा मजाक कर रहे हैं। छात्रों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस संस्थान पर निष्पक्ष जांच नहीं होती, तो वे अगले सप्ताह बस स्टैंड आनी में कॉलेज छात्रों सहित अन्य सभी स्कूलों व संस्थानों के छात्रों के साथ एक विशाल धरना-प्रदर्शन करेंगे। इसके लिए पुलिस प्रशासन जिम्मेदार होगा। विधायक लोकेंद्र कुमार भी मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच की मांग कर चुके हैं। दुर्भाग्यवश उनकी अपील पर भी प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। छात्रों ने स्थानीय प्रशासन और एसडीएम को स्पष्ट संदेश दिया है कि यदि समय रहते कोई कार्रवाई नहीं होती, तो आंदोलन तेज किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह शासन और प्रशासन की होगी।

**विस्तार** — अमित सूद बोले, प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए किया चयन

# अमर ठाकुर, नवल नेगी बने जिला भाजपा के महामंत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

भाजपा जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए भाजपा अध्यक्ष अमित सूद ने अमर ठाकुर और नवल नेगी को महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी है। मीडिया को जारी बयान में कहा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के दिशा-निर्देश अनुसार हर वर्ग खासतौर पर महिला शक्ति को अधिक से अधिक अधिमान देते हुए पार्टी संगठन का विस्तार किया गया है।

इस मौके पर मुख्य पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित नयना देवी विधानसभा क्षेत्र के विधायक रणधीर शर्मा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि भाजपा आज विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है और भाजपा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लगातार देश को आगे बढ़ाने में निरंतर प्रयासरत है। पूर्व मंत्री गोविंद ने भी सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता संगठन के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य करते हुए आगे बढ़ेंगे और सभी को साथ लेकर कुल्लू में मजबूत भाजपा के संकल्प को पूरा करेंगे। अमित सूद ने कहा कि उपाध्यक्ष के पद पर जगर नाथ, ठाकुर चंद, अमर सिंह ठाकुर, योगेश वर्मा, बलदेव राज महंत, अनीता ठाकुर को नियुक्त किया गया, तो सचिव पद पर नयना शर्मा, माला ठाकुर, चमेलू देवी, दुर्गा सिंह ठाकुर, प्रकाश चौधरी, जय सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी राजेंद्र बोद्ध, कार्यालय सचिव नरेश नीलमणि चौहान, कार्यालय सहसचिव राजेश कुमार, कार्यालय सह-सचिव राजेश कुमार, मीडिया प्रभारी विनोद कुमार कायस्था, सह मीडया प्रभारी निलेश गौतम, प्रवक्ता मंजरी देवी और रविंद्र पाल, आईटी संयोजक दुर्गा सिंह, आईटी सह-संयोजक चमन ठाकुर, सोशल मीडिया संयोजक मधुसूदन शर्मा, सोशल मीडिया सह-संयोजक रुचिन चौहान को बनाया गया।

इसके साथ ही जिला कार्यकारिणी सदस्य के रूप में गोवर्धन नारायण, शेर सिंह, जिंदू ठाकुर, शिव चंद, शिव राम, रेशमा ठाकुर, प्रताप पठानिया, अनोख राम महंत, सुदर्शना शर्मा, आमरा देवी, बिमला देवी, भीम सेन, विमल शर्मा, अनिल राणा, पूर्ण ठाकुर, कल्पना ठाकुर, पवित्र सिंह, नीतिका ठाकुर, पूर्ण चंद, जगदीश ठाकुर, भानू भंडारी, नवीन सूद, चंद्र कुमार ठाकुर, चौबे राम, तेजा सिंह, पृथ्वी पाल सिंह, रुकमणि देवी, श्रवण कुमार शर्मा, बालक राम, सोमदास महंत, रीता साहू, पार्वती देवी, पुन्नी देवी, योगराज चौहान, बुद्धि सिंह राणा, जगदीश चंद ठाकुर, अजय, बालक राम कौशल, कमलेश नेगी, राम कृष्ण ठाकुर, जमुना ठाकुर, चेत राम, पूनम महंत, उषा ठाकुर, मनोरमा ठाकुर, कुसुम लता को नियुक्त किया गया। जिलाध्यक्ष अमित सूद ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि भाजपा जिला कुल्लू नए और पुराने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पार्टी संगठन की मजबूती के लिए कार्य करेंगे और आगामी पंचायतीराज चुनावों में कुल्लू के हर क्षेत्र में जीतकर आने वाले विधानसभा चुनावों की जीत की नींव रखेंगे। इस मौके पर अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राकेश डोगरा, विधायक सुरेंद्र शौरी, नरोतम ठाकुर सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।


कुल्लू जिला भाजपा की नई कार्यकारिणी के साथ पूर्व मंत्री और जिलाध्यक्ष सहित अन्य।

## जनजातीय उत्सव क्षेत्र की जनजातीय संस्कृति और परंपरा का प्रतीक: डीसी


जनजातीय मेले के सफल आयोजन को लेकर डीसी अधिकारियों से चर्चा करती हुईं।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

14 से 16 अगस्त तक आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय जनजातीय मेले के सफल आयोजन को लेकर डीसी केलांग किरण भड़ाना की अध्यक्षता में डीसी कार्यालय, केलांग के सभागार में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में केलांग में तैनात सभी विभागाध्यक्षों, बीआरओ तथा स्थानीय प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में मेले की तैयारियों तथा आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई तथा संबंधित सभी अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए गए। डीसी ने सभी विभागों के अधिकारियों व नोडल अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मेले के सफल आयोजन के लिए समर्पण भाव व उत्साह के साथ कार्य करें। उन्होंने सभी विभागों को समयबद्ध तैयारियों, जनसुविधा, साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था तथा स्थानीय संस्कृति व कला के प्रचार-प्रसार के लिए विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा कि यह मेला क्षेत्र की जनजातीय संस्कृति एवं परंपरा का प्रतीक है इसलिए इसे भव्यता व गरिमा के साथ मनाया जाए, ताकि स्थानीय समुदाय व आगंतुक दोनों ही इससे जुड़ाव महसूस कर सकें।

बैठक में उपमंडलाधिकारी नागरिक केलांग आकांशा शर्मा, सहायक आयुक्त कल्याणी गुप्ता, पुलिस उपअधीक्षक रश्मि शर्मा, वनमंडलधिकारी अनिकेत वानवे, खंड विकास अधिकारी विवेक गुलेरिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी बैठक में उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### सिरमौर के शिवालयों में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान, नाहन।** श्रावण माह के अंतिम सोमवार को सिरमौर के शिवालयों में आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही शिव भक्तों की लंबी कतारें मंदिरों के बाहर लग गईं, जो भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक करने के लिए आतुर दिखे। सिरमौर के प्रमुख शिवालयों में श्रद्धालुओं ने पूरे भक्तिभाव के साथ पूजा-अर्चना की। सतयुग कालीन पौड़ी वाला शिव मंदिर, पिपली वाला पातालेश्वर शिव मंदिर, चूड़ेश्वर मंदिर, रानीताल शिव मंदिर, जोगन वाली शिव मंदिर, काली स्थान शिव मंदिर, स्वयंभू शिवलिंग शिव मंदिर कालाअंब और शिव मंदिर ढाबों मोहल्ला जैसे महत्वपूर्ण मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। भक्तों ने शिवलिंग पर जल, दूध, बेलपत्र और पुष्प अर्पित किए और अपनी मनोकामनाएं भगवान शिव के समक्ष रखीं। इस अवसर पर आचार्य वेद ज्ञाता पंडित नितेश भारद्वाज और पंडित गणेश दत्त ने श्रावण मास और सोमवार के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि श्रावण मास भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है और इस माह में की गई पूजा-अर्चना विशेष फलदायी होती है। रानीताल शिव मंदिर के पुजारी पंडित काकूराम ने श्रद्धालुओं को जलाभिषेक की सही विधि और महत्व के बारे में जानकारी दी।

### 'जॉब ट्रेनी पॉलिसी' युवाओं के भविष्य पर संगठित हमला

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भारत की जनवादी नौजवान सभा, स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया और सोलन शहर के युवाओं ने हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा लाई गई 'जॉब ट्रेनी पॉलिसी ' को युवाओं के भविष्य पर एक संगठित हमला करार दिया है। संगठनों ने स्पष्ट कहा कि यह नीति सत्ता में आने से पहले प्रदेश के युवाओं से किए गए स्थायी रोजगार के वादों पर पूरी तरह खिलाफ है और सरकारी रोजगार की अवधारणा को समाप्त करने की पूंजीवादी साजिश है। इस नीति के अंतर्गत, चयनित युवा कर्मियों को पहले दो वर्ष तक प्रशिक्षु के रूप में रखा जाएगा, जिन्हें न तो स्थायी कर्मचारी का दर्जा मिलेगा, न सेवा सुरक्षा, न वेतनमान, न छुट्टियां, न पेंशन और न ही अन्य कर्मचारी सुविधाएं। यह कदम युवाओं को अस्थायी और शोषण की ओर धकेलने वाला है। भारत की जनवादी नौजवान सभा सोलन के जिला सचिव राकेश कुमार, एसएफआई के सचिव रोहित ने कहा कि युवाओं से स्थायी नौकरी का अधिकार छीना जा रहा है। चयन के बावजूद युवाओं को दो साल तक प्रशिक्षु बना कर अस्थायी में रखा जाएगा। सेवा सुरक्षा का पूर्ण अभाव वेतनमान, छुट्टियां, पेंशन, स्थायी कर्मचारी जैसे अधिकार नहीं दिए जाएंगे। शोषण की खुली छूट प्रशिक्षु को कभी भी हटाया जा सकता है, जो युवाओं के आत्मसम्मान और भविष्य की सुरक्षा पर हमला है।

### फ्रेशर्स पार्टी 'नवागमन' समारोह आज

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट में 5 अगस्त को फ्रेशर्स पार्टी नवागमन समारोह आयोजित किया जा रहा है। समारोह प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया जा रहा है। द्वितीय वर्ष और तृतीय वर्ष के विद्यार्थी इस समारोह की तैयारी उत्सुकता से कर रहे हैं। प्राचार्या डॉ. रुचि रमेश ने बताया कि इस समारोह में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों का औपचारिक रूप से स्वागत किया जाएगा।

### जतिन शर्मा ने मिंजर मेले में लूटी वाहवाही

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** कंडाघाट उपमंडल के साधुपुल समीप बीनू गांव के 31 वर्षीय युवा कलाकार जतिन शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले की रविवार को अंतिम सांस्कृतिक संध्या में अपनी प्रस्तुति दी। उन्होंने हिमाचल आपणा जानी दे भी प्यारा गीत प्रस्तुत कर दर्शकों से खूब वाहवाही लूटी। जतिन शर्मा साधुपुल के समीप बीनू गांव से संबंध रखते हैं और उभरते कलाकार हैं, उन्हें मिंजर मेले में लगातार तीसरे साल प्रस्तुति का मौका मिला। कुल्लू के दशहरे, रामपुर के लवी और सिरमौर के रेणुका जी के विख्यात मेलों में भी अपनी प्रस्तुति दे चुके हैं। वह राम स्वरूप शांडिल और सीताराम शर्मा को अपना गुरु मानते हैं। उन्हें बचपन से ही गाने का शौक है।

### विस उपाध्यक्ष आज से सिरमौर के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार 8 अगस्त तक जिला सिरमौर के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि विधानसभा उपाध्यक्ष 5 अगस्त को थाना खेगवा में जनसमस्याएं सुनेंगे तथा 6 अगस्त को श्री रेणुका जी विधानसभा क्षेत्र की स्थानीय पंचायतों का दौरा कर लोगों की समस्याओं को जानेंगे। प्रवक्ता ने बताया कि विधानसभा उपाध्यक्ष 8 अगस्त को डीसी कार्यालय नाहन में प्रातः 11 बजे जिला कल्याण विभाग की बैठक और इसके उपरांत प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

### यशवंतनगर में डॉ. परमार को किया याद

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** हिमाचल निर्माता डॉ. वाईएस परमार की 119वीं जयंती के अवसर पर यशवंतनगर स्थित डॉ. परमार की प्रतिमा पर लोगों ने पुष्पाहार और फूल अर्पित करके उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर करगानू पंचायत के प्रधान विद्यानंद शर्मा ने बताया कि डॉ. वाईएस परमार के नाम पर गिरिपुल का नामकरण यशवंत नगर किया गया था। इसकी याद में जसवंतनगर में प्रतिमा स्थापित की गई है, जहां पर हर वर्ष सादे रूप में परमार जयंती मनाई जाती है। डॉ. परमार की बदौलत हिमाचल प्रदेश को पूर्ण राज्यत्व का दर्जा प्राप्त हुआ है। डॉ. परमार के योगदान को कृतज्ञ प्रदेशवासी कभी नहीं भुला पाएंगे। इस मौके पर व्यापार मंडल यशवंत नगर की ओर से मिठाई बांटी गई। डॉ. परमार को श्रद्धांजलि देने वालों में नंबरदार कपूर सिंह, व्यापार मंडल के पदाधिकारी संजय अत्री, दिनेश अग्रवाल, राजन गर्ग, हरनाम, कपिल, रविंद्र सहित काफी संख्या में लोग शामिल रहे।

### कवि सम्मेलन में डॉ. परमार के विजन पर रखे विचार

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सिरमौर कल्याण मंच के सौजन्य से सोलन में डॉ. वाईएस परमार की जयंती पर विचार गोष्ठी व कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें जिला उद्योग केंद्र सोलन के महाप्रबंधक सुरेंद्र सिंह ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस सत्र में बीज वक्ता हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी में परमार पीठ के चेयरमैन प्रोफेसर डॉ. ओमप्रकाश शर्मा रहे। मुख्यातिथि ने कहा कि डॉ. परमार के दूरदर्शी कार्यों के कारण हिमाचल प्रदेश आज विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि डॉ. परमार की जयंती पर यदि हम उनके दिखाए मार्ग पर चलें, तो यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। सत्र के बीज वक्ता डॉ. ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि डॉ. परमार कोई साधारण व्यक्तित्व नहीं, बल्कि एक युगदृष्टा थे। उन्होंने कहा कि डॉ. परमार के बिना हम अधूरे हैं। उन्होंने कहा कि संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल होने के लिए पहाड़ी भाषा पूरी पात्र हैं। कांग्रेस नेता जगमोहन मल्होत्रा ने प्रकृति के रोद्र रूप पर चिंता जताई। एटक के प्रदेशाध्यक्ष जगदीश भारद्वाज और डॉ. धर्मचंद गुलेरिया ने भी डॉ. परमार के विजन पर विचार रखे।।

### रक्तदान कर महादान का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, सोलन।** डॉ. परमार कर जयंती के मौके पर सिरमौर कल्याण मंच ने 24वां रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इसमें सिरमौर मंच के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मंच के महासचिव यशपाल कपूर ने 48वीं बार रक्तदान किया। इसके अलावा विपुल कश्यप, शमशेर ठाकुर ने भी 20 से अधिक बार रक्तदान कर इस पुनीत कार्य में भाग लिया। रक्तदान शिविर में मंच के वरिष्ठ सदस्य कंवर वीरेंद्र सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। शिविर के प्रभारी व मंच के अध्यक्ष प्रदीप मंमगाई ने कहा कि इस शिविर के सफल संचालन में रवि मदान और विजय यादव का निरंतर सहयोग मिलता है। साथ ही कुमारहट्टी के व्यवसायी यश कपिल ने भी सहयोग किया।

### विद्यार्थियों को रोजगार से संबंधित व्याख्यान दिया

**अनंत ज्ञान, सराहां।** राजकीय महाविद्यालय सराहां में करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के द्वारा एक प्रेरणात्मक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें यूनाइटेड वेटरन्स एसोसिएशन पच्छाद के अध्यक्ष संजय राजन और उनके सहयोगी उपाध्यक्ष प्रीतपाल ठाकुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता संजय राजन ने कॉलेज के विद्यार्थियों को रोजगार से संबंधित व्याख्यान दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य को निर्धारित करने के लिए दृढ़ संकल्प के साथ कड़ी मेहनत करने के लिए कहा, साथ ही विद्यार्थियों को अपने व्यक्तित्व का विकास करते हुए जीवन में सकारात्मकता को अपनाते हुए प्रकृति, अपने गुरुजनों तथा माता-पिता का हमेशा आभार व्यक्त करने के लिए प्रेरित किया। तत्पश्चात कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गुलशन कुमार धीमान ने विद्यार्थियों को अपनी रुचि और क्षमताओं के अनुसार लक्ष्य निर्धारित करते हुए जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और साथ ही अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए कॉलेज में आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

# दो दशक से नहीं बना इंडोर स्टेडियम

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**सोलन।** जिला मुख्यालय में खेल प्रतिभाओं की भरमार होते हुए भी सरकार यहां पर एक अदद स्टेडियम का निर्माण तो दूर प्रस्तावित इंडोर स्पोर्ट्स स्टेडियम बनाने की भी हिम्मत नहीं जुटा पाई। इस उपेक्षा से होनहार खिलाड़ियों का भविष्य अंधकार में पड़ रहा है या फिर खेल सुविधाओं के अभाव में खिलाड़ी पलायन करने को मजबूर हैं। ज्ञात रहे कि सोलन के ठोडो मैदान के पास प्रस्तावित इंडोर स्टेडियम का निर्माण प्रस्तावित है पर करीब डेढ़ दशक बीत जाने के बावजूद भी निर्माण के नाम पर एक भी ईंट नहीं जुड़ पाई। जानकारी के मुताबिक वर्ष 2011 में तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल द्वारा किए गए शिलान्यास को 14 साल बीत चुके हैं, लेकिन अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। इससे न सिर्फ स्थानीय खिलाड़ियों में निराशा है, बल्कि जिला खेल विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।



सोलन का ठोडो मैदान।

### सरकार के पास अटकी है फाइल

**यहां** करीब एक साल से जमीन की अदला-बदली का मामला अटका हुआ है। प्रस्तावित स्टेडियम के लिए करीब 4 बीघा भूमि निर्धारित की गई थी। इसमें से 71 वर्ग मीटर जमीन निजी स्वामित्व में है। इसके बदले में सरकार ने पास की खाली सरकारी जमीन को उक्त व्यक्ति के नाम स्थानांतरित करने की योजना बनाई थी। एक साल पहले सभी औपचारिकताएं पूरी कर डीसी सोलन के माध्यम से संबंधित फाइल सरकार को भेजी गई थी, लेकिन वहां से अब तक कोई आदेश नहीं आया है। फाइल एक साल से शिमला में धूल फांक रही है, जिससे इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर ब्रेक लगा हुआ है। इस देरी के चलते स्टेडियम निर्माण के लिए जारी 2 करोड़ रुपए का बजट भी लैप्स हो चुका है।

> पिछले वर्ष लैंड एक्सचेंज की पूरी प्रक्रिया पूरी कर दी गई थी और फाइल डीसी सोलन के माध्यम से सरकार को भेजी है। सरकार के अगले आदेश की प्रतीक्षा है। स्टेडियम बनने से खिलाड़ियों को सीधा लाभ मिलेगा।
>
> **भूपेंद्र वर्मा, जिला खेल अधिकारी, सोलन।**

### खिलाड़ियों के सपने अधूरे

**खिलाड़ियों** के सपनों को और झटका लगा है। प्रस्तावित इंडोर स्टेडियम एक मल्टीपरपज हॉल के रूप में बनना था, जिसमें बैडमिंटन, बास्केटबॉल, वॉलीबाल जैसे कई इंडोर खेलों की सुविधा होनी थी। उधर, एक ओर सरकार खेलो इंडिया जैसे अभियानों को बढ़ावा दे रही है, वहीं सोलन जैसे शहरों में इंफ्रास्ट्रक्चर की अनदेखी स्थानीय प्रतिभाओं के विकास में बाधक बन रही है। फिलहाल खिलाड़ी ओपन ग्राउंड में अभ्यास करने को मजबूर है, जिससे न केवल प्रदर्शन प्रभावित हो रहा है, बल्कि चोट लगने की आशंका भी बनी रहती है। यदि यह स्टेडियम बनता है, तो खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण सुविधा मिलेगी और उनका प्रदर्शन भी सुधरेगा। इसके अलावा वह आगे चैंपियनशिप में भाग लेकर जिला सोलन का नाम भी रोशन कर सकते हैं।

# हिमाचल निर्माता डॉ. यशवंत सिंह परमार को जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सिरमौर कल्याण मंच सोलन की ओर से हिमाचल निर्माता डॉ. यशवंत सिंह परमार की 119वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। सोलन के चिल्ड्रन पार्क स्थित उनकी प्रतिमा पर नगर निगम सोलन की मेयर उषा शर्मा ने माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हिमाचल के गठन में डॉ. परमार का अमूल्य योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी दूरदर्शी सोच से प्रदेश आगे बढ़ रहा है। उन्हीं की सोच के बदौलत हिमाचल पहाड़ी प्रदेशों में अग्रिम राज्य बन चुका है। पूर्व सांसद व वरिष्ठ भाजपा नेता वीरेंद्र कश्यप ने डॉ. परमार को याद करते हुए कहा कि हिमाचल निर्माण में उनके द्वारा दिए गए योगदान को युगों-युगों तक याद रखा जाएगा। डॉ. परमार ने हिमाचल में सड़कों के निर्माण को अपनी पहली और अंतिम प्राथमिकताओं में शामिल किया था, ताकि पहाड़ों की भाग्य रेखाएं कहलवाने वाली सड़कों के विस्तार से हिमाचल में समृद्धि और खुशहाली आ सके। सिरमौर कल्याण मंच के प्रधान प्रदीप मंमगाई ने कहा कि मंच प्रदेश की एकमात्र ऐसी संस्था है, जो सुबह 8 से रात्रि 10 बजे तक डॉ. परमार की जयंती को उत्सव के रूप में मनाती है। मंच पिछले 24 वर्षों से यह जयंती मना रहा है।

### 4880 पौधे लगाए

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. यशवंत सिंह परमार की जयंती के अवसर पर डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा चलाए गए वन महोत्सव अभियान का समापन भी किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल, विश्वविद्यालय के अधिकारी गण, संकाय सदस्य व कर्मचारियों द्वारा डॉ. परमार को पुष्पांजलि अर्पित की गई। अनुसंधान निदेशक डॉ. संजीव चौहान ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय द्वारा हरित क्षेत्र बढ़ाने के प्रयासों की जानकारी दी। बीते एक माह में विभागीय स्तर पर हुए पौधरोपण अभियानों के अंतर्गत अब तक 4880 पौधे लगाए जा चुके हैं और आज के दिन इस अभियान का समापन किया गया।

### लघु उद्योग भारती प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम आयुक्त से की मुलाकात

# बद्दी की सड़कों की हालत दयनीय

**ओम शर्मा, अनंत ज्ञान**



**बद्दी।** लघु उद्योग भारती हिमाचल इकाई का प्रतिनिधिमंडल नगर निगम आयुक्त व सीईओबीबीएनडीए सोनाक्षी सिंह तोमर से प्रदेश अध्यक्ष अखिल मोहन अग्रवाल की अध्यक्षता में समस्याओं को लेकर मिला।

इसमें राष्ट्रीय सचिव विक्रम बिंदल भी उपस्थित हुए। अखिल मोहन अग्रवाल ने बताया कि बीबीएन की सड़कों-विशेषकर साई रोड, वर्धमान-मोरपेन रोड व हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी बद्दी आदि की दयनीय स्थिति को सुधारने के लिए तत्काल मरम्मत व पुनर्निर्माण की आवश्यकता है। बद्दी की प्रमुख सड़कों की स्थिति अत्यंत जर्जर व चिंताजनक हो चुकी है। विशेषकर साई रोड, नालागढ़-पिंजौर हाईवे के रेड लाइट क्रॉसिंग से लेकर वर्धमान चौक तक, वर्धमान-मोरपेन रोड और हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से सड़कों का नामोनिशान मिट चुका है। बद्दी की अधिकांश अन्य आंतरिक सड़कें भी बेहद खराब हालत में हैं।

इसमें आम जनजीवन और औद्योगिक गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि क्षेत्र में रोजाना ट्रैफिक जाम की समस्या से जूझना पड़ता है। साई रोड पर हर दिन भारी ट्रैफिक जाम लग रहा है। केवल 1-2 किलोमीटर का सफर तय करने में एक घंटा या उससे अधिक समय लग जाता है। इससे आम जनता, स्कूल जाने वाले स्टूडेंट्स व उद्योगों को भारी नुकसान हो रहा है। दिन-प्रतिदिन दुर्घटनाओ में बढ़ोतरी हो रही है। खस्ता हालात सड़कों से वाहन बार-बार खराब हो रहे हैं। सस्पेंशन, टायर, अंडरबॉडी और अलाइनमेंट पर प्रभाव पड़ रहा है। इससे आम जनता पर मरम्मत के खर्च का आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। बारिश के बाद गड्ढों में पानी भर जाता है। इससे मच्छरों और कीड़ों का प्रजनन होता है। पहले इस क्षेत्र में फॉगिंग होती थी, जो अब पूरी तरह बंद हो चुकी है। टूटी सड़कों से उठती धूल, गाड़ियों की हिचकोले मारती आवाजाही और लगातार हॉर्न प्रदूषण का कारण बन रहे हैं। इससे स्थानीय लोगों का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव लघु उद्योग भारती विक्रम बिंदल आदि उपस्थित रहे।

# फनेवटी में भूस्खलन से मकान खतरे की जद में, सड़क बंद

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान**

**कंडाघाट।** पर्यटन नगरी चायल से डूबलू नोवा जाने वाली सड़क पर फनेवटी गांव में रविवार रात को भूस्खलन होने से एक तीन मंजिला मकान और जमीन खतरे की जद में आ गई। साथ ही यह सड़क बंद हो गई। फनेवटी गांव में सड़क के ऊपर जहां भूस्खलन हुआ, वहां सड़क के साथ नरेश कुमार का तीन मंजिला मकान बना है। यह मकान खतरे की जद में है।

इसके साथ ग्रामीणों में बाबूराम और कुछ अन्य लोगों की मलकियत भूमि भी इसकी जद में है। अभी भी इस घटना के बाद जमीन में चार से छह ईंच दरारें और पड़ी हैं, जो बड़े भूस्खलन का साफ संकेत दे रही हैं। प्रभावित ग्रामीण नरेश कुमार, बाबूराम और अन्य ग्रामीणों लक्ष्मी सिंह, रीता, सत्या, कृष्णा सहित आदि ने बताया की कि इसी साल अप्रैल में इस सड़क को चौड़ा करने के लिए लोक निर्माण विभाग ने कटिंग करवाई। उस दौरान लोगों ने मौखिक तौर से कहा कि कटिंग के साथ सड़क की ऊपरी तरफ डंगा लगाना जरुरी है। उस समय विभाग ने यह बात मानी थी। इसके बावजूद कटिंग की गई और कोई डंगा नहीं दिया। नतीजा भूस्खलन से घर और जमीन तबाह होने की जद में है। इस कारण लोगों में रोष व्याप्त है। कनिष्ठ अभियंता जुन्गा धर्मेंद्र, हल्का पटवारी अशोक शर्मा, पंचायत प्रधान स्वरूप ठाकुर मौके पर पहुंचे और मौके का जायजा लिया। लोक निर्माण विभाग ने छोटे वाहनों के लिए सड़क बहाल की, लेकिन बड़े वाहन के लिए बहाल नहीं हुई। लोक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता ने कहा कि उच्चधिकारियों को सूचना दी गई है। उनके निरीक्षण के बाद अगली कार्रवाई की जाएगी।

# 8.20 ग्राम चिट्टे के साथ युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** जिला पुलिस बद्दी ने नशे के खिलाफ अपने अभियान को जारी रखते हुए एक युवक को चिट्टे के साथ दबोचा है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी देते हुए एएसपी बद्दी अशोक वर्मा ने बताया के पुलिस थाना नालागढ़ के अंतर्गत गांव सेरी निचली में एक युवक नंदलाल उर्फ नंदू पुत्र मान सिंह निवासी गांव सेरी, डाकघर व तहसील नालागढ़ के कब्जे से उसके द्वारा छिपाकर रखा 8.20 ग्राम चिट्टा बरामद किया। वहीं, एएसपी ने बताया के बद्दी पुलिस के पीओ सेल की टीम द्वारा थाना बरोटीवाला में दर्ज एक अभियोग के तहत वांछित अभियुक्त सीता राम उर्फ विक्की, पुत्र विजय कुमार, निवासी मकान नंबर 586 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी फिरोजपुर, पंजाब को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त को माननीय अधिवक्ता न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम, नालागढ़ द्वारा 25 जुलाई को वांछित घोषित किया गया था। उद्घोषित अपराधी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

**एक उद्घोषित अपराधी भी दबोचा**

### गोशाला परिसर में रोपे 65 पौधे

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पर्यावरण संरक्षण को समर्पित एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कोटला बड़ोग ने एक अद्वितीय प्रयास करते हुए हरिओम गोशाला परिसर में 65 पौधों का रोपण कर मियावाकी तकनीक से एक सूक्ष्म वन का सृजन किया। इस पुनीत कार्य में हरिओम गोशाला, विद्यालय के ईको क्लब, स्कूल प्रबंधन समिति, भारत स्काउट्स व गाइड्स, स्थानीय ग्रामवासियों तथा छात्रों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। एक पेड़ मां के नाम अभियान का उद्देश्य मातृभूमि और प्रकृति के प्रति प्रेम व कर्तव्य को जनमानस में जागरूक करना है। हरिओम गोशाला परिसर में इको क्लब और भारत स्काउट व गाइड्स की स्वयंसेवियों द्वारा स्थानीय प्रजातियों के 65 पौधे रोपे। इनमें मुख्यत: बहेड़ा, आंवला, नीम, कचनार आदि सम्मिलित हैं। प्रधानाचार्य बंसी लाल नेगी ने कहा, हमारे बच्चों ने जिस उत्साह से यह अभियान अपनाया, वह अत्यंत सराहनीय है।

# साफ-सफाई, पोषण व मानसिक स्वास्थ्य पर दिया विशेष बल



अंतरराष्ट्रीय स्तनपान दिवस पर जागरूकता शिविर में मौजूद लोग।

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

अंतरराष्ट्रीय स्तनपान दिवस के अवसर पर पांवटा साहिब सैनवाला वृत्त के अंतर्गत सुपरवाइजर सुनीता की अगुवाई में एक स्तनपान जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

शिविर का उद्देश्य माताओं को स्तनपान के महत्व, उसकी सही विधि और शिशु के प्रारंभिक छह माह तक केवल मां का दूध दिए जाने की आवश्यकता के बारे में जागरूक करना था। इस अवसर पर मेरा गांव मेरा देश-एक सहारा संस्था के निदेशक डॉ. अनुराग गुप्ता, संस्था की अध्यक्ष पुष्पा खंडूजा एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से अधिवक्ता संजीव कुमार व आयुष विभाग से देवेंद्र कुमार विशिष्टातिथि के रूप में उपस्थित रहे। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने स्तनपान पर जागरूकता लाने के लिए जागरूकता गीत भी प्रस्तुत किया। विशेषज्ञों ने स्तनपान के वैज्ञानिक, सामाजिक और भावनात्मक पहलुओं पर प्रकाश डाला। डॉ. अनुराग ने कहा स्तनपान न केवल शिशु के लिए संपूर्ण आहार है, बल्कि यह मां और बच्चे के संबंध को मजबूत करने का आधार भी है। संस्था अध्यक्ष पुष्पा खंडूजा ने माताओं को स्तनपान के दौरान पोषण, स्वच्छता व मानसिक स्थिति के महत्व पर जानकारी दी।

### सराहां में कल लगेगा रोजगार मेला

**अनंत ज्ञान, सराहां।** श्री साईं मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल नाहन के सहयोग से स्वास्थ्य कैंप, आधार अपडेट व सुधार कैंप के साथ मिशन रोजगार के तहत आगामी 6 अगस्त को सिरमौर जिले के पच्छाद क्षेत्र विधानसभा सराहां में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले का आयोजन यूनाइटेड वेटरन्स एसोसिएशन पच्छाद के स्थापना दिवस पर हिमालय फाऊंडेशन बद्दी व लघु उद्योग संघ हिमाचल के सौजन्य से किया जा रहा है। यूनाइटेड वेटरन्स एसोसिएशन पच्छाद के संस्थापक संजय राजन व हिमालय फाउंडेशन बद्दी के संस्थापक डॉक्टर रणेश राणा ने बताया कि इस रोजगार मेले का आयोजन सराहां के कुश्ती मैदान में सुबह 10 बजे से 1 बजे तक किया जाएगा। इसमें एक दर्जन से अधिक प्लेसमेंट एजेंसियों व कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे, जो युवाओं को रोजगार के बारे में विस्तार से जानकारी देंगे।

# हेल्पिंग पीपल संस्था का लक्ष्य असहाय पीड़ित व जरूरतमंदों तक पहुंचना: संतोष

**कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान**



**अर्की।** अर्की उपमंडल के बखालग ग्राम में हेल्पिंग पीपल संस्था की कोर ग्रुप की बैठक अध्यक्ष महेंद्र सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में कोषाध्यक्ष मनोहर शर्मा द्वारा आय-व्यय का ब्यौरा संस्था के समक्ष रखा गया। बैठक में आगामी रूपरेखा व कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत चर्चा हुई और संस्था के विस्तारीकरण को लेकर सहमति व्यक्त हुई। संगठन मंत्री संतोष शुक्ला ने बताया कि अर्की हेल्पिंग पीपल संस्था में महिलाओं की भी अग्रणी भूमिका रहेगी। इस मौके पर बीडीसी की पूर्व चेयरमैन नीलम रघुवंशी को उपाध्यक्ष और बातल पंचायत की प्रधान उर्मील शर्मा को संस्था का प्रवक्ता व हरीश कुमार को कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया। संतोष शुक्ला ने बताया कि संस्था में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अर्की विधानसभा को पांच खंडों में विभाजित किया जाए। इसमें दाड़लाघाट खंड, धुंदन खंड, कुनिहार खंड, जयनगर व दिग्गल खंड बनाए गए, ताकि संस्था जमीनी स्तर पर असहाय, पीड़ित और जरूरतमंदों तक पहुंचकर अपनी सेवाएं पहुंचा सके। इसके तहत दाड़लाघाट खंड में नीमचंद ठाकुर को प्रभारी की कमान सौंपी व अन्य खंडों में भी जल्द प्रभारी नियुक्त किए जाएंगे। संस्था के अध्यक्ष महेंद्र ठाकुर ने कहा कि महिलाओं की भूमिका समाज में बहुत महत्वपूर्ण है, वे न केवल परिवार की धुरी होती हैं, बल्कि वे समाज के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान करती हैं।

**समस्या** वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने की उठी मांग

# पांवटा में वाहनों की आवाजाही बनी परेशानी

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**



पांवटा बाजार।

गुरु की नगरी पांवटा साहिब के मुख्य बाजार के वाहनों के जमघट के परिप्रेक्ष्य में स्थानीय बुद्धिजीवियों व अनुभवी व्यक्तियों ने ग्राहकों और आमजन की सुविधा को लेकर वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने की पैरवी की है।

बाजार में वाहनों की आवाजाही से खरीददारों व राहगीरों को सामान खरीदने और बाजार में पैदल चलने में समस्या का सामना करना पड़ता है। पांवटा साहिब के मुख्य बाजार में दिन भर दोपहिया व अन्य वाहनों का आवागमन लगा रहता है। इस कारण राहगीरों व खरीददारों को अमूमन ये समस्या देखने को मिलती है। इसी परिप्रेक्ष्य में जनहित में स्थानीय प्रशासन अथार्थ उपमंडलाधिकारी पांवटा साहिब से समाजसेवी हेमराज राणा ने इस गंभीर समस्या का निराकरण करने के लिए पांवटा साहिब के मुख्य बाजार में वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाने का सुझाव दिया है। उन्होंने कहा कि उपमंडलाधिकारी पांवटा ही इस समस्या का निराकरण करने में सक्षम माने जाते हैं। भविष्य में पांवटा साहिब के मुख्य बाजार की व्यवस्था सुचारू रूप से बनी रहने से सड़क हादसों का खतरा भी कम होगा। बता दें कि पांवटा साहिब एक औद्योगिक क्षेत्र के साथ-साथ प्रसिद्ध धार्मिक स्थल भी माना जाता है।

इस धार्मिक स्थल में मुख्यत: गुरुद्वारे में प्रतिदिन विभिन्न राज्यों से सैकड़ों श्रद्धालुओं के साथ-साथ विदेशी पर्यटक भी पांवटा साहिब पहुंचते हैं। ऐसे में बाजार में वाहनों की आवाजाही पर जनता की समस्याओं व भावनाओं को देखते हुए रोक लगाई जाए, जिस प्रकार पांवटा साहिब बाजार खरीददारी करने के लिए अनेक विधानसभा क्षेत्र का केंद्र बिंदु माना जाता है, तो वहीं विभिन्न राज्यों की अंतरराज्यीय सीमाएं भी पांवटा साहिब से लगती हैं। पांवटा साहिब के मुख्य बाजार में लगभग तीन दशक पूर्व भी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाई गई थी, जिससे कि आम आदमी बाजार में निर्भीक और व्यवस्थित व्यवस्था के साथ लुत्त उठाते नजर आते थे, लेकिन वाहनों की आवाजाही शुरू होने से जनता को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ता है, जो कि चिंता और समस्या का विषय बनता जा रहा है। साथ ही हिमाचल प्रदेश में ऐसे अनेक शहर देखने व सुनने को मिलते हैं, जिन क्षेत्रों में जनता की सुविधा और सुरक्षा के परिप्रेक्ष्य में वाहनों की आवाजाही पर पूर्णतया रोक लगाई गई है। इसमं जैसे शिमला का माल रोड, मुख्य बाजार शिमला, सोलन का मुख्य बाजार शामिल है।

# परिवहन विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारी पेंशन से वंचित: संघ

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

प्रदेश भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ जिला सोलन की दाड़लाघाट यूनिट की मासिक बैठक यूनिट अध्यक्ष मनोज शर्मा की अध्यक्षता में शिव मंदिर प्रांगण में हुई।

बैठक में जिला अध्यक्ष बाबूराम ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में गत दिनों जिला मंडी तथा अन्य क्षेत्रों में प्राकृतिक आपदा से हुए जानी नुकसान पर गहन संवेदना प्रकट की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस आपदा से प्रभावित लोगों को सहायता पहुंचाने के लिए महासंघ धनराशि एकत्रित करेगा। बैठक में यह भी मांग की गई कि सरकार एक जनवरी 2016 से संशोधित पेंशन की डीसीआरजी, लीव एनकैशमेंट, कम्युटेशन की बकाया धनराशि का जल्द भुगतान किया करे। पेंशनर्स के मेडिकल बिल गत ढाई वर्षों से विभिन्न विभागों में पेंडिंग पड़े हैं, जिनका भुगतान नहीं हो पा रहा है। महासंघ इस बारे भी हर बार मांग कर रहा है, लेकिन सरकार इस बारे में कुछ भी नहीं सोच रही है। बैठक में खेद प्रकट किया गया कि हिमाचल परिवहन विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन से वंचित रखा जा रहा है। बैठक में इन सभी मांगों को लेकर सरकार से जल्द इन्हें पूरा करने के आदेश पारित करने की गुहार लगाई गई। बैठक में राजेश्वर कंवर आदि उपस्थित रहे।



राज्य पेंशनर्स महासंघ जिला सोलन की दाड़लाघाट यूनिट की मासिक बैठक में मौजूद लोग।

### शिलाई में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां पूरी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त को शिलाई नगर पंचायत के खेल मैदान में पूरे उत्साह के साथ मनाया जाएगा। एसडीएम जसपाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। एसडीएम जसपाल ने बताया कि इस बार स्वतंत्रता दिवस समारोह में शहीदों के परिजनों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उन शहीदों की कुर्बानियों को याद करने और उनके परिवारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए किया जा रहा है। समारोह में पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी और वन विभाग के जवान आकर्षक परेड का प्रदर्शन करेंगे। इसके साथ ही, सरकारी और निजी स्कूलों के छात्र-छात्राएं देशभक्ति से ओत-प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत करेंगे। बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों को उनके दायित्व सौंपे गए और उन्हें समारोह को सफल बनाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा, उपमंडल स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों और व्यक्तियों को भी इस अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। इस बैठक में सभी संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### 15 एचसीएस अधिकारियों को आईएएस में किया पदोन्नत

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारत सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय ने हरियाणा सिविल सेवा (एचसीएस) के 15 अधिकारियों को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में नियुक्त करने की घोषणा की है। ये नियुक्तियाँ वर्ष 2021, 2022, 2023 और 2024 की चयन सूचियों के लिए निर्धारित रिक्तियों पर की गई हैं। ये नियुक्तियां हरियाणा सरकार के परामर्श से भारतीय प्रशासनिक सेवा (भर्ती) नियम, 1954 और अन्य संबंधित विनियमों के अनुसार की गई हैं। नवनियुक्त अधिकारियों को अगले आदेश तक प्रोबेशन पर हरियाणा कैडर आवंटित किया गया है। इनमें विवेक पदम सिंह तथा डॉ. मुनीश नागपाल को वर्ष 2021 का बैच, महेंद्र पाल, सतपाल शर्मा तथा सुशील कुमार-1को वर्ष 2022 का बैच, वर्षा खांगवाल, वीरेंद्र सिंह सहरावत, सत्येन्द्र दूहन, मनिता मलिक, सतबीर सिंह, अमृता सिंह, योगेश कुमार एवं वंदना दिसोदिया को वर्ष 2023 का बैच और जयदीप कुमार एवं समवर्तक सिंह खांगवाल को वर्ष 2024 का बैच दिया गया है।

### सलाहकार परिषद की पर्यावरण स्थायी समिति की बैठक संपन्न

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** प्रशासक की सलाहकार परिषद, चंडीगढ़ की नवगठित पर्यावरण स्थायी समिति की पहली बैठक आज पर्यावरण भवन, सेक्टर-19 में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने की। बैठक में समिति के प्रतिष्ठित सदस्यों उर्वशी गुलाटी, भा.प्र.से. (सेवानिवृत्त) एवं पूर्व मुख्य सचिव, हरियाणा, जगदीश वालिया, अध्यक्ष, लॉयन्स क्लब चंडीगढ़, हरिओम वर्मा, प्रबंध निदेशक, रमानी ग्रुप ऑफ कंपनीज; डॉ. रविंद्र नाथ और मनमोहन खन्ना, अध्यक्ष, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्चर – ने भाग लिया। बैठक का आयोजन पर्यावरण विभाग द्वारा किया गया, और पर्यावरण निदेशक सौरभ कुमार ने अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों का स्वागत किया। बैठक में चंडीगढ़ की प्रमुख पर्यावरणीय समस्याओं जैसे वायु और जल प्रदूषण, नगर ठोस अपशिष्ट एवं जैव-चिकित्सकीय अपशिष्ट का निपटान, सीवेज उपचार, चोय नालों का संरक्षण एवं प्रबंधन, और सिंगल यूज़ प्लास्टिक पर प्रतिबंध और नियंत्रण जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। अध्यक्ष ने पर्यावरण निदेशक को निर्देश दिए कि समिति के सभी सदस्यों एवं संबंधित विभागों के लिए क्षेत्रीय निरीक्षणों का आयोजन किया जाए ताकि जमीनी हकीकत को समझा जा सके और उसके आधार पर ठोस रणनीतियां बनाई जा सकें। साथ ही उन्होंने शहर में ई-कचरे के कुशल संग्रहण और वैज्ञानिक निपटान की आवश्यकता पर भी बल दिया।

### न्यू लेक में किया प्लॉगिंग गतिविधियों का आयोजन




**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** स्वच्छता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी को बढ़ावा देने की सराहनीय पहल के तहत, नगर निगम चंडीगढ़ ने डॉन बॉस्को सोसाइटी और ओंकार चैरिटेबल फाउंडेशन के सहयोग से आज सेक्टर 42 स्थित न्यू लेक में प्लॉगिंग गतिविधि का आयोजन किया। इस 10 दिवसीय अभियान की शुरुआत नगर निगम चंडीगढ़ के आयुक्त श्री अमित कुमार, आईएएस द्वारा की गई, जिसमें वरिष्ठ डिप्टी मेयर व क्षेत्रीय पार्षद जसबीर सिंह बंटी तथा संयुक्त आयुक्त हिमांशु गुप्ता मौजूद रहे। स्थानीय रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे, जिससे कार्यक्रम को मजबूत सामुदायिक समर्थन मिला। करीब 200 स्कूली बच्चों ने उत्साहपूर्वक इस प्लॉगिंग ड्राइव में भाग लिया और झील व उसके आसपास की सीढ़ियों से कचरा इकट्ठा किया। गतिविधि से पहले प्रतिभागियों ने स्वच्छता शपथ ली, जिससे एक स्वच्छ और हरित भारत के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को बल मिला। यह कार्यक्रम एक शून्य-कचरा पहल के रूप में योजनाबद्ध था, जिसमें एकत्र किया गया समस्त कचरा एमसीसी की गारबेज पिकर गाड़ियों द्वारा जिम्मेदारी से निपटाया गया।

# शहर में स्वच्छ और ग्रीन पार्क जागरूकता ड्राइव शुरू

## एनजीओ डॉन बोस्को नवजीवन सोसायटी और ओंकार चैरिटेबल फाउंडेशन कर रही सहयोग

**जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** स्मार्ट सिटी स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत द्वितीय स्थान हासिल से हतोत्साहित चंडीगढ़ नगर निगम शहर भर में 'स्वच्छ और ग्रीन पार्क जागरूकता ड्राइव' चलाने जा रहा है। 10 दिवसीय इस अभियान में समाजसेवी संस्थाएं डॉन बोस्को नवजीवन सोसायटी और ओंकार चैरिटेबल फाउंडेशन सहयोग दे रहे हैं। जिसका शुभारंभ आज सोमवार 4 अगस्त से सेक्टर 42 की नई लेक से हुआ।

चंडीगढ़ नगर निगम आयुक्त अमित कुमार और सीनियर डिप्टी मेयर और वार्ड पार्षद जसबीर सिंह बंटी, संयुक्त आयुक्त हिमांशु गुप्ता ने फ्लैग ऑफ कर अभियान का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर डॉन बोस्को नवजीवन सोसाइटी के पदाधिकारी, ओंकार चैरिटेबल फाउंडेशन के चेयरमैन रविन्द्र सिंह बिल्ला एवम उनकी टीम और आर डब्ल्यू ए के पदाधिकारियों सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।



### लोग अपने आसपास रखें साफ-सफाई का ख्याल

**नगर** निगम आयुक्त अमित कुमार ने इस अभियान में बच्चों के शामिल होने पर खुशी प्रकट की। उन्होंने कहा कि यह भावी पीढ़ी ही है, जो इस तरह के अभियान को सफल बनाने में सहयोगी साबित होगी। उन्होंने कहा अभी चंडीगढ़ को स्वच्छता सर्वेक्षण में दूसरा स्थान हासिल हुआ है। हम सब मिल कर आगे आएंगे तो निश्चय ही शहर को पहला स्थान हासिल हो जाएगा। उन्होंने समझाया कि अगर हम 10 मिनट निकालकर अपने आसपास साफ-सफाई का ख्याल करें और उसके बाद 10 लोगों से साफ सफाई के बारे में बातचीत करें और अपने आसपास के 100 मीटर के दायरे में उन्हें इसके प्रति जागरूक करें, तो शहर निश्चित रूप से साफ सुथरा हो जाएगा। इस 10 दिवसीय अभियान के ओवरआल इंचार्ज ज्वाइंट कमिश्नर म्युनिसिपल कारपोरेशन-1 हिमांशु गुप्ता नियुक्त किए गए है।

### बच्चों में साफ-सफाई के प्रति एक ललक

**सीनियर** डिप्टी मेयर और वार्ड पार्षद जसबीर सिंह बंटी ने बच्चों को कहा कि उन्हें खुशी है कि चंडीगढ़ नगर निगम ने शहर भर में 'स्वच्छ और ग्रीन पार्क जागरूकता ड्राइव' शुरू की है। जिसकी शुरुआत आज उनके ही वार्ड से हुई है। बच्चों में साफ सफाई के प्रति एक ललक देख कर अच्छा लगा। हम सब को चाहिए कि हम सब मिलजुल कर आगे आएं और इस मुहिम को आगे लेकर जाएं। जिससे हमारा शहर अगले साल के स्वच्छता सर्वेक्षण में पहला स्थान हासिल करे।

ओंकार चैरिटेबल फाउंडेशन के चेयरमैन रविंद्र सिंह बिल्ला ने कहा कि उन्हें खुशी है कि नगर निगम द्वारा शुरू की गई इस मुहिम का उनकी फाउंडेशन हिस्सा है। भविष्य में शहर की बेहतरी के लिए चलाए जाने वाले अभियान का हिस्सा बनने पर उन्हें गर्व होगा।

# प्रेरणा पुरी ने चंडीगढ़ में की खेल अवसंरचना उन्नयन कार्यों की समीक्षा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ के विभिन्न खेल परिसरों में चल रहे अवसंरचना उन्नयन कार्यों की प्रगति की समीक्षा हेतु आज सचिव, खेल, चंडीगढ़ प्रशासन प्रेरणा पुरी द्वारा एक स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर खेल निदेशक, यू.टी. चंडीगढ़ सौरभ कुमार अरोड़ा, मुख्य अभियंता सीबी ओझा तथा खेल और अभियंत्रण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। यह पहल माननीय प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया की उस दूरदृष्टि के अनुरूप है, जिसके अंतर्गत चंडीगढ़ को क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर खेल उत्कृष्टता का केंद्र विकसित किया जा रहा है।

निरीक्षण की शुरुआत सेक्टर-16 क्रिकेट स्टेडियम से हुई, जहां राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप व्यापक उन्नयन कार्य प्रगति पर है। मुख्य अभियंता श्री सी.बी. ओझा ने जानकारी दी कि खेल मैदान को उच्च गुणवत्ता वाले टर्फ से पुन: तैयार किया गया है, जिससे बाउंस, ग्रिप और स्थायित्व में सुधार होगा। मानसून के दौरान जलभराव की समस्या से बचाव हेतु ड्रेनेज प्रणाली को भी उन्नत किया गया है। इसके अतिरिक्त, चार नई प्रैक्टिस पिचों का निर्माण भी किया गया है, जो पेशेवर प्रशिक्षण को सहयोग प्रदान करेंगी। यह परियोजना निर्धारित समयसीमा के अनुसार प्रगति पर है और इसके 15 अगस्त 2025 तक पूर्ण होने की संभावना है।

यूटी क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय टंडन ने बताया कि इन उन्नयन कार्यों से न केवल चंडीगढ़ में प्रमुख क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित करने की क्षमता बढ़ेगी।

क्रिकेट स्टेडियम के निरीक्षण के पश्चात टीम ने लेक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का दौरा किया। मुख्य अभियंता ने जानकारी दी कि स्विमिंग पूल के नवीनीकरण हेतु टेंडर पहले ही जारी हो चुका है, और यह कार्य वार्षिक शीतकालीन अवकाश के बाद प्रारंभ किया जाएगा। इस परियोजना के तहत फिल्ट्रेशन प्रणाली, टाइलिंग, लॉकर रूम, पूल डेक और दर्शक दीर्घा का आधुनिकीकरण किया जाएगा। साथ ही, जल संरक्षण और पुनर्चक्रण जैसी पर्यावरणीय रूप से सतत सुविधाओं को भी प्राथमिकता दी जा रही है।

# हादसे में युवक की मौत, सरकार के खिलाफ लगाए नारे

**अशोक ठाकुर अनंत ज्ञान**

**पठानकोट।** नरोट मेहरा क्षेत्र में माहौल उस समय गमगीन हो गया जब एक मोटरसाइकिल सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान अंकुश डोगरा करीब 20 वर्षीय पुत्र नागर चंद निवासी बजरी कंपनी वार्ड नंबर 33 के रूप में हुई है। युवक की मौत का कारण पीड़ित परिवार ने कैबिनेट मंत्री पंजाब लालचंद कटारूचक्क को ठहराया है और पठानकोट-अमृतसर नेशनल हाईवे जाम कर मंत्री लाल चंद व पंजाब सरकार मुर्दाबाद के नारे भी लगाए।

स्थानीय पुलिस पार्टी का काफिला भी मौके पर पहुंच गया। जो परिवार को धरना उठाने की बात कहने लगे। युवक का परिवार सड़क जाम करके विरलाप करता रहा लेकिन, मंत्री कटारूचक्क का दिल नहीं पसीजा।



### कहा- मंत्री का काफिला बना मौत का कारण

**मृतक** युवक के परिवार सदस्य और रिश्तेदारों ने बताया कि अंकुश कालेज जाने के लिए मोटरसाइकिल पर सुबह निकला। जैसे ही वे नरोट मेहरा की पुली निकट पहुंचा तो वहां के मौजूदा लोगों ने बताया कि कैबिनेट मंत्री पंजाब लाल चंद कटारूचक्क के काफिले ने कट करते समय युवक की मोटरसाइकिल को टक्कर मारी, जिससे युवक की मौत हो गई है। घटना को अंजाम दे मंत्री का काफिला मौके से निकल गया। कहा कि मंत्री के काफिले ही युवक की मौत का कारण बना है।

### बेगुनाह को पकड़ कर पुलिस केस उलझा रही

**दूसरी** तरफ, परिवार सदस्यों का आरोप है कि पुलिस ने वहां से गुजर रहे एक ट्रक चालक को हिरासत में लिया है जो बिलकुल बेगुनाह है क्योंकि पुलिस कह रही है कि युवक की मौत मंत्री के काफिले से नहीं बल्कि ट्रक चालक की चपेट में आने से हुई है।

### पुलिस कर रही मामले की जांच : एसपी

**एसपी** मनोज ठाकुर ने कहा कि पुलिस जांच में सामने आया है कि जिस समय हादसा हुआ था उससे पहले मंत्री का काफिला वहां से निकल चुका था। युवक की मौत ट्रक की चपेट में आने से हुई और ट्रक चालक खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। युवक का पोस्टमार्टम सिविल अस्पताल पठानकोट करवाया जा रहा है।

# डीएवी महाविद्यालय में परफॉर्मिंग आर्ट्स कार्यशाला का शुभारंभ



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय में 'थिएटर डायनैमिक्स एंड डेक्स्टेरिटी' शीर्षक पर एक चार दिवसीय परफॉर्मिंग आर्ट्स कार्यशाला का उद्घाटन सत्र आयोजित किया गया।

यह कार्यशाला कॉलेज के नाट्य मंच 'परवाज' द्वारा चंडीगढ़ संगीत नाटक अकादमी (सीएसएनए) के सहयोग से आयोजित की जा रही है, जिसका उद्देश्य रंगमंचीय प्रतिभा का पोषण करना और प्रदर्शन कला के माध्यम से समग्र विकास को प्रोत्साहित करना है। उद्घाटन सत्र में प्रसिद्ध पंजाबी अभिनेता, थिएटर कलाकार और निर्देशक राणा रणबीर मुख्यातिथि के रूप में और सीएसएनए, सचिव, राजेश अत्रेय, विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशेष अतिथि राजेश अत्रेय ने थिएटर को सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम बताया। कॉलेज की प्राचार्या नीना शर्मा ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का हार्दिक स्वागत किया।

# ग्रिड एडवर्टाइजिंग चंडीगढ़ के संस्थापक विकास सूद का निधन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** विज्ञापन जगत ने आज एक प्रमुख स्तंभ को खो दिया। विकास सूद, ग्रिड एडवर्टाइजिंग के संस्थापक का बीती रात चंडीगढ़ में बीमारी के चलते निधन हो गया।



विकास सूद एक दूरदर्शी और प्रेरणादायक व्यक्तित्व थे, जिन्होंने ग्रिड एडवर्टाइजिंग को चंडीगढ़ और उत्तर भारत के विज्ञापन क्षेत्र में एक प्रमुख स्थान तक पहुंचाया। उनके नेतृत्व, रचनात्मकता और समर्पण ने कंपनी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उनका अंतिम संस्कार 5 अगस्त 2025 को दोपहर 2:00 बजे सेक्टर 25 स्थित श्मशानघाट, चंडीगढ़ में किया जाएगा।

## देश-विदेश

# बोधगया मंदिर कानून को चुनौती देने वाली याचिका पर होगी सुप्रीम सुनवाई

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**कोर्ट ने केंद्र सरकार और अन्य संबंधित पक्षों को भेजा नोटिस**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बोधगया मंदिर अधिनियम, 1949 को रद्द करने और उसकी जगह एक केंद्रीय कानून लाने की मांग वाली याचिका पर विचार करने पर सहमति दी। इस कानून का मकसद बिहार स्थित महाबोधि मंदिर का सही नियंत्रण, प्रबंधन और प्रशासन सुनिश्चित करना है। महाबोधि मंदिर परिसर बिहार के बोधगया में स्थित है और यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थलों में शामिल है। यह भगवान गौतम बुद्ध के जीवन से जुड़े चार प्रमुख तीर्थ स्थलों में से एक है। ऐसा माना जाता है कि यहीं पर भगवान बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी।

याचिका में 1949 के कानून की वैधता को भी चुनौती दी गई है। मामला जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आया था। याचिकाकर्ता के वकील ने शीर्ष कोर्ट को बताया कि इसी तरह की मांग वाली एक और याचिका सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। इस पर पीठ ने केंद्र सरकार और अन्य संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर उनका जवाब मांगा। यह याचिका अब लंबित मामले के साथ ही सुनवाई के लिए जोड़ दी गई है। (अनंत ज्ञान)

### बिहार में शिक्षक भर्ती में डोमिसाइल लागू

**एजेंसी, पटना।** चुनावी साल में नीतीश कुमार ने एक और बड़ी घोषणा की है। इसे बिहार सरकार का मास्टर स्ट्रोक बताया जा रहा है। नीतीश सरकार ने ऐलान किया है कि शिक्षक भर्ती में डोमिसाइल लागू किया जाएगा। यह व्यवस्था टीआरई-4 से ही लागू की जाएगी। नीतीश कुमार ने सोमवार को एक्स पर लिखा कि नवंबर 2005 में सरकार बनने के बाद से ही हम लोग शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए लगातार काम कर रहे हैं। शिक्षकों की बहाली में बिहार के निवासियों को प्राथमिकता देने हेतु शिक्षा विभाग को संबंधित नियम में आवश्यक संशोधन करने का निर्देश दिया गया है। यह टीआरई-4 से ही लागू किया जाएगा। वर्ष 2025 में टीआरई-4 एवं वर्ष 2026 में टीआरई-5 का आयोजन किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# सेंसेक्स 418 अंक चढ़ा, निफ्टी 24,700 के स्तर के पार पहुंचा

**एजेंसी, मुंबई**



सोमवार को भारतीय शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। धातु और ऑटो सेक्टर के मजबूत प्रदर्शन से घरेलू शेयर बाजार में तेजी आई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 418.81 अंक या 0.52 प्रतिशत बढ़कर 81,018.72 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 493.28 अंक या 0.61 प्रतिशत चढ़कर 81,093.19 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 157.40 अंक या 0.64 प्रतिशत बढ़कर 24,722.75 अंक पर पहुंच गया है। (अनंत ज्ञान)

### सोना और चांदी के दामों में बढ़ोतरी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दामों में 4 अगस्त को बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 24 कैरेट सोने का दाम 1,914 रुपए बढ़कर 1,00,167 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले सोने का भाव 98,253 रुपए पर था। वहीं, चांदी की कीमत 2,254 रुपए बढ़कर 1,11,900 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,09,646 रुपए पर थी। वहीं, 23 जुलाई को सोने ने 1,00,533 रुपए और चांदी ने 1,15,850 रुपए ऑल टाइम हाई बनाया था। (अनंत ज्ञान)

### नेपाल में हेरोइन संग दो भारतीय गिरफ्तार

**एजेंसी, काठमांडू।** नेपाल के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर मादक पदार्थ रखने के आरोप में दो भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। नेपाल पुलिस ने बताया कि 32 वर्षीय मौलेश्वरन एन करुणई वेल को 4 किलोग्राम से थोड़ी अधिक सफेद हेरोइन के साथ पकड़ा गया। वह बैंकॉक से आया था और सुरक्षा जांच के दौरान उसके सूटकेस में ये दवाएं पाई गईं। पुलिस के अनुसार, एक अलग घटना में 66 वर्षीय अहमद फिरोज के पास से भी 4 किलोग्राम से अधिक सफेद हेरोइन बरामद हुई। वह शनिवार को बैंकॉक से थाई एयरलाइंस की उड़ान से आया था और आगमन लॉन पर सुरक्षा जांच के दौरान उसे पकड़ लिया गया। दोनों व्यक्तियों को आगे की जांच के लिए नारकोटिक ड्रग्स कंट्रोल ब्यूरो को सौंप दिया गया। (अनंत ज्ञान)

### सीरिया के स्वेदा में एक बार फिर भड़की हिंसा

**एजेंसी, स्वेदा।** सीरिया के स्वेदा इलाके में कुछ दिनों की शांति के बाद फिर से हिंसा भड़क गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, द्रुज सशस्त्र समूहों ने सीरिया के आंतरिक सुरक्षा बलों पर हमला किया। इस हिंसा में एक जवान की मौत हुई है और कई अन्य घायल हुए हैं। दक्षिणी क्षेत्र के इस इलाके में कई गांवों में गोलीबारी की गई है। रविवार को सुरक्षाबलों ने दावा किया कि द्रुज समूहों ने संघर्षविराम समझौते का उल्लंघन किया। बीते महीने स्वेदा में भड़की सामुदायिक हिंसा में सैंकड़ों लोग मारे गए थे। इस्राइल ने भी इस मामले में दखल दिया और द्रुज समुदाय के समर्थन में सीरिया में कई जगहों पर हमले किए। (अनंत ज्ञान)

### राज ठाकरे बोले- हिंदी भाषियों से नफरत न करें

**एजेंसी, मुंबई।** महाराष्ट्र में मराठी भाषा को लेकर विवाद के बीच महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना चीफ राज ठाकरे ने अपने सुर बदले हैं। उन्होंने आज कार्यकर्ताओं को नसीहत देते हुए कहा कि मराठी भाषा का मुद्दा जरूरी है लेकिन हिंदी भाषियों से नफरत नहीं करें और किसी के भी साथ बेवजह की हाथापाई से बचें। ठाकरे ने कहा कि यदि कोई मराठी सीखना चाहता है तो उसकी मदद करें। उन्होंने कार्यकर्ताओं से मराठा को मुद्दा बनाने पर जोर दिया और इसे घर-घर पहुंचाने की बात कही। यह नसीहत ऐसे समय में आई है जब भाषा विवाद को लेकर एमएनएस कार्यकर्ताओं के खिलाफ लगातार नए मामले सामने आ रहे थे। (अनंत ज्ञान)

### रूस-ईरान से तेल खरीदना बंद नहीं करेगा चीन

**एजेंसी, बीजिंग।** अमेरिका, रूस और ईरान से कच्चा तेल खरीदने वाले देशों पर सख्ती कर रहा है। हालांकि चीन ने अमेरिका की इस मांग को मानने से साफ इनकार कर दिया है। चीन और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर भी बातचीत चल रही है और उम्मीद जताई जा रही है कि दोनों देशों में व्यापार समझौता जल्द हो सकता है, लेकिन रूस और ईरान से तेल न खरीदने की बात पर चीन ने सख्त रुख अपनाया है। चीन के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखा, 'चीन हमेशा देशहित को ध्यान में रखते हुए अपनी ऊर्जा जरूरतों की आपूर्ति सुनिश्चित करेगा।' (अनंत ज्ञान)

# यूएस : मथुरा श्रीधरन ओहियो की सॉलिसिटर जनरल नियुक्त

**एजेंसी, वॉशिंगटन**



भारतीय मूल की वकील मथुरा श्रीधरन को यूएस के ओहियो का 12वां सॉलिसिटर जनरल नियुक्त किया गया है। वह राज्य और संघीय अदालतों में अपील के लिए राज्य की शीर्ष वकीलों में शामिल हो गई हैं। ओहियो के अटॉर्नी जनरल डेव योस्ट ने पिछले हफ्ते एक बयान में कहा कि उन्होंने श्रीधरन को इस पद के लिए चुना है। श्रीधरन की पूर्ववर्ती इलियट गेसर को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी न्याय विभाग के कानूनी परामर्शदाता कार्यालय का नेतृत्व करने के लिए चुना है। जिसके चलते गेसर के स्थान पर भारतवंशी मथुरा श्रीधरन को चुना गया। अटॉर्नी जनरल का कार्यालय, अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट, छठे सर्किट के लिए अमेरिकी अपीलीय न्यायालय, ओहायो सुप्रीम कोर्ट और अन्य राज्य एवं संघीय अदालतों में अपीलों पर राज्य और उसकी एजेंसियों का प्रतिनिधित्व करता है।

श्रीधरन ने सॉलिसिटर जनरल पद पर नियुक्त किए जाने पर कहा, 'अपने साथी ओहियो वासियों के अधिकारों और स्वतंत्रता के लिए खड़ा होना मेरे लिए सम्मान और सौभाग्य की बात है।' (अनंत ज्ञान)

### एयर इंडिया की फ्लाइट में मिले कॉकरोच

**एजेंसी, नई दिल्ली।** एयर इंडिया की सैन फ्रांसिस्को से कोलकाता होते हुए मुंबई जाने वाली फ्लाइट में कॉकरोच मिलने का मामला सामने आया है। दो पैसेंजर्स ने अपनी सीट के पास कॉकरोच मिलने की शिकायत थी। इसके बाद केबिन क्रू ने दोनों की सीट बदल दी। दोनों कॉकरोच देखकर परेशान हो गए थे। एयरलाइन ने एक बयान में बताया कि हमारे केबिन क्रू ने दोनों पैसेंजर्स को उसी केबिन की दूसरी सीटों पर बिठा दिया, जहां वे मुंबई पहुंचने तक आराम से बैठे थे। कोलकाता में फ्यूल भरने के दौरान, ग्राउंड क्रू ने फ्लाइट की सफाई की। फिर फ्लाइट मुंबई के लिए रवाना हुई। एयर इंडिया ने कहा, 'हमारी तरफ से लगातार फ्यूमिगेशन (केमिकल स्प्रे) के बावजूद, कभी-कभी ग्राउंड ऑपरेशन के दौरान कीड़े विमान में घुस सकते हैं। हम इस घटना का कारण जानने के लिए जांच करेंगे और कोशिश करेंगे कि दोबारा ऐसी घटना न हो।' (अनंत ज्ञान)

# रूस के ऑयल डिपो पर यूक्रेन का ड्रोन अटैक

## विस्फोट का वीडियो बनाने पर तीन रशियन को हिरासत में लिया

**एजेंसी, मॉस्को**

यूक्रेन ने रविवार को रूस के सोची स्थित एक ऑयल डिपो पर ड्रोन से हमला किया। हमले के बाद डिपो में भीषण आग लग गई। क्रास्नोडार क्षेत्र के गवर्नर वेनियामिन कोंद्रात्येव ने बताया कि ड्रोन के मलबे के तेल टैंक से टकराने के बाद आग लगी, जिसे बुझाने के लिए 120 से ज्यादा दमकलकर्मी लगाए गए। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में डिपो से उठते काले धुएं के गुबार देखे जा सकते हैं। हमले के बाद रूस की नागरिक उड्डयन एजेंसी रोसावियात्सिया ने कुछ समय के लिए सोची एयरपोर्ट पर उड़ानें रोक दीं। इस दौरान 2 रशियन लड़कियां विस्फोट के साथ वीडियो बनाते हुए भी नजर आईं। दोनों के साथ बैकग्राउंड में एक युवक भी मौजूद था। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने तीनों को हिरासत में ले लिया। (अनंत ज्ञान)



### रूस का दावा : यूक्रेन के 93 ड्रोन मार गिराए

रूस के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, रशियन सेना ने शनिवार रात से रविवार सुबह तक रूस और ब्लैक सी के ऊपर यूक्रेन के 93 ड्रोन मार गिराए। हालांकि, रूस के वोरोनेज क्षेत्र में एक और यूक्रेनी ड्रोन हमले में चार लोग घायल हो गए।

## मानसून

### भारत में इस साल जून में 9 प्रतिशत, तो जुलाई में 5 प्रतिशत ज्यादा बरसे मेघ

# देश में 12 साल बाद सामान्य से 4 प्रतिशत ज्यादा बारिश

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देश में 12 साल बाद सामान्य से 4 प्रतिशत ज्यादा बारिश रिकॉर्ड की गई है। निजी मौसम एजेंसी स्काईमेट के अनुसार, इस साल देश में 12 साल बाद लगातार दो महीने सामान्य से 4.1 प्रतिशत ज्यादा बारिश हुई। जून में 9 प्रतिशत तो जुलाई में 5 प्रतिशत ज्यादा बारिश हुई। 2013 के बाद यह पहला मौका है, जब जून और जुलाई में लगातार सामान्य से ज्यादा बारिश हुई।

यूपी में बाढ़ से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। राज्य के 45 जिलों में बाढ़ आ गई है। लखनऊ, अयोध्या और अंबेडकरनगर में



12वीं तक के सभी स्कूल बंद हैं। पिछले 24 घंटे के दौरान, राज्य में बारिश से 12 लोगों की मौत हो गई है। उत्तराखंड में भारी बारिश से हालात बिगड़ गए हैं। अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है। भूस्खलन से रुद्रप्रयाग में दो दुकानें मलबे में दब गईं। देहरादून में स्कूल बंद कर दिए गए। कई नदियां उफान पर हैं। सरकार ने अलर्ट जारी कर प्रशासन को सतर्क रहने को कहा है। मध्य प्रदेश में कई इलाकों में भारी बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं। राज्य में 16 जून को मानसून की एंट्री के बाद से जुलाई तक, बाढ़ के दौरान हुए हादसों में अब तक 275 लोगों की जान जा चुकी है। सरकार ने विधानसभा में यह आंकड़े बताए हैं।

वहीं, बिहार में पिछले 24 घंटे में बिजली गिरने से 6 लोगों की मौत हो गई। मंगलवार को पटना समेत सभी 38 जिलों में बारिश का अलर्ट है। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### 51वीं जूनियर नेशनल स्विमिंग चैंपियनशिप के लिए गुजरात पहुंची हिमाचल की टीम



अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। हिमाचल प्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन के राज्य महासचिव इशान अख्तर ने बताया कि स्विमिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा गुजरात के अहमदाबाद में 3 अगस्त से 7 अगस्त 2025 तक आयोजित हो रहे 51वें जूनियर नेशनल स्विमिंग चैंपियनशिप में हिमाचल की आठ सदस्यीय टीम अहमदाबाद पहुंच चुकी है। द लॉरेंस स्कूल सनावर स्विमिंग पूल में आयोजित राज्य स्तरीय स्विमिंग चैंपियनशिप एवं सिलेक्शन ट्रायल में चयनित खिलाड़ी अग्रिमा, भाग्यवर्दिका वर्मा, रिदवी गुप्ता, अनवी शर्मा, शानवी शर्मा, अधिराज सिंह, उत्कर्ष गोपालन, श्रेयांश सिंह अत्री गुजरात के अहमदाबाद में हिमाचल का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। हिमाचल प्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन के राज्य महासचिव इशान अख्तर ने बताया कि विभिन्न जिलों से संबंधित खिलाड़ी बेस्ट स्ट्रोक, फ्री स्टाइल स्ट्रोक, बैक स्ट्रोक एवं बटरफ्लाई स्ट्रोक में भाग ले रहे हैं। हिमाचल प्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन के राज्य अध्यक्ष एचएस विनय ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं। (अनंत ज्ञान)

### मेस्सी की अगुवाई वाली अर्जेंटीना टीम ने केरल दौरे को किया रद्द : खेल मंत्री

एजेंसी, तिरुवनंतपुरम। महान खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी की अगुवाई वाली अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम केरल के दौरे पर नहीं आएगी। यह जानकारी राज्य के खेल मंत्री वी अब्दुर्रहमान ने सोमवार को दी। इससे पहले मंत्री ने जोर देकर कहा था कि सरकार द्वारा घोषित कार्यक्रम के मुताबिक मेस्सी के नेतृत्व वाली अर्जेंटीना की टीम राज्य का दौरा करेगी और प्रायोजक ने पहले ही इस दौरे के लिए मैच फीस का भुगतान कर दिया है। उन्होंने हालांकि सोमवार को पत्रकारों से कहा कि अर्जेंटीना की टीम ने उन्हें बताया कि उन्हें इस साल अक्टूबर में राज्य का दौरा करने में परेशानी हो रही है। जिसके बाद प्रायोजक ने जवाब दिया कि 'हमें केवल अक्टूबर के महीने में इस दौरे में रुचि है।' अब्दुर्रहमान ने पहले कहा था कि टीम के इस साल अक्टूबर या नवंबर में आने की अधिक संभावना है। उन्हें कहा था कि टीम को राजकीय अतिथि के रूप में माना जाएगा, जिनकी सुरक्षा, आवास और अन्य सुविधाएं सरकार द्वारा प्रदान की जाएंगी। (अनंत ज्ञान)

### सूर्यकुमार यादव सर्जरी के बाद फिट होने के लिए एनसीए पहुंचे

एजेंसी, बेंगलुरु। भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव सर्जरी के बाद एशिया कप से पहले पूरी तरह फिट होने के लिए इस समय राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में हैं। सूर्यकुमार ने हाल ही में पुनर्वास और फिटनेस आकलन के लिए बेंगलुरु स्थित भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सेंटर में रिपोर्ट की थी। फिट न होने के कारण उन्हें पश्चिम क्षेत्र के चयनकर्ताओं ने दलीप ट्रॉफी के लिए 15 सदस्यीय टीम से बाहर रखा। (अनंत ज्ञान)

**एम्मा राडुकानु का खूबसूरत अंदाज**

एम्मा राडुकानु एक ब्रिटिश टेनिस खिलाड़ी हैं। वो साल 2021 में यूएस ओपन जीत चुकी हैं। कनाडा में जन्मी राडुकानु ब्रिटिश की नंबर एक टेनिस खिलाड़ी हैं। साल 2021 में वो दुनिया की टॉप-30 में जगह बना चुकी हैं।



### मैनचेस्टर यूनाइटेड ने प्रीमियर लीग समर सीरीज का खिताब किया अपने नाम



एजेंसी, वाशिंगटन। मैनचेस्टर यूनाइटेड ने रविवार रात एवर्टन के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेला और प्रीमियर लीग समर सीरीज 2025 का खिताब अपने नाम किया। इस ड्रॉ के साथ यूनाइटेड ने अमेरिका में हुई राउंड-रॉबिन प्री-सीजन सीरीज में कुल सात अंक लेकर शीर्ष स्थान हासिल किया। इससे पहले टीम वेस्ट हैम को 2-1 और बॉर्नमाउथ को 4-1 से हरा चुकी थी। मैच में 19वें मिनट में अमद डायलो को बॉक्स में गिराए जाने पर यूनाइटेड को पेनल्टी मिली, जिसे ब्रूनो फर्नांडिस ने गोल में बदलकर टीम को बढ़त दिला दी। 40वें मिनट में एवर्टन के इलिमन नदियाए ने बराबरी का गोल किया। दूसरे हाफ में ब्रूनो ने एक और योगदान दिया, जब उन्होंने 69वें मिनट में मेसन माउंट को शानदार पास दिया और माउंट ने पिकफोर्ड को चकमा देकर गोल दागा। हालांकि, 75वें मिनट में अमद डायलो की बैक पास यूनाइटेड के ही आयडन हेवन से टकराकर गोल में चली गई और मैच 2-2 की बराबरी पर खत्म हुआ। मैच के बाद स्काई स्पोर्ट्स से बात करते हुए यूनाइटेड के खिलाड़ी ब्रूनो फर्नांडिस ने कहा, 'स्थिति में सुधार हो रहा है। क्लब अपनी पूरी कोशिश कर रहा है। हमें प्रतिस्पर्धा की जरूरत थी ताकि हर खिलाड़ी अपनी जगह के लिए संघर्ष करे।' (अनंत ज्ञान)

## एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2-2 से बराबर

## भारत ने रचा इतिहास, ब्रुक और रूट के शतक बेकार

# भारत ने इंग्लैंड के जबड़े से छीनी जीत, सिराज चमके

एजेंसी, लंदन

भारत ने ओवल में खेले गए पांचवें और आखिरी टेस्ट में छह रन से जीत हासिल की है। भारत ने 374 रन का लक्ष्य रखा था। जवाब में इंग्लिश टीम 367 रन पर सिमट गई। इंग्लैंड को पांचवें दिन जीत के लिए 35 रन की जरूरत थी और भारत को चार विकेट चाहिए थे। सिराज ने आज तीन विकेट लिए, जबकि प्रसिद्ध कृष्णा ने एक विकेट लिया। सिराज ने पारी में पांच विकेट लिए, जबकि प्रसिद्ध कृष्णा को चार विकेट मिले। आकाश दीप ने एक विकेट लिया। इसके साथ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुई। शुभमन गिल की अगुआई में एक युवा टीम का ऐतिहासिक प्रदर्शन है। किसी क्रिकेट पंडित ने भारत को इस दौरे से पहले पसंदीदा नहीं बताया था। हालांकि, गिल की युवा टीम ने सभी आलोचकों का मुंह बंद कर सीरीज को 2-2 से ड्रॉ कराया।

भारत ने पहली पारी में 224 रन बनाए थे। जवाब में इंग्लैंड की पहली पारी 247 रन पर समाप्त हुई थी और इंग्लिश टीम ने 23 रन की बढ़त हासिल की थी। भारत ने अपनी दूसरी पारी में 396 रन बनाए और 373 रन की कुल बढ़त हासिल की और 374 रन का लक्ष्य रखा। जवाब में इंग्लैंड की दूसरी पारी 367 रन पर समाप्त हुई। जो रूट ने 105 रन और हैरी ब्रूक ने 111 रन की पारी भी इंग्लैंड को हारने से नहीं बचा सकी। जैसे ही सिराज ने आखिरी विकेट के रूप में एटकिंसन को यॉर्कर पर क्लीन बोल्ड किया, भारतीय फैंस और खिलाड़ियों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। सिराज दौड़ पड़े और भारतीय खिलाड़ी उन्हें गले लगाने के लिए दौड़ पड़े। (अनंत ज्ञान)




### अंकतालिका का हाल

पांचवें टेस्ट में मिली जीत से भारत को डब्ल्यूटीसी की अंक तालिका में फायदा पहुंचा है। ओवल टेस्ट से पहले भारत डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में चौथे स्थान पर था, लेकिन अब वह तीसरे स्थान पर आ गया है, जबकि इंग्लैंड की टीम चौथे स्थान पर खिसक गई है। भारत के फिलहाल पांच मैचों में दो जीत, दो हार और एक ड्रॉ के साथ 28 अंक हैं, जबकि उसकी पीसीटी 46.67 है। भारत से आगे शीर्ष पर ऑस्ट्रेलिया और दूसरे स्थान पर श्रीलंका है। ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैच खेले हैं और तीनों जीते हैं। वहीं, श्रीलंका ने मौजूदा डब्ल्यूटीसी चक्र में फिलहाल दो मैच खेले हैं जिसमें से एक जीता है और एक ड्रॉ रहा है। इंग्लैंड की टीम पांच मैचों में दो जीती है, जबकि दो में उसे हार मिली है। वहीं, एक मैच ड्रॉ रहा है।

### संक्षिप्त स्कोर

**भारत :** 224 (करुण नायर 57; एटकिनसन 5/33, टंग 3/57) और 396 (यशस्वी जायसवाल 118, आकाश दीप 66, सुंदर 53, जडेजा 53; टंग 5/125, एटकिनसन 3/127)

**इंग्लैंड :** 247 (क्रॉली 64, ब्रूक 53; प्रसिद्ध 4/62, सिराज 4/86) और 367 (ब्रूक 111, रूट 105; सिराज 5/104, प्रसिद्ध 4/126)

परिणाम : भारत ने 6 रन से जीत दर्ज की।

### स्कोर का बना रिकॉर्ड

टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में पहली बार एक सीरीज में 9 बैटर्स ने 400 रन का आंकड़ा पार किया है। मौजूदा सीरीज में भारत के 5 और इंग्लैंड के 4 बैटर्स ने 400 से ज्यादा रन बनाए हैं। टेस्ट इतिहास में यह दूसरी सीरीज है, जिसमें 7 हजार से ज्यादा रन बने हैं। इससे पहले 1993 की एशेज सीरीज में 7221 रन बने थे। उस सीरीज में 6 मैच खेले गए थे।

### पुराने रिकॉर्ड की बराबरी

दरअसल, एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी सीरीज में 21 शतक लगे। इनमें शुभमन गिल के चार शतक, जो रूट के तीन शतक, केएल राहुल, हैरी ब्रूक, ऋषभ पंत और यशस्वी जायसवाल के दो-दो शतक शामिल हैं। रवींद्र जडेजा, बेन डकेट, जेमी स्मिथ, ओली पोप, बेन स्टोक्स और वॉशिंगटन सुंदर ने एक-एक शतक लगाया। इस तरह इस सीरीज ने 1955 के एक टेस्ट सीरीज की बराबरी की। 1955 में ऑस्ट्रेलिया के वेस्टइंडीज दौरे पर टेस्ट सीरीज में 21 शतक लगे थे। वहीं, इस सीरीज में दोनों टीमों ने मिलाकर 14 बार 300+ का स्कोर बनाया। यह 1928/29 के बाद पहली बार है, जब एक टेस्ट सीरीज में 14 बार 300 या इससे ज्यादा के स्कोर बने। 1928/29 में एशेज सीरीज में भी 14 बार ऐसा हुआ था।

### रोचक फैक्ट



क्रिस वोक्स चोट के बावजूद बैटिंग करने उतरे हैं। उनके कंधे में चोट है।

## तीरंदाजी लीग के पहले सत्र की घोषणा

एजेंसी, नई दिल्ली

भारतीय तीरंदाजी संघ (एआई) ने सोमवार को पहली तीरंदाजी लीग की घोषणा की जिसमें दुनिया भर के महिला और पुरुष रिकर्व और कंपाउंड तीरंदाज फ्रेंचाइजी आधारित टूर्नामेंट में भाग लेंगे।

लीग का पहला सत्र दिल्ली के यमुना खेल परिसर में अक्तूबर में आयोजित हो सकता है जो 11 दिन तक चलेगा। इसे विश्व तीरंदाजी, विश्व तीरंदाजी एशिया और खेल मंत्रालय से मंजूरी मिल चुकी है। भारतीय तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष अर्जुन मुंडा ने कहा, ''हमें यकीन है कि तीरंदाजी लीग से हम युवा तीरंदाजों को और मौके देकर उनके सपने पूरे कर सकेंगे। हम सभी को मिलकर इस लीग के जरिये देश में खेल को नयी ऊंचाइयों तक ले जाना है।''



**भारतीय तीरंदाजी संघ ने जारी की सूचना**

विश्व तीरंदाजी के महासचिव टॉम डीलेन ने कहा, ''इस पहल से भारतीय और विदेशी तीरंदाजों में प्रतिस्पर्धी भावना विकसित होगी और उनके प्रदर्शन में और निखार आयेगा। इससे वे भविष्य में बेहतर तीरंदाज बन सकेंगे।'' (अनंत ज्ञान)

## मरवाड़ी की पल्लवी ने वेटलिफ्टिंग में जीता गोल्ड मेडल

विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान

अंब। मरवाड़ी की पल्लवी चौधरी ने राज्य स्तरीय सीनियर महिला वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में 58 किलोग्राम भार वर्ग का गोल्ड हासिल किया। जबकि अंब कॉलेज की सुहानी ने द्वितीय और नादौन की नैंसी ने तृतीय स्थान हासिल किया। खेलो इंडिया के तहत राज्य स्तरीय सीनियर महिला वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता रविवार को गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल कटोहड़ कलां (अंब) में आयोजित की गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्यअतिथि राजेश गौतम ने किया।

प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से लगभग साठ वेटलिफ्टर ने आठ भार वर्गों में भाग लिया, जिससे चयनित किए जानेवाले खिलाड़ी मोदीनगर उत्तर प्रदेश में आयोजित की जानेवाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व करेंगे। 48 किलोग्राम भार वर्ग में मरवाड़ी की तनीशा ने प्रथम, भाटियां जिला सोलन की अनामिका ने द्वितीय और काल्‍हू दी बड़ चिंतपूर्णी की साक्षी ने तृतीय स्थान हासिल किया।



53 किलोग्राम भार वर्ग में काल्‍हू दी बड़ की शगुन ने प्रथम, नादौन की नेहा पटियाल ने द्वितीय और मरवाड़ी की सपना ने तृतीय, 63 किलोग्राम भार वर्ग में मरवाड़ी की तानिया ने प्रथम, मरवाड़ी की श्रेया राणा ने द्वितीय, अंब कॉलेज की रूबी चौधरी ने तृतीय, 69 किलोग्राम भार वर्ग में अंब कॉलेज की काजल चौधरी ने प्रथम, मरवाड़ी की अनामिका ने द्वितीय, नालागढ़ की पायल राणा ने तृतीय, 77 किलोग्राम भार वर्ग में दौलतपुर कॉलेज की प्रज्ञा शर्मा ने प्रथम, काल्‍हू दी बड़ चिंतपूर्णी की सानवी ठाकुर ने द्वितीय, मरवाड़ी की सिमरन ने तृतीय, 86 किलोग्राम भार वर्ग में सोलन की कृष्णा शर्मा ने प्रथम, अंब कॉलेज की सोनाक्षी राणा ने द्वितीय और काल्‍हू दी बड़ चिंतपूर्णी की तमन्ना कुमारी ने तृतीय तथा 86प्लस किलोग्राम भार वर्ग में सीयू की पलक राणा ने प्रथम, मरवाड़ी की निहारिका डडवाल ने द्वितीय और गुरुकुल स्कूल की अनन्या शर्मा ने तृतीय स्थान हासिल किया।

## फ्लावियो कोबोली को हराकर बेन शेल्टन क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी, टोरंटो

चौथी वरीयता प्राप्त अमेरिका के बेन शेल्टन ने 13वीं वरीयता प्राप्त इटली के फ्लावियो कोबोली को 6-4, 4-6, 7-6 से हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब उनका सामना ऑस्ट्रेलिया के नौवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डि मिनौर से होगा जिन्होंने अमेरिका के सातवीं वरीयता प्राप्त फ्रांसिस टियाफो को 6-2, 4-6, 6-4 से हराया।



इससे पहले छठी वरीयता प्राप्त रूस के आंद्रे रुबलेव अपने मुकाबले में स्पेन के अलेजांद्रो फोकिना से 6-7, 7-6, 3-0 से आगे थे जब थकान के कारण फोकिना ने कोर्ट छोड़ दिया। रुबलेव का सामना अब अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज और चेक गणराज्य के जिरि लेहेका के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

### विंबलडन चैंपियन स्वियातेक हारीं

एजेंसी, मांट्रियल। डेनमार्क की क्लारा टॉसन ने दूसरी वरीयता प्राप्त विम्बलडन चैम्पियन पोलैंड की इगा स्वियातेक को 7-6, 6-3 से हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। छह फुट लंबी टॉसन ने स्वियातेक के हाथों विम्बलडन में मिली हार का बदला भी चुकता कर दिया।

अब उनका सामना अमेरिका की मेडिसन कीस से होगा जिन्होंने चेक गणराज्य की 11वीं वरीयता प्राप्त कैरोलिना मुचोवा को 4-6, 6-3, 7-5 से मात दी। टॉसन ने जनवरी में न्यूजीलैंड में एकमात्र टूर खिताब जीता था।

जापान की नाओमी ओसाका भी लातविया की अनास्तासिया सेवास्तोवा को 6-1, 6-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं। अब उनका सामना दसवीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना से होगा जिन्होंने अमेरिका की पांचवीं वरीयता प्राप्त अमांडा अनिसिमोवा को 6-4, 6-1 से हराया। (अनंत ज्ञान)

## टेस्ट में स्टोक्स के बाद ओली पोप नहीं हैरी ब्रूक हों कप्तान : वॉन

एजेंसी, लंदन। इंग्लैंड के पूर्व टेस्ट कप्तान माइकल वॉन का मानना है कि मैदान पर हैरी ब्रूक की मौजूदगी अच्छी नेतृत्व क्षमता का भाव देती है और बेन स्टोक्स के बाद उन्हें कमान सौंपी जानी चाहिए।



ब्रूक ने भारत के खिलाफ पांचवें और निर्णायक टेस्ट के चौथे दिन 98 गेंद में 111 रन बनाकर टीम को जीत की दहलीज तक पहुंचाया। बतौर कप्तान 51 में से 26 टेस्ट जीतने वाले वॉन का मानना है कि ओली पोप शानदार उपकप्तान हो सकते हैं लेकिन स्टोक्स के संन्यास के बाद ब्रूक को कप्तानी सौंपी जानी चाहिए।

उन्होंने कहा, ''हैरी ब्रूक में नेतृत्व क्षमता नैसर्गिक है। अगर भविष्य में बेन स्टोक्स चोटिल है और पोप उपकप्तान नहीं है तो ब्रूक कप्तान हो सकते हैं। ओली पोप अच्छा उपकप्तान है। कप्तान को देने के लिये उसके पास अच्छे सुझाव होते हैं लेकिन कई बार उपकप्तान अच्छे कप्तान नहीं होते। मार्कस ट्रेसकोथिक शानदार उपकप्तान था लेकिन मेरी नजर में कप्तान नहीं।'' (अनंत ज्ञान)

## ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम का ऐलान, युवा खिलाड़ियों को मौका

एजेंसी, नई दिल्ली

इस महीने के आखिर में होने वाले एशिया कप की तैयारी के मद्देनजर 15 अगस्त से शुरू हो रहे ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए हॉकी इंडिया ने हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष टीम का ऐलान किया है जिसमें कर्नाटक के पूवन्ना सीबी नया चेहरा होंगे।

अगले साल नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले विश्व कप के लिए एशिया कप क्वालीफायर टूर्नामेंट है जो 29 अगस्त से बिहार के राजगीर में खेला जाएगा। इसकी तैयारी के लिए भारतीय टीम 15 से 21 अगस्त तक पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैच खेलेगी। टीम की कमान ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत के ही पास है जबकि गोलकीपिंग का जिम्मा कृशन पाठक और सूरज करकेरा संभालेंगे। डिफेंस में सुमित, जरमनप्रीत सिंह, संजय, अमित रोहिदास, नीलम संजीप सेस, जुगराज सिंह और नए खिलाड़ी कर्नाटक के पूवन्ना होंगे।



**हॉकी टीम में शामिल खिलाड़ी**

**गोलकीपर :** कृशन बी पाठक और सूरज करकेरा।

**डिफेंडर :** हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), सुमित, जरमनप्रीत सिंह, संजय, अमित रोहिदास, नीलम संजीप सेस, जुगराज सिंह, पूवन्ना सीबी

**मिडफील्डर :** राजिंदर सिंह, राजकुमार पाल, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, रविचंद्र सिंह मोइरांगथम, विष्णु कांत सिंह

**फॉरवर्ड :** मनदीप सिंह, शिलानंद लाकड़ा, अभिषेक, सुखजीत सिंह, दिलप्रीत सिंह, सेल्वम कार्ति और आदित्य लालागे।

मिडफील्डर में युवा राजिंदर सिंह को शामिल किया गया है जिनकी अक्सर तुलना पूर्व कप्तान सरदार सिंह से होती है। उनके अलावा राजकुमार पाल, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, रविचंद्र सिंह मोइरांगथम, विष्णु कांत सिंह भी मिडफील्ड में होंगे। फॉरवर्ड पंक्ति में मनदीप सिंह, शिलानंद लाकड़ा, अभिषेक, सुखजीत सिंह, दिलप्रीत सिंह, सेल्वम कार्ति और आदित्य लालागे रहेंगे। एशिया कप से पहले इस दौरे की अहमियत के बारे में मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, ''हमारा फोकस शारीरिक अनुकूलन बेहतर करने और तकनीकी पहलुओं पर रहेगा।''

टीम में युवा खिलाड़ियों को चुने जाने के बारे में उन्होंने कहा, ''हमने कुछ युवाओं को दबाव में खेलने की उनकी क्षमता परखने और जरूरी एक्सपोजर देने के लिए चुना है।'' भारतीय टीम आठ अगस्त को बेंगलुरु से आस्ट्रेलिया रवाना होगी जहां भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र पर शिविर चल रहा है। (अनंत ज्ञान)

## टी20 सीरीज का आखिरी मुकाबला

## साहिबजादा फरहान ने खेली तूफानी पारी

# पाक ने वेस्टइंडीज को हराकर सीरीज पर जमाया कब्जा

एजेंसी, लॉडरहिल (अमेरिका)

पाकिस्तान और वेस्टइंडीज के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज का तीसरा और आखिरी मुकाबला अमेरिका के लॉडरहिल में खेला गया। इस मुकाबले में पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 189 रन बनाए।

इसके जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 20 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 176 रन ही बना सकी। इस तरह पाकिस्तान ने 13 रन से शानदार जीत दर्ज करते हुए सीरीज पर 2-1 से कब्जा कर लिया। तीसरे मैच की जीत के हीरो साहिबजादा फरहान ने 53 गेंदों पर तीन चौके और 5 छक्कों की मदद से 74 रनों की तूफानी पारी खेली। इससे पहले सीरीज का पहला मैच पाकिस्तान ने दूसरा मैच वेस्टइंडीज ने जीता था। ये पाकिस्तान की वेस्टइंडीज के खिलाफ 7वीं टी20 सीरीज जीत है। (अनंत ज्ञान)



### पाकिस्तानी ओपनर्स ने दी जोरदार शुरुआत

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम के सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान और सईम अयूब के बीच 16.2 ओवर में 138 रनों की साझेदारी हुई। ये पाकिस्तान के लिए टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में पहले विकेट के लिए चौथी सबसे बड़ी पार्टनरशिप है। साहिबजादा फरहान ने सीरीज के पहले दो मैच में 14 और 3 रन बनाए थे। वहीं, इस मैच में साहिबजादा ने 34 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया और 53 गेंदों पर 74 रनों की विस्फोटक पारी खेली। वहीं, सईम अयूब ने भी 49 गेंदों में 66 रनों की शानदार पारी खेली। पाकिस्तान ने निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 189 रन बनाए।

### अथनाज और रदरफोर्ड के अर्धशतक गए बेकार

पाकिस्तान के 190 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम 20 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 176 रन ही बना सकी और 13 रन से हार गई। विंडीज की ओर से एलिक अथनाज ने सर्वाधिक 60 रन तो शेरफेन रदरफोर्ड ने 51 रन बनाए। उनके अलावा अन्य कोई बल्लेबाज 25 के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सका।

### पाकिस्तान की वेस्टइंडीज पर लगातार 7वीं टी20 सीरीज जीत

वेस्टइंडीज के पास पाकिस्तान के खिलाफ पहली बार 3 मैचों की टी20 सीरीज जीतने का मौका था, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। बता दें कि टी20 के इतिहास में अब तक वेस्टइंडीज की टीम पाकिस्तान के खिलाफ कभी तीन मैचों की सीरीज नहीं जीती है। ये पाकिस्तान की उसके खिलाफ लगातार 7वीं सीरीज जीत है।

## फुटबॉलर लियोनेल मेसी चोट के कारण मैदान से रहेंगे बाहर

एजेंसी, मियामी

इंटर मियामी के कप्तान और अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी को दाहिने पैर में मांसपेशियों में चोट लगी है, जिसके कारण वह अनिश्चितकाल के लिए मैदान से बाहर रहेंगे। मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) क्लब इंटर मियामी ने एक बयान में जानकारी दी कि 38 वर्षीय मेसी को यह चोट शनिवार को लीग्स कप के मुकाबले में नेकाक्सा (मेक्सिको) के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट से पहले लगी। वह मैच की शुरुआत में ही 11वें मिनट में मैदान से बाहर चले गए, हालांकि वह अपने पैरों पर चलकर लॉकर रूम पहुंचे।

बयान में कहा गया, 'मेसी की मांसपेशियों में तकलीफ की गंभीरता जानने के लिए उनका मेडिकल परीक्षण किया गया। रिपोर्ट में दाहिनी जांघ में मामूली चोट की पुष्टि हुई है। उनकी वापसी का समय उनके इलाज और रिकवरी पर निर्भर करेगा। इसका मतलब है कि मेसी के मैदान पर लौटने को लेकर फिलहाल कोई निश्चित समय तय नहीं है।



इंटर मियामी इस सीजन 22 में से 12 मैच जीत चुकी है और 42 अंकों के साथ ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस में पांचवें स्थान पर है। टीम फिलाडेल्फिया से 8 अंक पीछे है, लेकिन उसके पास 3 मैच अतिरिक्त हैं। अगर मेसी लंबे समय तक बाहर रहते हैं तो यह इंटर मियामी के लिए लीग्स कप 2025 में बड़ा नुकसान हो सकता है, खासकर जब टीम 2023 में उनके आने के तुरंत बाद यह खिताब जीत चुकी है। (अनंत ज्ञान)